सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
19.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 303



12 स्वदेशी तकनीक से आगे बढ़ रहा भारत : मोदी



## खबर एक नजर में

### फायरिंग में वायरलेस इंस्पेक्टर हुए पास

**रांची।** फायरिंग ट्रेनिंग में 13 वायरलेस इंस्पेक्टर पास हो गये हैं। इससे पहले पुलिस वायरलेस के नवनियुक्त 13 प्रशिक्षु इंस्पेक्टर फायरिंग की परीक्षा में फेल हो गये थे। जिसके बाद इन सभी इंस्पेक्टर का 28 अप्रैल को एसआईआरबी 2 ने खूंटी में ट्रेनिंग आयोजित की थी। ट्रेनिंग के बाद सभी 13 इंस्पेक्टर फायरिंग की परीक्षा में पास हो गये। फायरिंग ट्रेनिंग में विकाश कुमार, देवकुमार, मृगेंद्र शनि, राखो हरि मुंडा, अंशु कुमारी सिंह, दुर्गेश कुमार, मो निजामुद्दीन, रौशन कुमार उरांव, विकास प्रसाद, रिंकी कुमारी, धनिष कुमार सिंह, दीनबंधु हांसदा और लीना कुमारी सोरेन पास हुए हैं।

### साक्ष्य के अभाव में विधायक चमरा लिंडा बरी

**रांची।** एमपी-एमएलए मामले के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत ने गुरुवार को झामुमो जेएमएम विधायक चमरा लिंडा को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले से बरी कर दिया है। फैसले पर सुनवाई के दौरान चमरा लिंडा अदालत पहुंचे और कटघरे में लगभग 10 मिनट तक खड़े हुये। इसके बाद अदालत ने साक्ष्य के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। साल 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशी चमरा लिंडा के खिलाफ नामांकन के दौरान सरकारी आदेश एवं चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### राहुल गांधी केस की हाइकोर्ट में सुनवाई जून में

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने समय की मांग की। जिसपर कोर्ट ने दो सप्ताह का समय वादी को प्रदान किया है। दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है। जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। इसे लेकर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायतवाद दर्ज कराई थी, जिस पर चाईबासा कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था। इसी संज्ञान आदेश को राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

### हाइकोर्ट का आदेश- दिव्यांग बच्चों के लिए इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया 6 माह में पूरी करें

**रांची।** दिव्यांग बच्चों को झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षा से वंचित रखने को लेकर छाया मंडल की ओर से दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार के जवाब को देखते हुए याचिका निष्पादित कर दी। राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के रूल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति कर ली जाएगी। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया 6 माह में पूरी कर लें।

### अभिषेक झा की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी

**रांची।** मनरेगा घोटाले से अवैध कमाई करने के मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। जिसके बाद कोर्ट ने मामले को मैं फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं विभास सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में ईडी ने अनुसंधान पूरा करते हुए उनके चार्जशीट दाखिल कर दी है। ऐसे में उन्हें अग्रिम जमानत दी जाए। पूर्व में 5 नवंबर 2022 को ईडी की विशेष अदालत में अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। जिसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका की गुहार लगाई गई है।

### यौन शोषण मामले का ट्रायल दुमका से बोकारो ट्रांसफर करने के मामले में हुई हाइकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाने वाली पीड़ित महिला की ओर से ट्रायल को दुमका, सेशन कोर्ट से सेशन जज, बोकारो के पास ट्रांसफर करने को लेकर दायर ट्रांसफर पिटिशन की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में होटल शिव सृष्टि पैलेस, कुंदा, देवघर के जनरल मैनेजर तुषा सिन्हा को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। पीड़िता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि वह बोकारो में अकेली रहती है, उसके अभिभावक बुजुर्ग हैं। उसके द्वारा देवघर महिला थाने में दर्ज केस की ट्रायल दुमका के सेशन कोर्ट में चल रही है। ट्रायल अभी लंबित है। बोकारो से दुमका की दूरी काफी ज्यादा होने के कारण उसे काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में ट्रायल को सेशन जज बोकारो के पास ट्रांसफर किया जाये।

### पंचायत सचिव के लिए चयनित उम्मीदवारों का आज होगा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**रांची।** पंचायत सचिव पद के लिए चयनित उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 19 मई को होगा। इसे लेकर रांची डीसी ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पंचायत सचिव उम्मीदवारों का 19 मई सुबह 11 बजे से कचहरी रोड स्थित विकास भवन में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। उम्मीदवारों को अपने साथ दो फोटो और डॉक्यूमेंट लाना अनिवार्य है। आपको बता दें कि पंचायत सचिव के 1633 चयनित अभ्यर्थियों को सीएम हेमंत सोरेन 24 मई को नियुक्ति पत्र देंगे। पंचायती राज विभाग ने नियुक्ति से संबंधित निर्देश जारी कर दिया है। पूर्व में जिन उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है, उनसे जिला का प्रेफरेंस मांगा गया था। इसके बाद उन्हें जिला अलॉट किया गया। अभी भी कुछ उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन चल रहा है। शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच 22 मई से पहले पूरा करना है।

### डीजीपी से मिले छत्तीसगढ़ के 21 एपीपी



**रांची।** छत्तीसगढ़ से आए 21 सहायक अभियोजन पदाधिकारियों (एपीपी) ने गुरुवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान परिचय के साथ-साथ विधिक विषयों, अनुसंधानकों, अभियोजनों के समन्वय से फुलप्रूफ अनुसंधान करने, विचारण के दौरान साक्ष्य और साक्ष्यों को सही ढंग से प्रस्तुत कर अभियुक्तों को अधिकतम सजा दिलाने पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर, आईजी ट्रेनिंग प्रिया दुबे, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा

# स्वीकृत योजनाओं को 15 जून तक पूरा करें अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई : कृषि सचिव

### कैलेंडर बनाकर प्रखंड स्तर पर मेला- प्रदर्शनी लगाने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने कहा है कि लंबित योजनाओं को किसी भी हाल में 15 जून तक पूरा करें। श्री सिद्दिकी गुरूवार को विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। यह बैठक नेपाल हाउस सभागार में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी एवं जिला सॉयल कन्जर्वेटिव पदाधिकारियों के साथ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जायेगी, तो संबंधित पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 की तालाब, डीप बोरिंग, परकुलेशन की योजनाओं की स्वीकृति 31 मई तक सुनिश्चित करें।

सचिव ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में कृषि से संबंधित मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित करें। ताकि किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। विभागीय निदेशक यह सुनिश्चित करें कि विभिन्न जिलों को आवंटित राशि का व्यय नियमानुसार हो। निदेशक इसकी मॉनिटरिंग खुद करेंगे। उन्होंने कहा कि कैलेंडर तैयार कर मेले और प्रदर्शनी की तारीख तय की जाये। इसका व्यापक तौर पर प्रचार-प्रसार किया जाये। 15 जून तक सभी प्रखंडों में मेले का आयोजन सुनिश्चित होना चाहिये। प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में प्रधानमंत्री कृषि फसल राहत योजना का फ्लैक्स लगाया जाये ताकि किसान पूरी जागरूकता के साथ योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने प्रोमोशन ऑफ द अर्बन फार्मिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए जिलास्तर पर एक कमेटी गठित करें ताकि योजना फलीभूत हो सके। उद्यान विकास योजना के लिए विशेषज्ञों की राय लेने का भी उन्होंने निर्देश दिया। सॉयल कन्जर्वेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी चालू योजनाएं हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाये। इसका बिल जेनरेट कर भुगतान सुनिश्चित करें। साथ ही, पीएल एकाउंट से ली गयीं जलनिधि की योजनाओं को पूरा करें। 31 मई तक सभी आवेदित डीप बोरिंग की स्वीकृति मिलेए यह सुनिश्चित करें।

बैठक में कृषि निदेशक चंदन कुमार, विभाग के विभिन्न निदेशालयों के निदेशक सहित सभी जिला के कृषि पदाधिकारी, सॉयल कन्जर्वेटिव पदाधिकारी व जिला उद्यान पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य के चार विश्वविद्यालयों में वीसी और प्रो-वीसी की जल्द होगी नियुक्ति

### राजभवन सचिवालय ने जारी किया नियुक्ति का विज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के चार विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति होगी। इसके अलावा प्रति कुलपति की नियुक्ति के लिए भी विज्ञापन जारी किया गया है। राज्यपाल सचिवालय, झारखंड की ओर से सूचना जारी कर कहा गया है कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग के अलावा सिदो कान्हो मुर्मू यूनिवर्सिटी, दुमका, नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी, पलामू और कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाईबासा में वीसी की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन करने होंगे। इसके अलावा रांची यूनिवर्सिटी के साथ साथ विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग, नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी, पलामू



और कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाईबासा के लिए प्रो- वीसी की नियुक्ति होनी है। एकेडमिक, एडमिनिस्ट्रेटिव और अन्य जरूरी अनुभव रखनेवाले कैंडिडेट वीसी, प्रो- वीसी के पदों के लिए निर्धारित वेबसाइट की मदद से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी भी वेबसाइट के माध्यम से ली जा सकती है।

**खत्म हो रहा 5 कुलपतियों का कार्यकाल :** बताते चलें कि राज्य में जून 2023 के अंत तक राज्य के पांच कुलपति व दो प्रति कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। नियुक्ति प्रक्रिया अबतक शुरू नहीं होने, सर्च कमेटी का गठन नहीं होने और विज्ञापन जारी नहीं होने की आशंका को देखते हुए शिक्षाविदों के मन में नियुक्ति को लेकर सवाल उठने लगे थे। सिद्धो कान्हो मुर्मू यूनिवर्सिटी, दुमका के वीसी का कार्यकाल जून के पहले सप्ताह के बाद खत्म हो जाएगा। इसी तरह विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग के कुलपति मई तक ही सेवा दे सकेंगे। यहां प्रो वीसी का पद पहले से रिक्त है। रांची यूनिवर्सिटी के प्रो वीसी का कार्यकाल जून के आखिर तक ही है। अब विभिन्न यूनिवर्सिटी के लिए वीसी, प्रो वीसी के पद के लिए विज्ञापन जारी होने से इस समस्या के निदान की उम्मीद है।

### नमाज कक्ष मामले में विस ने हाइकोर्ट को बताया- सात सदस्यीय कमेटी बनी

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से दायर शपथ पत्र कोर्ट के रिकॉर्ड में नहीं आ सका था। जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को फिर से जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 22 जून को निर्धारित की है। विधानसभा के शपथ पत्र में बताया गया है कि विधानसभा में 7 विधायकों की सर्वदलीय कमेटी बनाई गई है जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में 31 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट देगी। पिछली सुनवाई में विस की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है।

## राज्य सरकार बताये किस नियोजन नीति के तहत हो रही नियुक्ति: भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गठबंधन सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। श्री प्रकाश ने कहा है कि किस नियोजन नीति के तहत नियुक्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 19 मई को खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में राज्य के 3469 हाई स्कूल शिक्षकों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में मंच से बतायें कि ये नियुक्ति पत्र किस नियोजन नीति के तहत बांटे जा रहे है।

उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों की नियुक्तियां रघुवर सरकार की देन है। इससे संबंधित विज्ञापन पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के कार्यकाल 2016 में निकाला गया था लेकिन कतिपय कारणों से जब मामला न्यायालय में गया तो ये वर्त्तमान सरकार ही है, जिसने बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए महंगे वकीलों के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया का विरोध कराया था। उन्होंने कहा उच्चतम न्यायालय ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसले दिया और नियुक्ति के लिए राज्य सरकार को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया कि रघुवर सरकार की नियुक्ति प्रक्रिया सही थी। उन्होंने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार नियोजन नीति के नाम पर बेरोजगारों को दिग्भ्रमित करती है। उन्होंने कहा कि आखिर साढ़े तीन वर्षों तक नियुक्तियों को लटकाने भटकाने का जिम्मेवार कौन है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अभ्यर्थियों को प्रताड़ित करने की जिम्मेवार गठबंधन सरकार है।

### पत्नी और बच्चों से सप्ताह में दो बार मिलना चाहते हैं छवि रंजन

**रांची।** जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री करवा कर उससे प्राप्त अवैध राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन परिवार से मिलने को बेचैन हैं। पत्नी और बच्चे से सप्ताह में कम से कम दो बार मिलना चाहते हैं। साथ ही सप्ताह में अपने वकील से मुलाकात करना चाहते हैं। मुलाकाती बाधा को दूर करने के लिए उनके वकील की ओर से दाखिल अर्जी पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपने फैसला 22 मई को सुनायेगी। इससे पूर्व दाखिल अर्जी पर सुनवाई के दौरान छवि रंजन के वकील ने कहा कि सप्ताह में दो दिन पत्नी व बच्चे से मुलाकात करने की अनुमिति प्रदान की जाये। साथ ही सप्ताह में वकील से भी मुलाकात करने की अनुमति दी जाये। इसका जबरदस्त विरोध ईडी के वकील शिव कुमार काका ने किया। दलीलें दी कि जेल मैनुअल इसकी इजाजत नहीं देता है। दोनों की दलीलें सुनने के बाद अदालत में आदेश सुरक्षित रख लिया। मालूम हो कि निलंबित आइएएस छवि रंजन को उक्त आरोप में ईडी ने 4 मई को गिरफ्तार किया था। पांच मई को अदालत में पेश किया गया था। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। 16 मई को 10 दिनों की ईडी रिमांड खत्म होने के बाद पुनः जेल भेज दिया गया। ईडी ने 4 मई को अपने कब्जे में लिया था।

## आदिवासी सेंगल अभियान ने अपनी मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष धरना दिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आदिवासी सेंगल अभियान ने अपनी पांच मांगों को लेकर गुरुवार को राजभवन के समक्ष धरना दिया। इस धरना कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि सरना धर्म कोड की जगह सरना आदिवासी धर्म कोड को 11 नवंबर 2020 को झारखंड विधानसभा से पारित कराकर बिना राज्यपाल के हस्ताक्षर के दिल्ली भेजना सिर्फ इस मामले को लटकाने, भटकाने और तुष्टिकरण के लिए किया गया था। उसी तरह उन्होंने पारसनाथ पहाड़ का मामला, ओलचिकी को अभी तक राजभाषा का दर्जा नहीं देने का मामला, कुर्मी-महतो समुदाय को आदिवासी बनाने की अनुशंसा पर हस्ताक्षर कर असली आदिवासियों के गले में फांसी का फंदा लटकाने और आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में जनतांत्रिक और संवैधानिक सुधार लाने के बदले वंशानुगत नियुक्त माझी परगाना, मानकी मुंडा आदि को प्रलोभन देकर अपने वोट बैंक की सुविधा के लिए उनको भटकाने का राज्य सरकार पर आरोप लगाया है। सालखन मुर्मू ने कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान 30 जून को कोलकाता ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आहूत विश्व सरना धर्म कोड जनसभा में भी लाखों लोगों के बीच इन सभी सवालों को उठायेगा। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड को हर हाल में 2023 में लेने के लिए बृहद आदिवासी एकता और निर्णायक जनांदोलन चाहिए। इसके लिए रांची में 26 मई को सरना एकता बैठक होगी। इसमें सभी सरना संगठन और बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जायेगा।

### आज रांची आयेंगे झारखंड जदयू प्रभारी



**रांची।** बिहार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी शुक्रवार को रांची पहुंचेंगे। तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन रामगढ़ जायेंगे, कुजू के नया मोड़ में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। उनके साथ प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे।

**चतरा में कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद लौटेंगे बिहार :** झारखंड प्रवास के दौरान 20 मई को अशोक चौधरी रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना के बाद हजारीबाग जाएंगे। वहां कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। 21 मई को वह चतरा में जदयू कार्यकर्ता के सम्मेलन में भाग लेंगे। चतरा से सड़क मार्ग से बिहार लौट जाएंगे। जिलों में प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह है। कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी।

## प्रदीप यादव-बंधु तिर्की के दल-बदल मामले में हुई सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्पीकर कोर्ट में गुरूवार को प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के दल-बदल मामले में सुनवाई हुई। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान गवाही कराने पर जमकर बहस हुई। पूर्व निर्धारित पर स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो की मौजूदगी में दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान वादी पक्ष की ओर से इस मामले में गवाही कराकर जल्द से जल्द फैसला देने का आग्रह किया गया। प्रदीप यादव और बंधु तिर्की की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता सुमित गड़ौदिया ने गवाही का विरोध करते हुये न्यायाधिकरण से बाबूलाल मरांडी केस में जिस तरह से स्पीकर कोर्ट ने वगैर गवाही कराये सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा है। इसी तरह इस केस में भी गवाही नहीं कराने का आग्रह किया। स्पीकर कोर्ट में इस केस में गवाही हो या नहीं हो इस मुद्दे पर दोनों पक्षों की ओर से जमकर बहस हुई। इन सबके बीच इस केस के याचिकाकर्ता सरोज सिंह ने स्पीकर कोर्ट में अपनी लिखित गवाही सुपुर्द कर अन्य लोगों की भी गवाही कराने का आग्रह किया। स्पीकर कोर्ट ने अगली तारीख तक के लिए सुनवाई स्थगित करने की घोषणा की।

मालूम हो कि विधायक प्रदीप और बंधु मामले में 09 महीने बाद सुनवाई हुई। झारखंड विकास मोर्चा से कांग्रेस में शामिल होने वाले विधायक प्रदीप यादव और वर्तमान में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के ऊपर चल रहे दल-बदल मामले में अब तक आरोप के बिंदु तय हो गये हैं। वादी और प्रतिवादी की ओर से आरोप के बिंदुओं पर पक्ष रखना है। इस केस में झारखंड विकास मोर्चा से कांग्रेस में शामिल होने वाले प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के खिलाफ भाजपा विधायक समरी लाल, भाजपा नेता सरोज सिंह और विनोद शर्मा ने दल-बदल की शिकायत की है।

## सूरज के तेवर गर्म, हीटवेव से अभी राहत नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सूरज के तेवर गर्म है। अधिकांश जिलों में हिट वेब जारी है। राज्य के अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन, वज्रपात के साथ तेज हवा की गति 30-40 किमी प्रति घंटा के हिसाब से चलने की संभावना है। इसी तरह 19 से 22 मई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, वज्रपात के साथ तेज सतही हवा चलने की संभावना है। कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। अभिषेक आनंद ने आगे कहा कि राजस्थान की तरफ से आने वाली गर्म हवा तपिश बढ़ा रही है और आने वाले 4-5 दिनों में तापमान में गिरावट की कोई संभावना नहीं है।



## मिशन-2024 की तैयारी में जुटा प्रदेश कांग्रेस, सांगठनिक मजबूती के लिए प्रदेश अध्यक्ष कर रहे सभी जिलों का दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर संगठन सशक्तिकरण अभियान और इसके सत्यापन को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर बेहद गंभीर हैं। प्रदेश अध्यक्ष स्वयं सभी जिलों का दौरा कर कर जिलाध्यक्षों के साथ बैठक कर मिशन-2024 की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दे रहे हैं। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि जिला समितियों के पुनर्गठन के उपरांत संबंद्ध जिला में प्रखंड कमिटी एवं मंडल कमिटी का भी गठन किया गया है। पूरे



प्रदेश में जिला प्रखंड एवं मंडल समितियों में लगभग 30 हजार पदाधिकारियों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात अब वार्ड एवं बूथ स्तर पर स्थायी समिति के गठन के तहत प्रत्येक बूथों पर दस यूथ का चयन किया जा रहा है।

राजीव रंजन ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में संबंद्ध जिलों के प्रभारी कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी, महासचिवों का लगातार जिलों में प्रवास हो रहा है। निरंतर सभी जिलों में बैठकों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का अब तक छह जिलों का दौरा संपन्न हो चुका है।

प्रदेश अध्यक्ष ने अपने दौरे के क्रम में गुरुवार 18 मई को धनबाद एवं बोकारो जिला की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज पूरा देश कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाह से देख रहा है। लोग केंद्र की भाजपानीत सरकार एवं राज्यों में भाजपा सरकारों की नीतियों एवं निर्णयों से बेहद नाराज हैं। यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में जनता ने कांग्रेस को स्पष्ट जनादेश देने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के सहयोग से गठबंधन की सरकार चल रही है। इसलिए हमारी जिम्मेवारी भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें राहुल गांधी को बतौर प्रधानमंत्री देखना है तो राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों को पूरा करने की लड़ाई को बूथ स्तर तक लड़ना होगा। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को लेकर हर स्तर संघर्ष तेज करना होगा ताकि मिशन-2024 में कांग्रेस को कामयाबी मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कहीं कोताही या गडबड़ी दिखे तो उसके विरुद्ध आवाज उठानी होगी। उन्होंने जिला, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष को यह निर्देश दिया कि हर माह के 5 से 10 तारीख के बीच जिला पदाधिकारियों की बैठक एवं 10 से 15 तारीख के बीच प्रखंड एवं मंडल समिति की बैठक आयोजित हो।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
19.05.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 303

12 स्वदेशी तकनीक से आगे बढ़ रहा भारत : मोदी

## न्यूज डायरी

### एक जून से बढ़ जायेंगी राज्य में बिजली की दरें

रांची। झारखंड में एक जून से बिजली की दरें बढ़ जायेगी। जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर जनसुनवाई सहित अन्य सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। मई के अंतिम सप्ताह में किसी भी दिन झारखंड विद्युत नियामक आयोग नया बिजली टैरिफ ऑर्डर जारी करने की संभावना है। यह बढ़ोतरी वर्तमान बिजली दर से 25 पैसे लेकर 75 पैसे प्रति यूनिट तक हो सकती है।

### छवि रंजन ने पत्नी-बच्ची से मिलने की मांगी इजाजत

रांची। जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस छवि रंजन ने पीएमएलए कोर्ट में एक याचिका दायर की है। छवि अपनी पत्नी और बच्ची से सप्ताह में दो दिन मिलना चाहते हैं। इसकी अनुमति के लिए दाखिल याचिका पर अब सुनवाई 22 मई को होगी।

### वंदे भारत ट्रेन देश की गति-प्रगति का प्रतीक

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे भारत रेल गाड़ी को देश की गति और प्रगति का प्रतीक बताते हुए गुरुवार को कहा कि यह गाड़ी जब किसी स्टेशन से गुजरती है, तब वहां इस गाड़ी में आधुनिक एवं प्रगतिशील भारत दिखाई देता है।

### बंगाल में जल्द रिलीज होगी द केरल स्टोरी

पश्चिम बंगाल। राज्य में फिल्म 'द केरल स्टोरी' के रिलीज होने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने के पश्चिम बंगाल सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है।

### इस साल कहीं कम कहीं अधिक बारिश

नयी दिल्ली। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी साऊथ एशियन सीजनल क्लाइमेट आऊटलुक फोरम ने कहा कि भारत की 18.6 प्रतिशत आबादी को इस साल सामान्य से कम और 12.7 प्रतिशत आबादी को सामान्य से अधिक बारिश का सामना करना पड़ सकता है।

### खूंटी में डायन बताकर एक महिला की हत्या

खूंटी। खूंटी थानांतर्गत बारूडीह की वृद्धा कैरी मुंडू (70) की बुधवार को गांव में ही लाठी से पीटकर हत्या कर दी गयी। हत्या के नामजद आरोपी राजन मुंडू (30) को खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव ने गिरफ्तार कर लिया है।

### जैक जल्द जारी करेगा मैट्रिक-इंटर का रिजल्ट

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) मैट्रिक और इंटर का परीक्षा परिणाम जल्द जारी करेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। रिजल्ट 20 या 21 मई को जारी होने की संभावना है। 14 मार्च से तीन अप्रैल के बीच मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में आठ लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

### जातीय जनगणना में बिहार को राहत नहीं

पटना। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर बिहार की जाति आधारित गणना का मामला पटना हाईकोर्ट पर छोड़ दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा कि हाइकोर्ट के फैसले का इंतजार करें। हाईकोर्ट 3 जुलाई को फैसला नहीं देगा तो सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को यहां दलील सुनेगा।

### गिरिडीह में ट्रेन से कट नाबालिग ने दी जान

गिरिडीह। बेंगाबाद थाना के भंडारीडीह में 10वीं की छात्रा सुबी परवीन (16) ने गुरुवार को ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बलाईडीह निवासी सुबी ने गिरिडीह मधुपुर रेलखंड पर भंडारीडीह के समीप से कटकर अपनी जान दे दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## डोरंडा में बड़ा पूजा महोत्सव शुरू



फोटो : समीर

# टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनर से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान भारत और फ्रांस के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया है। फ्रांस की यूरोप और विदेश मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना ने फ्रांस के राष्ट्रपति की ओर से मंगलवार शाम सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनर एन चंद्रशेखरन को प्रदान किया।

टाटा समूह ने एक ट्वीट किया है कि हमारे अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को फ्रांस की यूरोप और विदेश मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना ने शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनर से सम्मानित किया है। भारत और फ्रान्स के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें फ्रान्स का यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया है। पुरस्कार देने के बाद कोलोना ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि टाटा समूह की कंपनियां फ्रेंको-इंडियन साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुझे फ्रांस के राष्ट्रपति की ओर से टाटा समूह के सीईओ को शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनरल का प्रतीक चिह्न प्रदान करने की खुशी है। प्रिय नटराजन चंद्रशेखरन, आप फ्रान्स के मित्र हैं।

भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन ने भी ट्विटर पर इसे लेकर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, प्रिय नटराजन चंद्रशेखरन, आप फ्रान्स के सच्चे मित्र हैं। (शेष पेज 11 पर)

कर्नाटक सस्पेंस खत्म : 20 को शपथ ग्रहण समारोह

# सिद्धारमैया सीएम व डीके डिप्टी सीएम पद संभालेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली, बेंगलुरू। कर्नाटक में सियासी तस्वीर को साफ करते हुए कांग्रेस ने गुरुवार को ऐलान किया कि कर्नाटक की सत्ता का ताज सिद्धारमैया के सिर पर सजेगा। वहीं प्रदेश पार्टी अध्यक्ष डीके शिवकुमार नयी सरकार में उप मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्यमंत्री कौन होगा इस पर संशय खत्म हो गया है। बेंगलुरू में 20 मई को शपथ ग्रहण का आयोजन होगा। कई दिनों तक चली अनिश्चितता पर विराम लगाते हुए पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह घोषणा की। गतिरोध को खत्म करने में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सतत प्रयास के साथ ही सोनिया गांधी और राहुल गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिवकुमार उस समय नरम पड़े जब खरगे और विशेषकर सोनिया गांधी ने उन्हें पूरा सम्मान मिलने और सभी चिंताओं का निराकरण करने का विश्वास दिलाया।

**अड़ गये थे शिवकुमार :** कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, शिवकुमार मुख्यमंत्री पद को लेकर अड़े हुए थे। उनका कहना था कि उन्होंने तीन वर्ष तक मेहनत की है और पार्टी को उनके अध्यक्ष रहते शानदार जीत मिली है, ऐसे में उन्हें सबसे महत्वपूर्ण पद मिलना चाहिए। (शेष पेज 11 पर)



### शनिवार को शपथ ग्रहण

कांग्रेस के कर्नाटक मामलों के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि 20 मई को बेंगलुरु में शपथग्रहण होगा। सिद्धारमैया और शिवकुमार के साथ कई और मंत्री भी शपथ लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कि शपथ ग्रहण समारोह में समान विचारधारा वाले दलों के नेताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। सिद्धारमैया और शिवकुमार को कर्नाटक में कांग्रेस के लिए बड़ी 'पूंजी' बताते हुए उन्होंने कहा कि दोनों की जोड़ी का विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने यह भी कहा कि शिवकुमार उपमुख्यमंत्री होने के साथ अगले लोकसभा चुनाव तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर भी बने रहेंगे।

### मोदी ने रिजिजू, बघेल और मेघवाल के विभाग बदले

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में थोड़ा बदलाव किया है। विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू, इसी विभाग में राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल और संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन मेघवाल के विभागों में बदलाव किया गया है। राष्ट्रपति भवन की गुरुवार को यहां जारी दो अलग-अलग विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की सलाह के अनुसार राष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद में मंत्रियों के बीच कुछ विभागों के पुनर्आवंटन का निर्देश दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का कार्यभार श्री रिजिजू को सौंपा गया है। वहीं मेघवाल को रिजिजू के स्थान पर उनके मौजूदा विभागों के अलावा विधि एवं न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार सौंपा है। श्री बघेल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया है। न्यायिक नियुक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के साथ लगातार टकराव का सामना करने वाले रिजिजू 7 जुलाई 2021 को कानून मंत्री बने थे। उस समय खेल मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री रिजिजू को भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के इस्तीफे के बाद यह प्रतिष्ठित जिम्मेदारी मिली थी। रिजिजू ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों में नियुक्तियां करने की कॉलेजियम प्रणाली भारत के संविधान से अलग है।

# सीएम आज सौंपेंगे 3469 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र

- स्थानीय भाषा के शिक्षकों की भी हो रही नियुक्ति
- माध्यमिक शिक्षा के सशक्तीकरण में बढ़ते कदम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य भर में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शुभारंभ के बाद राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था में नयी कड़ी जोड़ने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को 3,469 माध्यमिक शिक्षकों को टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। नियुक्त होने वाले सभी शिक्षक राज्य भर के सरकारी स्कूलों में पदस्थापित किये जायेंगे। स्कूलों में बच्चों को उनकी भाषा में शिक्षा देने के लिये स्थानीय भाषा के शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इनमें संताली, मुंडारी, कुड़ुख एवं अन्य भाषा शामिल हैं।

**रांची और पूर्वी सिंहभूम को सर्वाधिक शिक्षक :** जिलावार शिक्षकों की जरुरतों को देखते हुए सरकार उन्हें प्रस्थापित करने जा रही है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विषयों यथा इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में 779, संस्कृत में 398, भूगोल में 341, हिन्दी में 337, अर्थशास्त्र में 260, गणित एवं भौतिकी में 268, अंग्रेजी में 249, जीव एवं रसायन विज्ञान में 232, शारीरिक शिक्षा में 184, वाणिज्य में 118, संगीत में 97, उर्दू में 27, गृह विज्ञान में 50, संथाली में 42, बांग्ला में 29, कुड़ुख में 28, नागपुरी में 11, मुंडारी में 11, कुरमाली 04, उड़िया में 02, पंचपरगनिया में 01 तथा हो विषय में 01 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित होगा। जबकि रांची में सर्वाधिक 279, पूर्वी सिंहभूम में 263, धनबाद 240, सरायकेला-खरसावां में 230, गोड्डा में 228, प>िमी सिंहभूम में 200 समेत कुल 3, 469 शिक्षकों को राज्य भर के स्कूलों में पदास्थापित किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

### दिल्ली में झारखंड के हक का मुद्दा उठायेंगे सीएम

27 को नीति आयोग की बैठक में भाग लेंगे



रांची। राष्ट्रीय नीति आयोग की 27 को दिल्ली में होने वाली बैठक में झारखंड से सीएम हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह शामिल होंगे। इसमें झारखंड सरकार का बकाया, कोयला रॉयल्टी सहित कई मुद्दों को फिर से गंभीरता से रखा जायेगा। सात महीने पहले हुई नीति आयोग के उपाध्यक्ष के साथ बैठक में भी झारखंड सरकार ने कई मुद्दों को उठाया था लेकिन इसको लेकर अभी तक कोई पहल केंद्र सरकार ने नहीं की है। इसलिए यह बैठक काफी अहम है। झारखंड सरकार की कई परियोजनाएं केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सरकार ने जल्द से जल्द इन परियोजनाओं पर सहमति की मांग की है, ताकि झारखंड के विकास की रफ्तार तेज हो सके। साथ ही केंद्र सरकार से बकाया चुकाने की मांग की जायेगी। जीएसटी कंपनसेशन के रूप में 1880 करोड़ रुपये बकाया, कोयला कंपनियों द्वारा राज्य में 53 हजार एकड़ जमीन का इस्तेमाल के एवज में बतौर टैक्स आठ हजार करोड़ रुपये की मांग की जा सकती है।

### लैंड पर जॉब घोटाला : इडी के सामने पेश हुईं राबड़ी

नयी दिल्ली, पटना। रेलवे में फर्जी तरीके से नियुक्ति देने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के दफ्तर में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से गुरुवार को घंटों पूछताछ की गयी। वह सुबह 11 बजे ही ईडी दफ्तर पहुंच गयीं थी। जहां उनसे घोटाले से संबंधित सवालों का सामना करना पड़ा। इस मामले में सीबीआइ और ईडी ने इनके करीबियों पर पूरी तरह शिकंजा कस दिया है। बरामद सबूतों के आधार पर पूछताछ हुई। लालू यादव और राबड़ी देवी दोनों अभी दिल्ली में ही हैं। दिल्ली में ईडी ने राबड़ी से अकेले में पूछताछ की है। गौरतलब है कि इडी ने लालू के करीबियों से लगभग पूछताछ कर ली है। लालू के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन घोटाले का आरोप है। सीबीआई ने भी अक्टूबर 2022 में लालू और राबड़ी समेत 14 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इडी ने भी इससे संबंधित लालू और राबड़ी के करीबियों के ठिकानों पर छापा मार तमाम तथ्य और सबूत जुटाये हैं। आरोप पत्र में लालू की दो बेटियां मीसा भारती और हेमा यादव भी शामिल हैं। सीबीआई के आरोप पत्र के मुताबिक ग्रुप डी में 12 लोगों को नौकरी दी गयी। बदले में अभ्यर्थियों से 1 लाख 5 हजार 292 वर्ग फीट जमीन लिखवायी गयी। सीबीआई ने दो दिन पहले भी लालू के करीबी राजद नेता राज्यसभा सांसद प्रेमचंद गुप्ता और राजद विधायक किरण देवी के ठिकानों पर छापा मारा था।

# हाइकोर्ट ने नक्शा मंजूरी पर से रोक हटायी

## अब 30 दिनों में होगा पास, सरकार को कई निर्देश

- नक्शा स्वीकृति पर नगर निगम और आरआरडीए पर रोक थी
- अब नगर विकास विभाग जल्द जारी करेगा गाइडलाइन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में नक्शा पास करने के लिए अवैध वसूली करने मामले में स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम और आरआरडीए से नक्शा पास किये जाने पर लगी रोक हटा दी है। इस बावत हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कई निर्देश भी दिये हैं। मसलन, 30 दिन के भीतर नक्शा स्वीकृति की प्रकिया पूरी होनी चाहिए। हाइकोर्ट के निर्देश के बाद नगर विकास विभाग गाइडलाइन जारी करेगा उसके बाद स्वीकृति शुरू होगी।

**अगली सुनवाई 30 जून को :** कोर्ट ने लाल चिंतामणि नाथ शाहदेव और राधिका शाहदेव की गिफ्ट डीड से जुड़ी हस्तक्षेप याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 30 जून निर्धारित की है। नगर निगम की ओर से प्रशांत कुमार सिंह और एलसीएन शाहदेव जबकि याचिकार्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव ने पक्ष रखा। (शेष पेज 11 पर)



### लोगों को बड़ी राहत

हाइकोर्ट के इस फैसले के बाद रांची एवं आसपास के लोगों को बड़ी राहत मिली है। चैंबर ने भी अदालत के इस फैसले का स्वागत किया है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। निगम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा। दरअसल, नक्शा स्वीकृति में पैसे के खेल का आरोप लगने पर कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए इसपर रोक लगा दी थी। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नक्शा स्वीकृति के दौरान होने वाली कई पेचिदगियों को शिथिल कर दिया गया है। अब नक्शा स्वीकृति से पहले मैप की ऑनलाइन जांच होगी।

# 30 तक न्यायिक हिरासत में जेल गया अमन श्रीवास्तव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। एटीएस के हाथों दबोचा गया कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को गुरुवार को एटीएस की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। अदालत ने उसकी अगली पेशी की तारीख 30 मई निर्धारित की है। यह पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। झारखंड एटीएस ने अमन श्रीवास्तव को मंगलवार को महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे मुंबई कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। साथ ही, उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बुधवार को रांची लाया गया था। ट्रांजिट रिमांड की अवधि खत्म होने से पहले उसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। झारखंड पुलिस की आंतकवाद निरोधक दस्ता ने 17 जनवरी 2022 को अमन श्रीवास्तव समेत उसके गैंग के 16 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में वह फरार चल रहा था।

- गैंगस्टर के पुलिस रिमांड पर आज होगी सुनवाई



**पुलिस रिमांड के आवेदन पर सुनवाई आज :** एटीएस गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव से उसके काले कारनामों का खुलासा करने के लिए उससे पूछताछ करेगी। (शेष पेज 11 पर)

## इमरान ने चेताया- एक और टूट की ओर बढ़ रहा है पाक, सेना बोली

# दो ही विकल्प, लंदन भागो या फांसी का सामना करो

- आतंकियों को निकालने को ऑपरेशन जमान पार्क की तैयारी

एजेंसी

इस्लामाबाद। लाहौर में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान इमरान खान के घर में छिपे आतंकियों को सौंपने की अल्टीमेटम की अवधि खत्म हो गया है। इमरान खान अपने जमान खान वाले घर में मौजूद हैं और उनके आसपास बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है।

फौजी जवान भी वहां पहुंच गये हैं। आपरेशन की तैयारी कर ली गयी है। इसका नाम 'ऑपरेशन जमान पार्क' दिया गया है। पाक सेना के अनुसार इमरान के पास दो ही विकल्प हैं। या तो लंदन भागो या फांसी का सामना करो। वहीं पूर्व पीएम ने एक वीडीओ जारी कर 1971 की याद दिलायी और कहा कि ऐसे में पाकिस्तान का एक और टूट संभव है। पाकिस्तान, तबाही की तरफ बढ़ रहा है और पूर्वी पाकिस्तान (मौजूदा बांग्लादेश) जैसी स्थितियां फिर पैदा हो सकती हैं। इमरान खान ने पाकिस्तान की सत्ताधारी गठबंधन पर उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। ऐसे में लोग आशंका जता रहे हैं कि अब पाकिस्तान की शहबाज सरकार और इमरान खान के बीच आर-पार की जंग के आसार बढ़ गये हैं। (शेष पेज 11 पर)



### हिंसा को दोहराने नहीं देंगे : आर्मी चीफ

पाक आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने नौ मई को हिंसा भड़काने वालों को चेतावनी दी है कि नौ मई की हिंसा को भविष्य में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सियालकोट गैरिसन के दौरे पर आए सेना प्रमुख ने यह बात कही। आर्मी चीफ ने कहा, किसी को भी हमारे शहीदों और उनके स्मारकों का अनादर करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। वे सशस्त्र बलों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सरकारी अधिकारियों और पाकिस्तान की जनता के लिए प्रेरणा और गर्व के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि नौ मई के 'ब्लैक डे' पर देश को शर्मसार करने के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को निश्चित रूप से न्याय के कटघरे में लाया जायेगा।

# जिस जेल के कभी सुपरिटेंडेट थे अनिल, अब उसी के हैं कैदी

खबर मन्त्र संवाददाता

साहिबगंज। मंडल कारा में बंद आईएएस अनिल कुमार वर्ष नवंबर 2009 से अक्टूबर 2010 तक जेल सुपरिटेंडेंट हुआ करते थे। इनका शासन कैदियों पर चला करता था। आज समय का रुख ऐसा हुआ कि जिसे जेल के लोग कैदी या अन्य कर्मी सलामी देते थे आज वो जेल में कैदी बनकर पहुंचे हैं। अनिल कुमार तीन साल तक साहिबगंज कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। इस पद पर रहते कई पद पर प्रभार पर थे, जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पंचायती पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य पदों पर प्रभार में रहकर काम कर रहे थे। जेल में बंद आइएएस अनिल कुमार की रात बड़ी मुश्किल से कट रही है। रात को देर रात होने पर सोने की कोशिश करते हैं। जेल प्रबंधक के खाना देने पर खाना आधा अधूरा खाकर छोड़ देते हैं। अनिल ने डायबिटीज और इंसुलिन बढ़ने की शिकायत की है। भोजन में चावल और आलू नहीं देने की जेल अधीक्षक से गुजारिश की है। संभवतः आज डॉक्टर से उनका हेल्थ चेकअप कराया जायेगा।

# 19 माह बाद खुली हवा में सांस लेगा जेल में बंद सूरज कुमार

## रांची सिविल कोर्ट ने सूरज कुमार सोनी को हत्या के आरोप से किया बरी

**19 महीने तक सूरज को उस जुर्म के लिए जेल में रहना पड़ा, जो उसने किया ही नहीं था**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 19 माह से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद सूरज कुमार सोनी खुली हवा में सांस लेगा। रांची सिविल कोर्ट ने सूरज कुमार सोनी को हत्या के आरोप से बरी कर दिया है। नगड़ी थाना से जुड़े कांड संख्या 157/21 में सूरज कुमार को विमल कुमार महतो की हत्या का आरोपी बनाया गया था। करीब 19 महीने तक सूरज को उस जुर्म के लिए जेल में रहना पड़ा, जो उसने किया ही नहीं था। अपर न्यायायुक्त 15 दिनेश कुमार की कोर्ट में इस केस का ट्रायल हुआ। अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह पेश किए गए।

जिन पुलिस अधिकारियों ने सूरज को गिरफ्तार किया था, उन्होंने अपनी गवाही में कहा कि ये वह युवक नहीं हैं, जो अमित की हत्या का आरोपी है। कोर्ट के आदेश के बाद अब सवाल ये उठता है कि सूरज को बेगुनाह होते हुए भी जेल भेजने वाले पुलिस अधिकारियों पर कब कार्रवाई होगी और सूरज ने जो 19 महीने जेल में गुजारे, उसकी भरपाई कौन करेगा। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि जो व्यक्ति इस केस में आरोपी है, वह अब तक फरार है।

### मृतक के भाई के आवेदन से हुआ खुलासा

गौरतलब हो कि इस मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ चुके हैं। पुलिस ने हत्या के मामले में नामजद आरोपी को पकड़ कर छोड़ दिया और उसी नाम के निर्दोष युवक को जेल भेज दिया। जहां बीते 9 सितंबर 2021 को विमल महतो की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में नगड़ी थाना की पुलिस ने बीते 12 अक्टूबर 2021 को कल्लू उर्फ सूरज सोनी के बदले दूसरे युवक सूरज सोनी और एक अन्य युवक को जेल भेज दिया था। मृतक विमल महतो के भाई ने बीते 6 मई 2022 को कोर्ट में शपथ पर बयान दिया है कि यह बात सही है कि वर्तमान में जेल में बंद सूरज सोनी के खिलाफ पुलिस में आवेदन नहीं दिया था लेकिन मैंने कल्लू उर्फ सूरज सोनी जिसके पिता का नाम कार्तिक सोनी है और वह गुमला का रहने वाला है। उसके खिलाफ आवेदन दिया था। मैंने घटनास्थल पर उसी को देखा था। कल्लू उर्फ सूरज सोनी वर्तमान में एक रेस्टोरेंट में काम करता है और यह बात सही है कि मेरे लिखित आवेदन पर पुलिस के द्वारा कल्लू उर्फ सूरज सोनी को हाजत में रखा गया था और पांच दिन बाद पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया और उसकी जगह पर दूसरे सूरज सोनी को जेल भेज दिया गया।

## सीसीएल में रिकार्ड रिटेंशन शेड्यूल पर दो दिवसीय कायार्शाला का शुभारंभ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल में रिकार्ड रिटेंशन शेड्यूल पर दो दिवसीय कायार्शाला का शुभारंभ गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय में हुआ। कार्यशाला का उदघाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर नेशनल आर्काइव से सहायक निदेशक, आर्काइव उदय शंकर, थिन्गम संजीव, महाप्रबंधक (प्रशासन), यूपी नारायण, महाप्रबंधक पार्थो भप्ताचार्यजी सहित मुख्यालय एवं क्षेत्रों के संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कार्यक्रम का उदेश्य सीसीएल में स्थापित वर्तमान कार्यप्रणाली को और बेहतर करना है। उन्होंने कहा कि कायार्शाला से निश्चय ही रिकार्ड को और बेहतर व्यवस्थित करने हेतु नवीनतम जानकारी मिलेगा और कार्य निष्पादन सुगम होगा। कार्यक्रम में सहायक निदेशक, आर्काइव उदय शंकर ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्याम से रिकार्ड रिटेंशन शेड्यूल की जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (प्रशासन), यूपी. नारायण एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

**खबर एक नजर में**

## वट सावित्री पूजा आज, बाजार में महिलाओं की खरीदारी की भीड़



**रांची।** वट सावित्री पूजा शुक्रवार को मनाया जा रहा है। इस पूजा को लेकर खासकर सुहागन महिलाओं में विशेष उत्साह व उमंग देखा गया। वट सावित्री पूजा को लेकर आज राजधानी के बाजार में वट सावित्री के पूजन सामग्री के खरीदारी का बाजार गर्म रहा। कमोबेश हर क्षेत्र में महिलाएं इस पूजन से संबंधित तमाम सामग्रियों की खरीदारी करती नजर आयी।

## मेधावी तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को आईआईएम रांची मेरिट-कम-मीन्स छात्रावृति देगी

**रांची।** आईआईएम रांची ने भविष्य की योजना तथा समाज को प्रभावित करने के उदेश्य से मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृति योजना की शुरूआत किया है। इसके तहत प्रत्येक वर्ष 25 छात्र-छात्राओं को लगभग एक करोड़ रुपये की छात्रवृति प्रदान की जाएगी। संस्थान का उदेश्य उन छात्र-छात्राओं को छात्रवृति उपलब्ध कराना है, जो मधावी है परंतु आर्थिक रूप से कमजोर है। संस्थान में एमबीए, एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स, एमबीए-हयूमन रिसोर्स मैनेजमेंट और इंटिग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के छात्र-छात्रा छात्रवृति पाने के पात्र होंगे। इस संबंध में संस्थान के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आईआईएम रांची द्वारा प्रदान की जानेवाली मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृति संस्थान के स्ट्रेटेजिक प्लान को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसका लक्ष्य संस्थान को विश्व स्तर पर उन्मुख और स्थानीय रूप से प्रासंगिक बनाना है। दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इसके अतिरिक्त इसमें उन छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो दिव्यांग है या एससी-एसटी श्रेणियों से संबंधित है। यह छात्रवृति अगामी शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से लागू होगी।

## डीएवी गांधीनगर में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर (खेलकूद) शुरू

**रांची।** डीएवी गांधीनगर में 18 मई से 27 मई 2023 तक विभिन्न खेलों का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। इसमें विद्यालय के कोई भी छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। इस शिविर में मेजर खेल के अलावा रिक्रिएशन खेल भी खेलावाया जायेगा। जिसमें कबड्डी खो-खो, ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, जूडो एवं कैरम खेल के स्किल और टेक्निक बताये जायेंगे, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक मजबूती में विकासात्मक प्रवृत्ति को प्रगाढ़ा तथा प्रशस्त करेगी। कोविड के बाद इस तरह का खेल प्रशिक्षण शिविर पहली बार डीएवी गांधीनगर में लगाया जा रहा है। यह शिविर 18 से 27 मई 2023 तक प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक लगाया जायेगा। विशेष जानकारी के लिए खेल प्रशिक्षक गोविंद झा (98353 42305), कौशल कुमार तथा स्वाति शिप्रा से संपर्क कर सकते हैं।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की राष्ट्रीय संयोजिका बनी नेहा पटवारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण रांची शाखा की पूर्व अध्यक्ष सह झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की पूर्व मुख्यालय उपाध्यक्ष नेहा पटवारी को रक्तदान कमेटी में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का राष्ट्रीय संयोजिका नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भप्तड़ ने चतुर्दशम राष्ट्रीय सत्र 2023- 25 को ऊर्जा एवं गति प्रदान करने के भाव से नेहा पटवारी को राष्ट्रीय संयोजका का नियुक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि आपके सक्रिय एवं कुशल योगदान से मारवाड़ी युवा मंच परिवार का गौरव व मान बढ़ेगा।

मारवाड़ी युवा मंच रांची जिला के अध्यक्ष अमित चौधरी ने बधाई देते हुए कहा है कि नेहा पटवारी राष्ट्रीय पटल पर झारखंड का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करेगी। पूर्व में भी नेहा पटवारी ने पूरे राष्ट्रीय में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष रांची समर्पण तथा लगातार दो वर्षो तक झारखंड प्रांतीय मुख्यालय उपाध्यक्ष के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम अंकित किया है। बधाई देने वालों में-झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, महामंत्री रवि शर्मा, अरुण बुधिया, राहुल मारू, प्रदीप राजगढ़िया, मनोज बजाज, सौरभ सरावगी, मनीष लोधा, विकास अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, सुभाष पटवारी, संजय सर्राफ आदि शामिल है।

## फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी

**रांची।** रांची पुलिस ने फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर सिटी एसपी ने रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड में ऐसे कई यूट्यूब न्यूज चैनल, न्यूज पोर्टल, न्यूज एप, इंटरनेट वेबसाइट हैं, जो सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सूचीबद्ध नहीं हैं। इस तरह के चैनल में 4-5 लोग काम करते हैं और उस चैनल का आईडी कार्ड धारण कर क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हैं। इनका कोई भी पंजीकृत कार्यालय नहीं होता है। ये लोग अपने आप को चैनल का पत्रकार एवं संपादक बताते हुए विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था के लिए डयूटी पर तैनात पदाधिकारियों पर दबाव भी डालने का प्रयास करते हैं। इनके द्वारा कई बार भ्रामक व गलत ढंग से खबरों को प्रकाशित करने की बात सामने आयी है। इस विषय पर विचार-विमर्श के लिए सिटी एसपी ऑफिस में उपस्थित होने का कष्ट किया जाये।

## केंद्रीय और झारखंड राज्य हज कमेटी के खिलाफ दर्ज होगी पीआइएल

- झारखंड के हज यात्रियों का मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं
- रांची से कनेक्टिंग फ्लाइट की हज कमिटी करे व्यवस्था




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केन्द्रीय हज कमिटी ने झारखण्ड के हाजियों के साथ धोखधड़ी की है। 7 माह पूर्व केंद्रीय हज कमिटी ने आजमीन हज से हज फार्म भरवाया। जिसमें रांची से जेद्दा या रांची से मदीना डायरेक्ट फ्लाइट की बात की गई थी। हज यात्रा शुरू होने से 15 दिन पहले अचानक यह घोषणा किया जाना कि अब झारखण्ड के हज यात्री कोलकाता से सऊदी अरब जायेंगे। इस तरह अंतिम समय में अचानक इस तरह के तुगलकी फरमान से दूर-दराज के हज यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। इसके साथ ही हज यात्रियों के ऊपर 6643 रुपए का अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। इसके अलावा रांची से कोलकाता जाने के लिए आजमीन हज को अपनी खर्च से जाना होगा। हज यात्री जिसमें अधिकतर उम्रदराज पुरुष-महिला होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के हज यात्रियों के लिए केन्द्रीय हज कमिटी का यह अनैतिक फरमान आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना से कम नहीं। आम जनता हेल्पलाइन मांग करती है कि झारखण्ड राज्य हज समिति अपनी उदासीन और गैर जिम्मेदाराना रवैया को छोड़कर झारखण्ड के हाजियों के लिए रांची से कोलकाता कनेक्टिंग फ्लाइट की व्यवस्था करें अन्यथा हम लोग केंद्रीय हज कमिटी और झारखण्ड राज्य हज कमिटी के खिलाफ झारखण्ड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। राज्य हज समिति के चेयरमैन डॉ इरफान अंसारी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए! उन्हें राज्य से हज पर जाने वाले हज यात्रियों की तनिक चिंता नहीं रही। वह सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटी चमकाने के लिए लोक लुभावन बयानबाजी में ज्यादा समय देते हैं। बैठक में एजाज गद्दी, रमजान कुरैशी, नेहाल अहमद, हाजी फिरोज जिलानी, मो. हैदर, अंजुमन इस्लामिया रांची के महासचिव तारिक हुसैन व हाजी जसीम मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सीयूईटी-यूजी 2023 परीक्षा में सेंटर दूर होने से राज्य के छात्रों की बढ़ी परेशानी

**रांची।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी-यूजी) के लिए एग्जाम सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी कर दी है। लेकिन झारखंड के कई छात्रों को दूर के परीक्षा केंद्र आवंटित होने से परेशानी बढ़ गयी है, जबकि इन्होंने अपने शहर का नजदीकी परीक्षा केंद्र चुना था। बताया गया है कि जम्मू-कश्मीर और झारखंड से पंजीकरण की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इन दोनों राज्यों में अधिक केंद्र उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए कई छात्रों को दूर का परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया है।

**परीक्षा की तारीख भी बढ़ी :** इसके साथ ही एनटीए ने सूचित किया है कि कुछ शहरों में पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसलिए परीक्षा की तारीखों को 1 और 2 जून के साथ-साथ 5 और 6 जून तक बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा 7 और 8 जून को आरक्षित तिथियों के रूप में रखा गया है। एनटीए ने कहा कि सीयूईटी यूजी 2023 परीक्षा सिटी स्लिप को एडमिट कार्ड नहीं माना जा सकता है। एनटीए की तरफ से एडमिट कार्ड जल्द जारी किया जाएगा। ऐसे में छात्रों को सलाह दी है कि वे ऑफिशियल वेबसाइट समय-समय पर चेक करते रहें, ताकि कोई महत्वपूर्ण सूचना न छूटने पाये।

## सीएमपीडीआइ ने वृद्धा सेवा आश्रम को सेमी-फाउलर पैसेंट बिस्तर प्रदान किया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद ने अपने सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) के तहत लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम, धनबाद को वाटरप्रूफ गद्दे के साथ 25 सेमी-फाउलर पैसेंट बिस्तर प्रदान किया। ये बिस्तर लालमणि वृद्धा आश्रम,धनबाद के वृद्ध लोगों को उपचार के दौरान आवश्यक मुद्रा बनाए रखने में बहुत मददगार सिद्ध होंगे और विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों को बैठने की स्थिति में भी सहायक होंगे। वाटरप्रूफ मैट्रेस स्वच्छता प्रदान करने में कारगर होगा और संक्रमण के मामलों को कम करेगा।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद के क्षेत्रीय निदेशक राजीव कुमार सिन्हा ने अपनी सीएसआर टीम के साथ लालमणि आश्रम का दौरा किया और वहां के लोगों के साथ बातचीत की। लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम ने सीएमपीडीआई के सीएसआर पहल के प्रति अपना आभार प्रकट किया और कहा कि इससे उन्हें बहुत ही लाभ होगा।

## ग्लोबल इंस्पायरिंग लीडर्स अवार्ड से नवाजे गये तुषार कांत शीट

**रांची।** श्रीराम कृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट को ग्लोबल इंस्पायरिंग लीडर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एमटीटीवी न्यूज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक सुशील पाल एवं प्रबंध निदेशक आशीष व्यास द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। गौरतलब है कि श्री शीट समाज सेवा के क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं। विशेष रूप से कोरोना संक्रमण काल के दौरान उनकी सामाजिक गतिविधियां काफी सराहनीय रही है। जनहित के कार्यों के अलावा वह पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी समर्पित हैं। उन्हें यह पुरस्कार मिलने पर डॉ स्मिता डे, विवेक राय, आलोक मजूमदार, तन्मय मुखर्जी, राकेश सिंह, अरुण सिन्हा, तनय शीट ने बधाई दी है।

## सही या गलत का सिद्धांत है नैतिकता : प्रो एनके दास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित अभ्यास में अनुसंधान नामक दो साप्ताहिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम के 9वें दिन गुरुवार को कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के पहले सत्र में प्रो एनके दास ने नैतिक और कानूनी विचार अनुसंधान के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नीतिशास्त्र मनुष्य के कर्मों की उसकी सत्यता और असत्यता की दृष्टि से व्यवस्थित व्यवस्था है, जो परम सुख की प्राप्ति के साधन के रूप में काम करता है। नैतिकता सही या गलत का सिद्धांत है, जबकि सदाचार इसका अभ्यास है और कानून ऐसे नियम हैं जो सरकार द्वारा सही या गलत के संदर्भ में मानवीय कार्यों को विनियमित करने के लिए बनाए गए हैं।वहीं, दूसरे सत्र में डॉ नागरकर शुभदा प्रशांत ने बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के वैश्विक मानकों से मेल खाने के लिए यूजीसी केयर लिस्ट की स्थापना की गई है। यूजीसी केयर लिस्ट के प्रावधान के कई उद्देश्य हैं जैसे-भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान अखंडता और प्रकाशन नैतिकता को बढ़ावा देना, गुणवत्ता वाली पत्रिकाओं की यूजीसी केयर संदर्भ सूची बनाना, एमफिल और पीएचडी छात्रों के लिए अनुसंधान समग्रता और प्रकाशन नैतिकता पर दो क्रेडिट पाठ्यक्रम शुरू करना। यूजीसी केयर लिस्ट के दो समूह हैं-एक है यूजीसी केयर लिस्ट-1, जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जर्नल शामिल हैं और दूसरा यूजीसी केयर लिस्ट-2 है, जिसमें ज्यादातर विदेशी जर्नल शामिल हैं। तीसरे सत्र में प्रो अनंत कुमार गिरी ने अनुसंधान के अवसर विदेश में- छात्रवृत्ति, फैलोशिप और अन्य विषय पर जानकारी दी।

## डीपीएस की स्तुति सिंह सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में 97 अंकों से उतीर्ण

**रांची।** डीपीएस सेल टाउन धुर्वा के दसवीं की स्टूडेंट् स्तुति सिंह इस साल सीबीएसई की परीक्षा में 97 अंक अर्जित कर सफलता हासिल की और विद्यालय तथा अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। स्तुति सिंह ने घोषित रिजल्ट के अनुसार स्तुति सिंह ने सीबीएसई-2023 दसवीं की परीक्षा में प्रत्येक विषय में 90 से अधिक अंक अर्जित किए। पिता विक्रांत सिंह व माता रजनी सिंह की पुत्री स्तुति सिंह ने इंगलिश में 97, फ्रेंच में 91, मैथ्य स्टैंडर्ड में 95, साइंस में 96 तथा सोशल साइंस में 100 अंक अर्जित कर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

## एचइसी के सेवानिवृत्त कर्मी सुप्रभात विश्वास का निधन



**रांची।** दैनिक देश प्राण के महाप्रबंधक संजय विश्वास के पिता और एचइसी के सेवानिवृत्त जूनियर मैनेजर सुप्रभात कुमार विश्वास का बुधवार की देर रात निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। श्री विश्वास काफी समय से बीमार चल रहे थे। बुधवार की रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को हरमू मुक्तिधाम में कर दिया गया। उनके पुत्र संजय विश्वास ने उन्हें मुखाग्नि दी। वह अपने पीछे दो पुत्री और एक पुत्र का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

# भव्य शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव शुरू

## शोभा यात्रा के बाद मां को लगा छप्पन भोग, 20 को संध्या 4:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक मां का भव्य जागरण

- मुख्य पूजा प्रात:काल आज सुबह 3:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरुवार से शुरु तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इस भव्य शोभा यात्रा का नेतृत्व मंदिर के पुजारी रामेश्वर पासवान ने की। शोभा यात्रा के समाप्ति के बाद मां को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। मंदिर के पुजारी रामेश्वर पासवान द्वारा पूजा अर्चना के उपरांत मां के दर्शनार्थ दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिए गए। शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ के संघी बाजा जमशेदपुर के ताशा पार्टी, हजारीबाग का ताशा पार्टी, झारखंड के परंपरागत ढोल 51 नगाड़ों के साथ, भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष मां के जयकारों के साथ शामिल हुए। इस मौके पर पूरे मंदिर परिसर को थाईलैंड से मंगाए गए फूलों से सजाया गया है। इस पूजा में भाग लेने के लिए देश-विदेश के भक्त यहां पहुंचे हैं। मां जगदंबा ट्रस्ट के सचिव पवन पासवान ने बताया आज अहले सुबह मुख्य पूजा 3:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी दिन भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया है जिसमें लोग भंडारा ग्रहण करेंगे। वहीं 20 मई 2023 शनिवार को शाम 4:00 से रात्रि 10:00 बजे तक भव्य मां का जागरण होगा जिसमें गायक भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इस बार भीड़ को देखते हुए भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। शोभायात्रा में वीरेंद्र प्रधान, सुबह सिंह गुड्डू ,दीपू सिन्हा, आलोक कुमार दुबे, संजय पोद्दार, दिनेश सिंह, शिव सिंह, सीवेज सिंह, रवि राय, राजकुमार सिंटू, शंभू गुप्ता सहित हजारों की संख्या में मां के भक्त शामिल हुए।

## डालसा की मदद पर विक्षिप्त महिला पहुंची रिनपास



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची की पहल पर मदद गरीब-तबके व असहाय लोगों को मदद पहुंचायी जा रही है। इसी कड़ी में कांके थाना प्रभारी की सूचना पर एक 40 वर्षीय विक्षिप्त महिला को रिनपास में भर्ती कराया गया। बता दें कि महिला निर्वस्त्र थी और राहगीरों को परेशान कर रही थी। पुलिस की सूचना पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने रिनपास में कार्यरत पीएलवी को यह आदेश दिया कि उक्त महिला की चिकित्सा के लिए रिनपास में भर्ती कराने की कार्रवाई करें। इसके बाद पीएलवी भारती शादेव एवं शारदा देवी ने कांके थाना के सहयोग से मरीज का रजिस्ट्रेशन कराया एवं मनोचिकित्सक से सम्पर्क कर मरीज का ब्लड जांच, कोविड जांच कराकर रिनपास में भर्ती करा दिया।

## सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में अनिकेत को मिला 94 % अंक



**रांची।** आर्मी स्कूल दीपाटोली कैंट के छात्र अनिकेत प्रधान ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। वास्तु विहार निवासी इनके पिता संजय प्रधान सेना में कार्यरत हैं। माता संगीता प्रधान गृहणी हैं।

## पुलिस की स्वीकारोक्ति बयान में कहा, छह माह से बना रही थी योजना

# पति को मारने के लिए पत्नी गूगल पर सर्च कर पता करती थी जहर

**सोमवार की रात मटन में धतूरा का बीज मिलाकर खिलाया था खाना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के रातू थाना क्षेत्र में रहने वाले जमीन कारोबारी राजकुमार शाही की हत्या के आरोप में राजकुमार की पत्नी और साले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पति की हत्या करने के मामले में पत्नी सोनी देवी के द्वारा पिछले छह महीने से गूगल सर्च कर जहर खोज रही थी, इसमें सोनी को कामयाबी नहीं मिली। तब, सोनी ने सोमवार की रात मटन में कच्चा धतूरा पीसकर मिला दिया। मटन खाने के बाद राजकुमार शाही सुबह तक बेहोश रहे। इसी क्रम में राजकुमार शाही की गर्दन रेत कर हत्या कर दी गई।

### सोमवार रात मटन में डाला धतूरे का बीज

गूगल पर सर्च के दौरान ही सोनी देवी को यह जानकारी मिली कि अगर धतूरे के कच्चे बीज को खाने में मिलाकर दिया जाए तो धीरे-धीरे व्यक्ति की मौत हो जाएगी। सोमवार रात राजकुमार शाही ने घर में मटन लाया था। उसने मटन को पकाने के बाद उसमें कच्चा धतूरे का बीज मिला दिया। मटन खाने के बाद मंगलवार की सुबह तक राजकुमार शाही बेहोश पड़ा रहा लेकिन उसके सांसे चल रही थी। सोनी देवी को लगा कि एक बार फिर से वह अपने मंसूबों में नाकामयाब हो जाएगी। जिसके बाद उसने घर में रखे एक धारदार हथियार से राजकुमार शाही की गर्दन रेत दी। गर्दन रेतने की वजह से राजकुमार शाही की मौत हो गई।

### हत्या करने के बाद चली गई थी बाजार

राजकुमार शाही की हत्या करने के बाद सोनी देवी खुद बाजार चली गई और देर शाम लौट कर घर आई। घर लौटने के बाद अपने पति को खून से लथपथ देखकर खुद ही चीखने चिल्लाने लगी, मोहल्ले वालों के सामने सोनी देवी ने जमकर चीखने चिल्लाने का ड्रामा किया। पति की हत्या में सोनी के भाई सचिंद्र नाथ मिश्र ने भी साथ दिया। राजकुमार शाही की हत्या करने के बाद सबसे पहला फोन सोनी देवी ने अपने भाई को ही किया था ताकि लाश को ठिकाने लगाया जाए लेकिन खून से लथपथ लाश को देखकर सचिंद्र नाथ ने उसे ठिकाने लगाने से मना कर दिया। इससे पहले जहर खोजने में सचिंद्र भी अपनी बहन की मदद करता था।

### 11 साल पहले किया था प्रेम विवाह, पैसा से बढ़ा विवाद

राजकुमार शाही हत्याकांड में सोनी ने पुलिस को बताया कि 11 साल पहले घर से भागकर राजकुमार शाही से उसने प्रेम विवाह किया था। पुलिस की तफ्तीश में यह खुलासा हुआ है कि पति से संबंध खराब होने के बाद सोनी देवी ने अपने ही पति राजकुमार शाही की हत्या की प्लानिंग कर डाली। सोनी देवी चाहती थी कि उसके पति कुछ इस तरीके से मारा जाए ताकि उसकी मौत बीमारी जैसी लगे। अपने साजिश को अंजाम देने के लिए सोनी देवी ने गूगल सर्च कर कई तरह के देसी जहर के बारे में जानकारियां जुटाई। सोनी देवी कई तरह के देसी जहर राजकुमार को खाने में मिलाकर दे दी थी लेकिन उसका असर राजकुमार पर नहीं हुआ।

### पैसे को लेकर शुरू हुआ था विवाद



पुलिस की तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि प्रेम विवाह करने वाले राजकुमार और सोनी के रिश्ते शादी के दो साल बाद ही खराब होने शुरू हो गए थे। सोनी देवी बेहद पढ़ी-लिखी महिला थी और उसकी अपनी महत्वाकांक्षा थी कि वह घर से बाहर निकलकर नौकरी करे और पैसे कमाए लेकिन राजकुमार ने उसे नौकरी नहीं करने दी। इसलिए उसने उसे हर हाल में मार देना चाहती थी।

## झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड पर एक लाख जुर्माना

**रांची।** हाईकोर्ट ने जेयूवीएनएल पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। राज कुमार भदानी की नियुक्ति से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने जुर्माना लगाया है। याचिका पर सुनवाई में सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जेयूवीएनएल को आदेश दिया कि राजकुमार को दोबारा बहाल किया जाए।

सिटी की अन्य खबरें पेज 7 पर भी देखें...

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

**Office of the Executive Engineer Swachh Bharat Mission (Gramin) Drinking Water & Sanitation Committee, Garhwa.**
Near Head Post office, Sahijana More, Garhwa.-822114 Email-eedwsd.garhwa1@gmail.com

EOI No. :- SBMG Phase-II/DWSC/GOBARDHAN/01/2023-24 Date-18.05.2023
**EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES**

Expression of interest (EOI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission-Gramin), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/Community/ Goushala in District of Garhwa, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization)

Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand invites EOI from interested and experienced parties to implement Bio-gas projects in different villages of Jharkhand state under GOBAR-DHAN Scheme.

The **Technical Support Agency** (TSA) can be Gram Panchayat, SHG federations, Bulk waste generators such as dairies, poultry farms, markets, industries, religious sites etc and entrepreneurs. Selected agencies shall be willing to collect waste, install Bio-gas plants, under take operation maintenance of the same for at least 3 years. The agencies can be attached with empanelled technical support (if needed).

Interested agencies are requested to furnish willingness for undertaking GOBAR-DHAN Projects, supported be credentials and testimonials in the prescribed online application form and guideline available on following link **garhwa.nic.in.** The guidelines of GOBARDHAN scheme and details can also be viewed on the Garhwa District website: **garhwa.nic.in**

Swachh Bharat Mission (Gramin) Govt. of Jharkhand reserves its right to cancel or modify this Expression of interest (EOI) without assigning any reasons whatsoever.

**Last date and time for Submission of bids. 27.05.2023 at 4:00 P.M.**

PR.NO.297741 Drinking Water and Sanitation(23-24):D
Executive Engineer, Swachh Bharat Mission (Gramin) Drinking Water and Sanitation Committee, Garhwa.

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

अति अल्पकालीन ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर- RDD/SD/KHUNTI/02/2023-24 (2ND Call)
P.R. No.-297188 RURAL DEVELOPMENT (2023-24).D

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :- समेकित जनजाति विकास

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अड़की | खूँटी जिला के अड़की प्रखण्ड में उलिहातु पंचायत अन्तर्गत उलिहातु से गंताडीह तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 65,69,700/- | 1,31,400/- | 10,000/- | 02 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-22.05.2023 के अपराहण 2.00 बजे तक।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :-01.06.2023 के अपराहण 5.00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, स्थान एवं समय:-02.06.2023 अपराहण 2.00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
4. निविदा खोलने की तिथि, स्थान एवं समय:-03.06.2023 अपराहण 3.00 बजे। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०- 6201188328
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता को यू-केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
9. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
PR.NO.297727 Rural Development(23-24):D

Tender ref. No.: **District Collectorate District Supply Office Latehar, Jharkhand** Dated:- __/__/2023

**INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF LATEHAR DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 17.05.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Latehar, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Latehar Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Latehar,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 17.05.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 24.05.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 29.05.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 02.02.2023 (https://meet.google.com/pix-qfhe-ant) 1:30 to 2:30 |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://latehar.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://latehar.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

PR 297687 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D
District Supply Officer Latehar

# 22 मई के बाद निकाली जायेगी बालू घाटों के लिए निविदा: डीसी

**बालू की किल्लत से निर्माण कार्य ठप, 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू निकासी पर लग जायेगी एनजीटी की रोक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पूरे राज्य में बालू को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। बालू के दाम मनमाने ढंग से बढ़ रहे हैं। इससे निर्माण कार्य खासा प्रभावित हुआ है। बालू की इस किल्लत का असर सरकारी निर्माण कार्य पर भी पड़ा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे गरीबों के आवास निर्माण बाधित हो गया है। बालू संकट के कारण लाइट हाउस प्रोजेक्ट के साथ साथ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट भी प्रभावित हुआ है। सड़क-नाली का काम ठप है। इसकी मुख्य वजह बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं होना है। इस संबंध में जब रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा से बातचीत की गयी तो उन्होंने कहा कि बालू की किल्लत है, इसकी जानकारी उन्हें भी है। उन्होंने बताया कि बालू घाटों की बंदोबस्ती से पहले की प्रक्रिया चालू है। उन्होंने कहा कि रांची जिले में जितने भी बालू घाट हैं, उनका सर्वे कराकर रिपोर्ट स्टेट इन्वायरमेंट इंपैक्ट एसेस्टमेंट ऑथिरिटी को दी गयी है। ऑथिरिटी की बैठक 22 मई को होनी है। बैठक के बाद जिन बालू घाटों की क्लियरेंस मिल जायेगा, उसके बाद उनकी बंदोबस्ती के लिए टेंडर निकाल दिया जायेगा।

इधर, नेशनल ग्रिन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश से 10 जून से 15 अक्टूबर तक मॉनसून को लेकर झारखंड में बालू निकासी पर रोक रहती है। अब ऐसे में बालू घाटों की बंदोबस्ती हो भी जाती है। तो इसका फायदा नहीं मिलेगा। इसलिए कि टेंडर निकालने और फिर बंदोबस्ती करने तक में 15 दिन का समय लगता है तो फिर बालू निकालने तक के समय एनजीटी का रोक प्रभावी हो जायेगा। ऐसे में निर्माण कार्य गति संभव नहीं है।

## रिम्स में हड़ताल के समय 28 लोगों की मौत मामले में 3 माह में जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

**रांची।** रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की स्ट्राइक के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले की जांच को लेकर राज्य सरकार ने रिटायर्ड प्रधान डिस्टिक जज सज्जन कुमार दुबे की अध्यक्षता में वन मैन कमेटी गठित की है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से वन मैन कमिटी के गठन से संबंधित अधिसूचना जारी किए जाने की जानकारी हाई कोर्ट को दी गई। इसके बाद कोर्ट ने वन मैन कमेटी को 3 माह में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। रिम्स प्रबंधन को वन मैन कमेटी को जांच में सहयोग करने एवं रिम्स में कार्यालय के लिए स्पेस उपलब्ध कराने, कंप्यूटर सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी। दरअसल, प्रार्थी की ओर से 28 मरीजों की हुई मौत मामले को लेकर कमेटी बनाकर जांच करने एवं इस घटना के रिस्पांसिबल लोगों के खिलाफ एक्शन लेने आग्रह कोर्ट से किया गया था। झारखंड छात्र संघ की ओर से यह जनहित याचिका दाखिल की गई है।

**जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित**

# अनुकंपा पर चार लोगों की नौकरी हुई स्वीकृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा सामान्य एवं उग्रवाद से संबंधित अभ्यावेदनों के साथ जिले में तृतीय तथा चतुर्थ संवर्ग के कार्यरत कर्मचारियों के एसीपी, एमईसीपी, अनुकंपा, प्रमोशन इत्यादि से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्णय लिया गया। अनुकंपा के आधार पर सामान्य के 6 मामले समिति के समक्ष आए। विचार विमर्श के बाद समिति के द्वारा चार मामलों को स्वीकृति दी गई, एक अभ्यावेदन को समिति द्वारा अस्वीकृत किया गया जबकि एक में विभाग से संबंधित दस्तावेज मांगने का निर्देश दिया गया। उग्रवाद हिंसा से संबंधित एक मामले में भी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

समिति द्वारा जितने भी लिपिकों के सेवा संपुष्टि, एसीपी, एमईसीपी बाकी थी, जिनके सभी दस्तावेज पूर्णरूपेण सही हो चुके थे, एसीआर सही होकर आया था और उनपर किसी तरह की विभागीय कार्रवाई जिन पर नहीं चल रही थी। उन सभी को लाभ देने का निर्णय आज की बैठक में लिया गया।

### वैकेंसी से रिक्त पदों को भरने का निर्णय

जिले में करनांकित पदों पर प्रमोशन देकर नियुक्ति देने की प्रक्रिया कोविड, आचार संहिता आदि कारणों से लंबित चल रही थी। विस्तार से प्रक्रियाओं को संपादित करने के बाद समिति द्वारा 332 में से एक पद प्रशासी पदाधिकारी के लिए जिला के वरीय लिपिक के लिए करनांकित करने का निर्णय लिया गया। ऑफिस सुपरीटेंडेंट के पद पर एक माह पहले 5 लोग कार्यरत थे, 11 वैकेंसी चल रही थी। समिति द्वारा वैकेंसी को भी पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। वहीं लिपिक पद पर प्रोमोशन का निर्णय भी लिया गया।

# मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान 20 मई से

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र में मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान की शुरुआत 20 मई को होगी। इसके तहत निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आरआरआर केन्द्र की स्थापना की गयी है। इन केन्द्र का मुख्य उद्देय रिड्यूस, रियूज व रिसाइकल (आरआरआर) की प्रवृति को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत अनुपयोगी वस्तुएं जो खराब नहीं हों लेकिन उस वस्तु के मालिक द्वारा उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है, तो ऐसी वस्तुओं का संकलन कर जरुरतमंदों में वितरण करना है जैसे पुराने किताब, कपड़ा, जूता या खिलौना जो आपके व परिवार के सदस्यों के लिए अनुपयोगी है।

## ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में 108 छात्रो को मिलेगी उपाधि

**रांची।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (ट्रिपल आईटी) रांची का दूसरा दीक्षांत समारोह 25 मई को होगा। ट्रिपल आईटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम जेयूटी कैंपस में होगा। दीक्षांत समारोह में बीटेक सत्र 2019-23 के दो और एमटेक सत्र 2021-23 के दो विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। एक शोधार्थी को पीएचडी की उपाधि भी दी जाएगी। वहीं बीटेक में 2 विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल दिया जाएगा।

आपको बता दें कि दीक्षांत समारोह में कुल 108 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। इनमें बीटेक के 102 और एमटेक के 6 विद्यार्थी हैं। बीटेक के इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन के 1,कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग 1, एमटेक के कंप्यूटर साइंस के 1 इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन के 1 विद्यार्थी को गोल्ड मेडल दिया दिया जाएगा।

## जेबीवीएनएल ने की बिजली टैरिफ पर सारी औपचारिकताएं पूरी

# एक जून से बढ़ जायेंगी बिजली की दरें

**25 से 75 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ सकती है बिजली की दर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक जून से बिजली की दरें बढ़ जायेगी। जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर जनसुनवाई की सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। मई के अंतिम सप्ताह में किसी भी दिन झारखंड विद्युत नियामक आयोग नया बिजली टैरिफ ऑर्डर जारी करने की संभावना है। यह बढ़ोतरी वर्तमान बिजली दर से 25 पैसे लेकर 75 पैसे प्रति यूनिट तक हो सकती है। वर्तमान में राज्य सरकार ने 100 यूनिट तक बिजली को फ्री किया है।

**चार वित्त वर्ष से नहीं बढ़ी है बिजली की दर** : झारखंड में अभी वित्त वर्ष 2019-20 का ही बिजली टैरिफ लागू है। वित्त वर्ष 2020-21 में आयोग ने कोरोना को देखते हुए जेबीवीएनएल के बिजली टैरिफ पर कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। इसके बाद जेबीवीएनएल हर साल नवंबर में विभिन्न वित्त वर्ष के लिए बिजली टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव देते रहा। वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 का टैरिफ अभी आयोग के पास लंबित है। इस साल चेयरमैन और मेंबर बहाल होने के बाद वित्त वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर आयोग ने कार्यवाही शुरू की। स्टेट एडवाइजरी कमेटी की बैठक सहित जनसुनवाई आयोजित हुई। अब 2021-22 के बिजली टैरिफ पर आयोग अपना निर्णय लेने को तैयार है।

**शेष बचे दो वित्तीय वर्ष पर आयोग इन बिंदुओं पर ले सकता है फैसला** : वित्तीय वर्ष 2021-22 के टैरिफ जारी होने के बाद नियामक आयोग शेष बचे दो वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 पर जल्द फैसला ले सकता है। इस संबंध में आयोग के टेक्निकल मेंबर अतुल कुमार ने बताया कि 2021-22 का टैरिफ प्रोजेक्टेड एकाउंट के आधार पर लिया जा रहा है। चूंकि यह 1 जून 2023 से लागू होगा, इसलिए इसमें शेष बचे वित्त वर्ष का प्रोजेक्ट एकाउंट का लेखा-जोखा शामिल होगा। जेबीवीएनएल से ऑडिटेड एकाउंट मांगी गयी है।

**अभी यह है बिजली दर (रुपए प्रति यूनिट)**

| श्रेणी | वर्तमान दर | वर्तमान फिक्स दर |
|---|---|---|
| घरेलू (ग्रामीण) | 5.75 | 20 |
| घरेलू (शहरी) | 6.25 | 75 |
| घरेलू (एचटी) | 6.25 | 75 |
| कॉमर्शियल (ग्रामीण) | 6.00 | 40 |
| कॉमर्शियल (शहरी) | 6.25 | 150 |
| एग्रीकल्चर | 5.00 | 20 प्रति एचपी |
| एलटीआईएसएस | 5.75 प्रति केवीएच | 100 प्रति केवीए |
| एचटीआईएस | 5.50 प्रति केवीएच | 50 प्रति केवीए |

**वित्तीय वर्ष 2021-22 में बढ़ोतरी का प्रस्ताव (रुपए प्रति यूनिट)**

| श्रेणी | प्रस्तावित दर | प्रस्तावित फिक्स दर |
|---|---|---|
| घरेलू (ग्रामीण) | 6.50 | 50 |
| घरेलू (शहरी) | 6.75 | 100 |
| घरेलू (एचटी) | 6.50 | 200 |
| कॉमर्शियल (ग्रामीण) | 6.25 | 100 प्रति किलोवाट |
| कॉमर्शियल (शहरी) | 6.50 | 150 प्रति किलोवाट |
| एग्रीकल्चर | 5.50 | 40 प्रति एचपी |
| एलटीआईएसएस | 6.25 केवीएच | 200 प्रति केवीए |
| एचटीआईएस | 6 प्रति केवीएच | 500 प्रति केवीए |

**अभी इस तरह मिल रहा है सब्सिडी का लाभ**

| कैटोगरी | वर्तमान दर | सब्सिडी (प्रति यूनिट) |
|---|---|---|
| घरेलू ग्रामीण | 5.75 | 4.25 |
| घरेलू शहरी | 6.25 | 2.75 |

इस तरह मिल रहा है उपभोक्ताओं को सब्सिडी
100- 200 यूनिट पर सब्सिडी 2.75 रुपये
201- 400 यूनिट पर सब्सिडी 2.05 रुपये

**AFFIDAVIT**

The Notary Public, Ranchi

I, Neelam Singh D/O Sobodh Singh W/o Barun Sahu R/o Falt No. 3102 C Block Radhe Krishna Garden Rameshwaram Lane, Bariatu, Thana Bariatu Dist. Ranchi Jharkhand 834009 do hereby solemnly affirm and declare as Follows:
1. That I am an Indian National and residing in aforesaid address.
2. That before marriage I am know and called in the name of Neelam Singh.
3. That I married with Barun sahu as such I am know and called in the name of Neelam Singh Sahu.
4. That both the names of myself i.e. Neelam Singh and Neelam Singh Sahu is the same and one person i.e. my name.
Hence I am swearing this affidavit.
All statements are true to my knowledge and belief, if found wrong I shall be responsible for the same. Sworn and signed at Ranchi on 17/05/2023.
The deponent who is identified By Nitish kumar Advocate, Ranchi.

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- DWSD/GAR-04 / 2023-24 दिनांक- 16.05.2023

1. विभाग का नाम :- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :- 20.05.2023 को 12.30 बजे अपराहन से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 26.05.2023 को 03.30 बजे अपराहन तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 26.05.2023 को 04.30 बजे अपराहन में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :- विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का विवरण :-

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 200x150 mm dia & 150 mtr. Depth HYDT with Extra deep india Mark-II Hand pumps, 32 mm dia medium class G.I. pipe platform with drain **at I.T.I. Jhagrakhad, Bansani Panchayat, Bhawnathpur Block** under DW&S. Division, Garhwa for the year 2022-23 | 2,54,788/- | 6,000/- | 750/- | 01 Month |

नोट- (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 297743 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
ई- निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 (2nd Call)
P.R. No.-293936 RURAL DEVELOPMENT (2022-23).D

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| ग्रु० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी जिला के खूँटी प्रखण्ड में सिल्दा कालामाटी पथ पर उरॉव मसना के पास कॉंची नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,00,87,700/- | 8,02,000/- | 10,000/- | 18 माह |
| 2 | खूँटी जिला के कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डुमरगड़ी के कोने बिरदा मुख्य पथ में बेलारी नाला पर पुल निर्माण। | 3,07,22,400/- | 6,14,500/- | 10,000/- | 18 माह |
| 3 | खूँटी जिला के तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत टाटी नवाटोली इचा पथ पर टाटी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,60,61,800/- | 7,21,300/- | 10,000/- | 18 माह |
| 4 | खूँटी अन्तर्गत अड़की प्रखण्ड के खेसारी बेड़ा जिला से जोजो हातु पथ में बेड़ाहातु के पास मारंगलो नदी पर पुल निर्माण। | 4,43,41,100/- | 8,86,900/- | 10,000/- | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि -22/05/2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय -06/06/2023 अपराहन 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- दिनांक-09.06.2023 अपराहन 5.00 बजे तक
5. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :-
1. जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी 2. जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
3 e-Procurment Cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा खोलने का स्थान - कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय -10/06/2023 अपराह्न 2:00 बजे।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
9. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 6201188328
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
PR 297733 Rural Development (23-24)_D

खबर मन्त्र

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची.शुक्रवार .19 मई 2023

## साथी बचायेगा?


अब मोबाइल खो जाने या चोरी हो जाने पर मोबाइल फोन को ब्लॉक, ट्रैक और ट्रेस करने में साथी मदद करेगा। केंद्रीय संचार, रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संचार साथी पोर्टल लॉन्च किया। इसमें सुरक्षा के लिए तीन सुधार हैं जो उपयोगकर्ता की डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखने में मदद करेंगे। इससे भारत के दूरसंचार क्षेत्र को विश्व स्तर पर बेंचमार्क के अनुकूल हैं। पहला सुधार सेंट्रलाइज्ड इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) है जो खो जाने या चोरी हो जाने पर मोबाइल फोन को ब्लॉक, ट्रैक और ट्रेस करने में मदद करता है। अगर सिम कार्ड निकाल दिया जाता है और नया सिम कार्ड डाला जाता है तब भी फोन को ब्लॉक किया जा सकता है। सीईआईआर फोन डेटा और निजी सामान को सुरक्षित रखने में मदद करेगा। दूसरा सुधार नो योर मोबाइल है। उपभोक्ता जान सकेंगे उसके नाम पर कितने सिम कार्ड हैं और किस तरह के दस्तावेज अटैच किए गए हैं। अब आप इसे जान सकते हैं और इसे बंद कर सकते हैं क्योंकि फोन नंबर केवाईसी से जुड़े हुए हैं। यह एआई एल्गोरिदम के साथ किया जाएगा। तीसरा सुधार 'एस्ट्रा' है, जो पूरी तरह से एआई-आधारित ढांचा है, ताकि उन मामलों को रोका जा सके, जहां एक जालसाज अलग-अलग पहचान का उपयोग करके कई कनेक्शन लेता है। अब तक चालीस हजार से अधिक प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) सिस्टम जो इन जालसाजों का समर्थन कर रहे थे, उन्हें एस्ट्रा के साथ ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। एस्ट्रा की मदद से इसके जरिए 87 करोड़ कनेक्शन ट्रेस किए गए। करीब 40 लाख कनेक्शन फर्जी पाए गए और विस्तृत प्रक्रिया का पालन करते हुए 36 लाख कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक व्यक्ति ने 5200 कनेक्शन लिए हैं और दूसरे ने 6900 कनेक्शन लिए हैं।

## राज्यों का बेहतर प्रबंधन

राजकोषीय मोर्चे पर राज्यों ने केंद्र से बेहतर प्रदर्शन किया है। 2019-20 में यानी कोविड के पहले वाले वर्ष में केंद्र का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.6 फीसदी था जबकि राज्यों का घाटा 2.6 फीसदी था। यानी कुल सरकारी घाटा जीडीपी के 7.2 फीसदी के बराबर था। यह 2020-21 में बढ़कर 13.3 फीसदी हो गया जिसमें केंद्र की हिस्सेदारी बढ़कर 9.2 फीसदी हो गई थी जबकि राज्यों की हिस्सेदारी 4.1 फीसदी थी। 2021-22 में कुल सरकारी घाटा कम होकर 9.5 फीसदी रहा जिसमें केंद्र की हिस्सेदारी 6.7 फीसदी और राज्यों की 2.8 फीसदी थी। जाहिर है राज्यों ने अपने घाटे को तेजी से कम करके 3 फीसदी के लक्ष्य के दायरे में ला दिया। इससे कुल सरकारी व्यय को एक अंक में लाने में मदद मिली।अनुमान है कि राज्य 2022-23 में भी अपने घाटे को 3 फीसदी से कम रखने में सफल रहेंगे जबकि केंद्र सरकार को 6.4 फीसदी के दायरे में रहने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक तो अप्रैल-नवंबर 2022 में राज्यों का राजकोषीय घाटा पूरे वर्ष के 3.4 फीसदी के बजट घाटा लक्ष्य का केवल 35 फीसदी था। कुछ अनुमानों के मुताबिक चालू वर्ष में राज्यों का घाटा जीडीपी के 2.3 से 2.5 फीसदी के बीच रह सकता है क्योंकि राज्य वस्तु एवं सेवा कर यानी एसजीएसटी संग्रह में सुधार हुआ है। इसके अलावा केंद्रीय जीएसटी संग्रह में राज्यों का हिस्सा बढ़ा है और केंद्र ने कुल कर संग्रह में से राज्यों को किया जाने वाला स्थानांतरण बढ़ाया है। अप्रैल से नवंबर 2022 की अवधि में यह राशि 37 फीसदी बढ़कर 5.5 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके अलावा राज्य सरकारों के व्यय में कमी ने भी इसमें योगदान किया। खासतौर पर पूंजी खाते के व्यय में कमी ने। राज्यों के बेहतर प्रबंधन से देश की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है।

# भारत में डिजिटल क्रांति अन्य देशों के लिए मिसाल





- प्रहलाद सबनानी

> यूपीआई ने 376 बैकों को अपने साथ जोड़ लिया है और इस प्लेटफोर्म पर 11.9 लाख करोड़ रुपये के 730 करोड़ लेनदेन किए जा रहे हैं। जुलाई 2015 में भारत ने डिजिटल इंडिया पहल की शुरूआत की थी और आज इस स्थिति तक पहुंच गया है। याद कीजिए भारत में एक दौर हुआ करता था जब सामान्य नागरिक उत्पाद खरीदने के लिए दुकानों में जाया करते थे।

**भारत** को जी-20 समूह की अध्यक्षता मिलना एक वरदान की तरह साबित होता दिखाई दे रहा है। भारत ने हाल ही के वर्षों में कई क्षेत्रों में जो अतुलनीय प्रगति की है, इसे देखकर जी-20 समूह के सदस्य देश आश्चर्यचकित हो रहे हैं। भारत चूंकि जी-20 समूह के सदस्य देशों की विभिन्न बैठकें देश के लगभग समस्त राज्यों के अलग अलग नगरों में आयोजित कर रहा है, इससे देश के समस्त राज्य न केवल इन बैठकों के लिए विशेष तैयारियां कर रहे हैं बल्कि विभिन्न देशों से आने वाले प्रतिनिधि भी इन शहरों में भारत की आर्थिक प्रगति की झलक देख पा रहे हैं।

जी-20 समूह का महत्व इस जानकारी से बहुत स्पष्ट तौर पर झलकता है कि पूरे विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में जी-20 समूह के सदस्य देशों की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत की है। विश्व के 193 देशों का कुल सकल घरेलू उत्पाद 95 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इसमें, जी-20 समूह के सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था का आकार 75 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं (अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी एवं भारत) को मिलाकर दुनिया की आधी से अधिक अर्थव्यवस्था बनती है। वर्ष 2022 में केवल 18 देशों का सकल घरेलू उत्पाद एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक था। पूरे विश्व का 75 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय विदेश व्यापार जी-20 समूह के सदस्य देशों में होता है। कुल मिलाकर जी-20 समूह के सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया को प्रभावित करती है।अतः स्वाभाविक तौर पर जी-20 समूह का उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना है एवं जी-20 समूह के सदस्य देशों की जिम्मेदारी वैश्विक स्तर पर वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की है। जी-20 समूह के सदस्य देशों में शामिल हैं - अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रान्स, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, दक्षिण कोरिया, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, यूरोपीय संघ, टर्की एवं ब्रिटेन।

जी-20 समूह के सदस्य देशों के बीच डिजिटल अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने की दृष्टि से एक विशेष ह्यडिजिटल इकॉनामी वर्किंग ग्रुप का वर्ष 2017 में गठन किया गया था। पहिले इसे ह्यडिजिटल इकॉनामी टास्क फोर्सह्ल के नाम से जाना जाता था। भारत में इस वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक 13 फरवरी, 2023 को लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। इस बैठक में भारत के डिजिटल कायाकल्प के सफर की रूपरेखा प्रदर्शित की गई तथा भारत में डिजिटल पब्लिक आधारभूत ढांचे एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था में साइबर सुरक्षा और डिजिटल स्किलिंग आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। नैसकोम एवं यूनेस्को द्वारा प्रदान की गई एक जानकारी के अनुसार डिजिटल स्किल गैप की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को वर्ष 2028 तक 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के नुकसान की आशंका है।

जी-20 समूह के सदस्य देशों के डिजिटल इकॉनामी वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक हैदराबाद में दिनांक 17 अप्रैल से 19 अप्रैल, 2023 के बीच हुई। इस बैठक में भारत को वैश्विक स्तर पर डिजिटल अर्थव्यवस्था का आधार माना गया। इससे भारत की जी-20 अध्यक्षता से वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवथा को बल मिलता दिखाई दे रहा है। भारत में हुई डिजिटल क्रांति पूरी दुनिया के सामने एक मिसाल के तौर पर पेश की गई।

इस बैठक में हाई स्पीड मोबाइल ब्रॉड बैंड के उपयोग और प्रभाव पर व्यापक चर्चा हुई है। भारत ने शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय एवं कृषि क्षेत्रों में डिजिटल व्यवस्था को जिस प्रकार सफलतापूर्वक लागू किया है, अन्य देश इस मॉडल को किस प्रकार लागू कर सकते हैं, इस विषय पर भी गम्भीर चर्चा हुई है। साथ ही, ह्यकनेक्टिंग द अनकनेक्टेडह्ल, ह्यसस्टेनेबल ग्रीन डिजिटल इंफ्राह्ल जैसे विषयों को आगे बढ़ाने पर भी सदस्य देशों के बीच सहमति बनी है। भारत में 5जी और 6जी तकनीक का विकास देखने जी-20 समूह के सदस्य देशों की एक टीम भारत के आईआईटी संस्थानों में भी गई है।

भारत में डिजिटल क्रांति से समूह के सदस्य देश इतने अधिक प्रभावित हुए हैं कि कई सदस्य देशों ने तो भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में अपनी रुचि दिखाई है एवं इस तकनीक को यह देश अपने यहां भी लागू करना चाह रहे हैं। भारत में डिजिटल पेमेंट सिस्टम, यूपीआई प्लेटफार्म पर अब बहुत सफल तरीके से कार्य कर रहा है। यूपीआई ने 376 बैकों को अपने साथ जोड़ लिया है और इस प्लेटफोर्म पर 11.9 लाख करोड़ रुपये के 730 करोड़ लेनदेन किए जा रहे हैं। जुलाई 2015 में भारत ने ह्यडिजिटल इंडियाह्ल पहल की शुरूआत की थी और आज इस स्थिति तक पहुंच गया है।

याद कीजिए भारत में एक दौर हुआ करता था जब सामान्य नागरिक उत्पाद खरीदने के लिए दुकानों में जाया करते थे। बेहतर विकल्प की तलाश एवं कम कीमत पर सामान खरीदने के उद्देश्य से एक दुकान से दूसरी दुकान और दूसरी दुकान से तीसरी दुकान के चक्कर लगाते थे। उत्पादों की खरीद के पूर्व बैकों में जाकर राशि निकालनी होती थी, ताकि नकद राशि अदा कर उत्पाद खरीदें जा सकें। परंतु भारत में डिजिटल क्रांति के बाद अब नागरिक विभिन्न उत्पाद चंद मिनटों में खरीद लेते हैं, वह भी मोबाइल फोन पर। कल्पना कीजिए कि आज देश में एक व्यक्ति एक सामान खरीदने के लिए यदि 6 से 8 घंटे का समय बचा रहा है तो 140 करोड़ की आबादी कितना समय बचा पा रही है। बचाए गए इस समय का सार्थक उपयोग किया जाकर देश के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया जा सकता है। ाथ ही इससे ह्यडिजिटल इंडियाह्ल को भी सहारा मिलेगा और वैसे भविष्य के आर्थिक सफर की बुनियाद भी यही है। भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था के चलते बैंक तो जैसे नागरिकों की जेब में समा गई है, क्योंकि इंटरनेट एवं मोबाइल की सुविधा से नागरिक 24 घंटे और सातों दिन रुपये को अपने खाते से दूसरे के खाते में हस्तांतरित कर सकते हैं। डिजिटल प्लेटफार्म पर उत्पादों की कीमत एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी हासिल कर उत्पाद को खरीद सकते हैं। साथ, ही यह सुविधा तो अब देश के दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में भी उपलब्ध हो गई है।

### खास बात

## लंबी आयु का राज

**प्रशांत कुमार झा**

**एक** ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्यसी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है। बक इंस्टीट्यूट के भारतीय मूल के वैज्ञानिक पंकज कपाही के मुताबिक, संकेत-मार्गों में सामूहिक रूप से होने वाली अंतर-क्रिया की खोज से मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मिश्रित चिकित्सा विधियां अपनाई जा सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दीर्घ जीवन में एक खास प्रोटीन की भूमिका का पता लगाया है।

एमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबेरेटरी की शोध टीम के प्रमुख जेरोड ए रॉलिंस के मुताबिक, हमने देखा कि कुछ कीड़े यदि पी 62 नामक प्रोटीन को अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न करते हैं तो वे अधिक समय तक जीते हैं। यह प्रोटीन दरअसल कोशिका के विषाक्त प्रोटीन को पहचान लेता है। सेनफर्ड बर्नहम प्रीबिस मेडिकल डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज का पूरा ब्योरा नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

## दुनिया एक परिवार

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यसंगानंद सरस्वती**

**एक** बार मैंने श्री स्वामी जी से पूछा, क्या आत्मा की दृष्टि, आत्मा की दृष्टि, जैसा कि किताबों में लिखा है? उन्होंने कहा, हाँ, बेशक.मैंने पूछा, रास्ता क्या है? उसने कहा, रास्ता सेवा, प्यार और देना है ।

उन्होंने नहीं कहा कि योग पर अधिक ग्रंथों का अध्ययन करें, या अधिक आसन और प्राणायाम करें, या योग पर अधिक पुस्तकें लिखें, या योग पर अधिक सेमिनार दें । नहीं! इसके बजाय उसने हमें हमारे कर्मों को सतकरमा में बदलने के लिए कहा । अपनों के लिए काम करने के बजाय दूसरों के लिए काम करो । पूरी दुनिया को अपना परिवार ही रहने दो । प्रकाश को व्यापक और दूर फैलने दो! ईशावास्य उपनिषद का कहना है कि एक ही धागा सबके माध्यम से चल रहा है । आप इसे कुछ भी कह सकते हैं: आत्मा, भगवान, परमात्मा, जागरूकता ।

आप सभी के लिए यही संदेश है । इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ से हैं, आपको आत्मा की झलक और चमक वापस लेना होगा और इसे दूसरों के साथ साझा करना होगा । जलती हुई रोशनी को अपने भीतर ले जाना है और जहाँ भी जाना है उसे फैलाना है ।

जनादेश 'दे' का महत्व यह है कि आप इसे शेयर जरूर करें । आज का आदमी एक जमावड़ा है । कुछ शेयर नहीं करना है ज्ञान भी नहीं । आप असुविधाजनक हैं, आप एक दूसरे को आसानी से संवाद नहीं करते हैं । आप खुद से संवाद भी नहीं करते । आखिर अपने आप को भूल कर आप किसको याद करते हैं?

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,
और शोहरत की कमाई क्या है,
इस बुलंदी पे आ के जाना है,
अच्छा होने में बुराई क्या है..!
**- कुमार विश्वास, कवि**

### आपके ट्वीट

**राज्य** भर में शुरू हुए 80 उत्कृष्ट विद्यालय में हजारों की संख्या में आवेदन आ रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि को 25 मई तक बढ़ाया गया है। आज ही अप्लाई करें।
**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**आपके** स्वास्थ्य मंत्री दुबई/हैदराबाद से लौटें तो पूछिए कि उनके विभाग की स्थापना समिति ने एक महिला चिकित्सक के पदस्थापन की जो संचिका आपके पास अनुमोदन के लिए भेजा है उसे ढाई माह से दबाकर क्यों बैठे हैं?
**- सरयू राय, विधायक**

### कार्टून वर्ल्ड

हमारी पृथ्वी का हाल...



## नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**- रितु लकड़ा,रांची**

## राजनीति रंग और नीति

**भाजपा** राम नाम के मुद्दे से ऊपर उठकर नए समीकरण बनाने की जुगत में लग गई है। खबरों के मुताबिक श्री मोदी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में ये कहा कि चुनाव में अब 300 दिन बचे हैं और हमें अल्पसंख्यक समुदायों के लिए काम करने के लिए इस वक्त का इस्तेमाल करना चाहिए। मिोदीजी को अब आखिरी के 3 सौ दिनों में अल्पसंख्यक समुदायों की याद आई। **- श्रीनिवास, हजारीबाग**

# नाम में ही नहीं विचारों में भी करना होगा बदलाव

### व्यंग्य

**सुशील कुमार 'नवीन'**

**मॉर्निंग** वॉक में मेरे साथ अजीब किस्से घटते ही रहते हैं। कोशिश करता हूं कि बचा रहूं पर हालात ही ऐसे बन जाते हैं कि बोले और कहे बिना रहा ही नहीं जाता। सुबह-सुबह हमारे एक दुखियारे पड़ोसी श्रीचन्द जी मिल गए। दुखियारे इसलिए कि ये 'तारक महता का उल्टा चश्मा' के पत्रकार पोपट लाल की तरह है। लाख जतन कर लिए पर विवाह का संजोग नहीं बन रहा। मुझसे बोले-आप हमारे बड़े भाई हैं। एक सलाह लेनी है। मैंने कहा-जरूर, मुझसे आपका कोई काम बने तो यह मेरा सौभाग्य होगा। एक बाबा के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर बोले-कल इस बाबा जी के पास गया था। मैंने उनसे सारी कहानी विस्तारपूर्वक सुनाने को कहा तो उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे मैं विज्ञापन में दिए गए पते पर पहुंचा। बाबा जी एक रंगीन लाइटों से जगमगाते कक्ष में सुंदर आसन पर भस्म रमाये बैठे थे। चारों ओर धूप और दीप की सुगंध बरबस उन्हीं की ओर खींच रही थी।

कमरे में मेरे प्रवेश करते ही बाबा ने अपने दिव्य चक्षु खोले। मेरी तरफ देखा और हंसकर बोले-श्रीचन्द, सब गड़बड़ी तुम्हारे नाम में है। नाम बदलना पड़ेगा। मैंने भी उत्सुकतावश इस बारे में और जानना चाहा तो बोले-बड़े भोले बनते हो। नाम श्री(लक्ष्मी) चन्द(चन्द्र, सरताज,स्वामी) रखकर 'श्री' का वरण करना चाहते हो। नहीं हो सकता। अनन्ता,अवयुक्ता,अनिरुद्धा,अदित्या, दयानिधि,दानवेन्द्र,देवेश, देवकीनन्दन तुम्हें कभी भी ऐसा नहीं करने देंगे। नाराज है वो तुमसे। मूर्ख बालक। अपने घर की 'श्री' तुम्हें कौन देगा।

बाबा लगातार बोलते जा रहे थे और मैं सुनता जा रहा था। उनके रुकने पर उपाय पूछा तो वो बोले-कृपा चाहते हो तो अपने नाम के आगे से 'श्री' हटा दो। मैंने कहा-नाम से 'श्री' हटाने से तो मजाक बन जायेगा। 'श्री' के बिना तो चन्द की कोई वैल्यू ही नहीं रहेगी। बाबा गुस्सा होकर बोले- तुम तो निरे अज्ञानी हो।'श्री' हटाने से भी तुम्हारे नाम में कोई कमी नहीं आएगी। रूपवान हो तो चन्द के साथ 'रूप' जोड़ रूपचन्द हो जाओ। परमात्मा की मेहर चाहिए तो 'मेहर' जोड़ मेहरचन्द हो जाओ। धार्मिकता रग रग में भरी हो तो 'धर्म' जोड़ धर्मचन्द हो जाओ। दयावान हो तो 'दया के चन्द' दयाचन्द हो जाओ। पूर्णता प्राप्त करनी हो तो पूर्णचन्द बन जाओ। अमरता प्राप्त करनी हो तो अमरचन्द हो जाओ। रोमान्टिक हो तो प्रेमचन्द बन जाओ। सोमप्रिय हो तो सोमचन्द हो जाओ। ज्ञानवान हो तो ज्ञानचन्द बन जाओ। बाबाजी का प्रवचन रुकने का ही नाम नहीं ले रहा था। नाम बदलने से तुम्हारा भाग्य बदलेगा या नहीं यह मैं नहीं कह सकता। पर नाम क्या, नाम में एक भी वर्ड की बढ़ोतरी और घटोत्तरी सब कुछ बदल सकती है। राम रमा तो मोहन मोहिनी, श्याम श्यामा का रूप धर लेता है तो कृष्ण कृष्णा बन जाता है। ज्ञान अज्ञान बन जाता है तो धर्म अधर्म में बदल जाता है। सत्य असत्य तो नाम अनाम बन जाता है। श्री चन्द बोले- आप भी लग गए बाबा जी जैसे ज्ञान बांटने। सीधे-सीधे समझाओ तो कोई बात बने।

मैंने कहा- मेरे भाई। सब आजमा लिया। ये भी आजमा लो। मन तो सन्तुष्ट होगा ही। कुछ मिलेगा तो ठीक अन्यथा जैसे हो वैसे तो रहोगे ही। वो बोले- मतलब। मैंने कहा- नाम के साथ विचारों में भी बदलाव जरूरी है। दुष्ट प्रवृति और नाम सुशील, ख्याल पुराने नाम नवीन, काम राक्षसों के और नाम प्रभुदयाल रखने से थोड़े भलाई पाओगे। मुखौटा छलावे के लिए ही होता है। मुखौटा पहनने का शौक है तो ये भी आजमाकर देख लो। पोपट के साथ चाहे लाल लगाओ चाहे चन्द। रहेगा तो वो पोपट ही। बॉम्ब को बम कहने से वो विनाश कम थोड़े ही न करेगा।

# पॉक्सो पीड़ित और न्याय का कठिन रास्ता

### न्याय



**मृत्युंजय प्रसाद**

**लोककल्याणकारी** राज्य व्यवस्था में किसी भी तरह के अन्याय के लिए कोई जगह नहीं है। बल्कि जहां भी कुछ गलत हुआ है, उसकी सीमित या अधिकांश भरपाई किस तरह की जा सकती है, उसके लिए राज्य अनेक कानून एवं विधि अनुरूप व्यवस्था का निर्माण करता है, जिस पर चलकर उम्मीद की जाती है कि जिसके साथ भी गलत हुआ है उसे न्याय मिलेगा । पर यह न्याय दिलाएगा कौन ? स्वभाविक है जिनके कंधे पर इस कार्य को करने का दायित्व होगा वे सभी लोग। किंतु दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि पॉक्सो पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिल रहा । जो सुविधा शासन से सुनिश्चित की है, वह भी उन्हें नहीं मिल रही है। ज्यादातर केस में पीड़ित बालिग हो गईं किंतु उन्हें जो राशि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ित प्रतिकर स्कीम में स्वीकृत कर दे देना चाहिए थी(सहायता के अभाव में कितनी बच्चियां मजबूरन अपराधी के साथ समझौते करने के लिए विवश होती होंगी? कितनी सामाजिक बदनामी के कारण अचानक से केस को वापस लेती होंगी और ऐसी कितनी होंगी जो भविष्य में जीवन निर्वाह के भीषण संकट से गुजरने के लिए मजबूर होकर अपने पैर पीछे करने के लिए मजबूर हो जाती होंगी? विश्व बैंक में डेटा एविडेंस फॉर जस्टिस रिफॉर्म कार्यक्रम से पॉक्सो एक्ट को लेकर कुछ चौंकाने वाली बातें पिछले दिनों सामने भी आईं । पॉक्सो एक्ट के 10 साल बाद एक स्वतंत्र थिंक टैंक ने देशभर की ई-कोर्ट्स के विश्लेषण में पाया कि पॉक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमों में 43.44 फीसद मामले में दोषी बरी कर दिए जाते हैं और केवल 14.03 फीसदी मामलों में ही दोष सिद्ध हो पाता है।

विश्लेषण में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 486 जिलों में स्थित ई-कोर्ट के 2,30,730 मामलों का अध्ययन किया गया था, जिसका निष्कर्ष निकला कि 22.9 प्रतिशत मामलों में आरोपी और पीड़ित एक-दूसरे को जानते थे। 3.7 फीसद मामलों में पीड़ित और आरोपी परिवार के सदस्य मिले। 18 फीसदी मामलों में पीड़ित और आरोपी के बीच पहले से प्रेम-संबंध होने की बात सामने आई, जबकि 44 फीसद मामलों में आरोपी और पीड़ित दोनों एक-दूसरे से पहले कभी नहीं मिले थे यानी पूरी तरह से अपरिचित पाए गए । इस विश्लेषण से पता चला कि पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज 56 फीसदी मामले पेनीट्रेटिव अपराधों से संबंधित हैं।


31.18 प्रतिशत मामले यौन हमले के रूप में पाए गए, जबकि 25.59 फीसदी मामले गंभीर पेनीट्रेटिव अपराधों से जुड़े थे। एक अन्य संस्था इंडिया फाउंडेशन की इसी विषय पर तैयार रिपोर्ट के आंकड़े कहते हैं कि बीते 10 साल में बच्चों से दुष्कर्म में 290 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इनमें से 64 फीसद पीड़ितों को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट (पॉक्सो अधिनियम) कानून में 2012 से आगे के 10 वर्ष वर्षों तक दर्ज घटनाओं की समीक्षा के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई है।

रिपोर्ट में साफ है कि 2012 में बच्चों से दुष्कर्म के 8,541 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2021 में इनकी संख्या 83,348 हो गई। वर्ष 2022 की रिपोर्ट अभी आएगी तब और पता चल जाएगा कि पॉक्सो मामलों में कितनी वृद्धि हुई है या पहले से कुछ कमी भी आ सकी है।

(लेखक के निजी विचार हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## समाजसेवी छीतरमल जैन पाटनी का निधन



**रांची।** समाजसेवी छीतरमल जैन पाटनी (हजारीबाग) का 17 मई को निधन हो गया। वे 80 साल के थे और अपने पीछे 3 पुत्र सुशील जैन, संजय जैन, शैलेश जैन एक पुत्री सुनीता जैन सहित पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। बताते चलें कि छीतरमल जी जैन का भारतवर्ष में अनेक संस्थानों में योगदान रहा जिसमें भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा, भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासमिति, शास्वत तीर्थ क्षेत्र मधुबन, पारसनाथ दिगंबर जैन उच्च विद्यालय, कोलुआ पहाड़ दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी, बिहार बंगाल उड़ीसा दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी मधुबन, तेरापंथी कोठी मधुबन, बीसपंथी कोठी मधुबन, सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र अमरकंटक, गुनायतन शिखरजी, सिद्धायतन शिखरजी शामिल है। श्री पाटनी का रांची के जैन समाज से एक विशेष लगाव था उनका ससुराल रांची में स्वर्गीय कन्हैया लाल गंगवाल के यहां था। उनके निधन पर रांची के समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता अजय जैन गंगवाल ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि देश के प्रमुख सामाजिक संस्थाओं में अपना जीवन समर्पित करने वाले, दूर दृष्टि से परिपूर्ण, कुशल बुद्धि के धारक, सफल संचालक, समाजसेवी, देव शास्त्र गुरु के परम उपासक, अपने परिवार के प्राण, समता परिणामी, असीम वात्सल्य की धनी, हम सभी के प्रेरणा स्त्रोत, महापुरुष, प्रेरक व्यक्तित्व के धनी, विनय शील, सहजता से परिपूर्ण, क्षमा व वात्सल्य की प्रतिमूर्ति आदरणीय जीजाजी छीतरमल जी पाटनी का हमारे बीच न होना जैन समाज की अपूरणीय बहुत बड़ी क्षति है... सादर विनयवंत होकर उनके प्रति सादर सुमन समर्पित करते हुए प्रभु से कामना करते हैं कि ऐसे असाधारण जीव को अपने चरणों में स्थान देकर असीम शांति प्रदान करें।

### आयुष मंत्रालय के कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री हुए शामिल

# नेतरहाट और पतरातू में योग एवं आयुष केंद्र के निर्माण में सहयोग करे केंद्र: बन्ना गुप्ता

**झारखंड में मेडिकल टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा**

**सीएचओ और योग प्रशिक्षक का वेतनमान में वृद्धि की मांग भी रखी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दिल्ली में आयुष मंत्रालय द्वारा दो दिवसीय 18-19 मई को आयोजित नेशनल आयुष मिशन कांन्क्लेव में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री एवं आयुष विभाग से जुड़ें अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने झारखंड की उपलब्धि को गिनाते हुए कहा कि राज्य में 745 हेल्थ एवं वेलनेश सेंटर है जिसमें 550 संविदा आधारित उ्लड कार्यरत है। झारखण्ड के 48 प्रखंडो में प्रखंड आयुष मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें 50 हजार से ज्यादा



लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है। रांची में आयुष ड्रग टेस्टिंग की स्थापना के कार्य प्रगति पर है। राज्य में एनीमिया से ग्रसित लोगों को आयुष एनीमिया किट का वितरण किया जा रहा है। जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत होमियोपेथी किट का वितरण का शुभारंभ किया गया है, ताकि लोगों को सामान्य रोग के इलाज की व्यवस्था मिल सके। राज्य में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आयुष चिकित्सकों का निबंधन किया जा रहा है। आयुष झारखण्ड के द्वारा वेबसाइट और एप्प के माध्यम से रोग और रोगियों की पहचान एवं मॉनिटरिंग का कार्य किया जा रहा है। रांची एवं जमशेदपुर में 50-50 बेड का समेकित आयुष धन्वंतरि अस्पताल एवं बोकारो, गुमला, पलामू, दुमका एवं देवघर में 10 बेड का समेकित आयुष अस्पताल का स्थापना की जा रही है, जिसमें पंचकर्म एवं रेजिमेंटल विधि से इलाज किया जायेगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र सरकार से मांग किया कि होमियोपैईथीक दवाईयो की खरीददारी में कठिनाई होती है। इसलिये भारत सरकार आयुष मंत्रालय के द्वारा होमियोपैथी दवा के खरीद को ढरव को सुचिबद्ध किया जाए, ताकि वहा से दवा खरीदी जा सके। उ्लड के वेतनमान में 10 हजार की वृद्धि और योग प्रशिक्षक के प्रोत्साहन राशि में प्रति सेशन 250 रुपए की बढ़ोतरी की मांग की है, जो अभी क्रमशः 40 हजार और 250 है। आयुष ल्हउ में अठट का प्रावधान करने की मांग, आयुष महाविद्यालय सह अस्पताल में मानव बल की वृद्धि की मांग, झारखंड में मेडिकल टुरिज्म को बढ़ावा देने हेतु नेतरहाट एवं पतरातू में योग एवं आयुष केंद्र के निर्माण में आर्थिक सहयोग के लिये केंद्र सरकार से मांग किया है।

# 47वें अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर राज्य संग्रहालय में शैक्षणिक कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 47वें अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर गुरुवार को पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा राज्य संग्रहालय रांची में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन राज्य संग्रहालय सभागार में किया गया। इसमें आरकेडीएफ विश्वविद्यालय सहित अन्य विद्यार्थियों ने राज्य संग्रहालय का भ्रमण किया। इस दौरान संग्रहालय से संबंधित विषय पर क्विज का आयोजन भी हुआ। विद्यार्थियों को संग्रहालय के गाईड निर्मला तिर्की द्वारा संग्रहालय के महत्व से परिचित कराया गया। इसके लिए विशिष्ट रूप से आमंत्रित संग्रहालय विज्ञान के विद्वानों द्वारा संग्रहालय के संदर्भ में बुनियादी जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरातत्ववेत्ता डॉ हरेंद्र सिन्हा ने की तथा उनके साथ विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में डॉ अलख देव प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ संजय तिर्की तथा डॉ



केशव चंद्र श्रीवास्तव उपस्थित थे, जिन्होंने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के थीम म्युजितम, सस्टेनेबिलिटी एण्ड वेल बीइंग पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालने के अलावा संग्रहालय के विभिन्न आयामों से परिचित कराया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिन्हा ने इस क्रम में आमंत्रित सभी विद्वानों के वक्तव्यों की समीक्षात्मक टिप्पणी भी प्रस्तुत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य संग्रहालय की स्थापना के इतिहास पर भी प्रकाश डालते हुए संग्रहालय विज्ञान की बुनियादी जानकारियां दीं। डॉ सिन्हा ने अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस की इस वर्ष की थीम पर भी प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार संग्रहालय अपनी निरंतरता के माध्यम से समाज में भलाई के लिए सक्रिय हैं। धन्यवाद ज्ञापन पर्यटन विभाग की डा नेहा मेहेन्देले ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से देविका मोंडल, प्रकाश कुमार वर्मा, वैजयंती रानी, अविनाश कुमार तथा आरकेडीएफ के प्रतिनिधि थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-35-2023, दिनांक: 18.05.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** रांची मंडल में मानसून रिजर्व के लिए स्टोन क्वैरी डस्ट की आपूर्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 45,01,920/-। **ईएमडी मूल्य:** ₹ 90,000/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय** : 12.06.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-178)


### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची आगमन एवं मॉनसून को लेकर उप प्रशासक ने की समीक्षा बैठक

# राष्ट्रपति के आवागमन के निर्धारित मार्ग समेत सभी मुख्य पथों को चकाचक करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची आगमन को लेकर गुरुवार को उप प्रशासक रजनीश कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों व कर्मियों की बैठक हुई। उप प्रशासक ने सभी वार्ड सुपरवाइजर और जोनल सुपरवाइजर को सभी मुख्य पथों पूर्ण सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी चौक चौराहों और मुख्य मार्गों से लेकर दीवारों पर रंग-रोगन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वच्छता शाखा को सभी मुख्य पथों पर विशेष सफाई





अभियान चलाने का निर्देश दिया। राष्ट्रपति के आगमन के निर्धारित मार्ग के अलावा सभी मुख्य मार्गों एवं चौक चौराहों मे नियमित रुप से झाड़ू, कूड़े का उठाव, ब्लीचिंग पाउडर एवं एंटी लार्वा दवा का छिड़काव, झाड़ियों की कटाई आदि करने का निर्देश दिया।

उप प्रशासक ने इंफोर्समेंट शाखा को नो वेंडिंग जोन में लगी दुकानों को हटाने तथा सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं शहर के मुख्य पथों पर भवन निर्माण सामग्री पाए जाने पर जुर्माना वसूलने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा हॉर्टिकलचर शाखा के कर्मचारियों को सड़कों की संदरता में लगाये गये पेड़-पौधों की सही से ट्रीमिंग करने का भी निर्देश दिया। बैठक में विद्युत शाखा के पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान सभी स्ट्रीट लाइट्स ठीक से कार्य करे। उप प्रशासक ने आगामी मॉनसून के मद्देनजर कहा कि बरसात से पूर्व सभी नालियों को नियमित रुप से साफ कर उसमें एंटी लार्वा दवा एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। वहीं आवश्यकतानुसार बड़ी नालियों की सफाई के लिए सुपर शॉकर मशीन का उपयोग करें तथा छोटी नालियों के सफाई के दौरान अन्य उपकरणों का भी उपयोग सुनिश्चित करें।

मौके पर सहायक प्रशासक शीलत कुमारी, नगर प्रबंधक जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्यकर्मी शामिल थे।


**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) के निर्माता अथवा अधिकृत बिक्रेता को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची का पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के द्वारा हजारीबाग जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) की आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 26.05.2023 को मध्यान 12.00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में स्वीकार किये जाएगें। एवं निविदा उसी दिन अपराहन् 3.00 बजे निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.hazaribag.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/-

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 297674 Fish (23-24)_D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, का कार्यालय गुमला (पंचायत शाखा)**

**आवश्यक सूचना**

उप निदेशक, पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1159 दिनांक 15.05.2023 एवं झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग का पत्रांक 916 दिनांक 09.05.2023 के द्वारा विज्ञापन संख्या-01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इन्टरमिडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तरीय मेधा सूची के आधार पर पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्रेषित की गई है। उक्त अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जाँच दिनांक 20.05.2023 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से विकास भवन जशपुर रोड, गुमला के सभाकक्ष में की जायेगी।

अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित एक-एक प्रति, हाल में खींचा गया दो (02) पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड/फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के साथ उपस्थित हो। जॉच पत्रक एवं तत् संबंधित जानकारी www.gumla.nic.in पर दिये गए लिंक के माध्यम से Download किया जा सकता है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गुमला


PR297715 (Panchayati Raj)23-24*D


# मेकॉन निर्मित एकीकृत सेमी-क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण सुविधा का संचालन शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स (आईपीआरसी-इसरो) में नव-स्थापित अर्ध-क्रायोजेनिक एकीकृत इंजन का पहला परीक्षण सफल रहा है। इस कामयाबी के साथ ही मेकॉन ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। 10 मई को तमिलनाडु के महेंद्रगिरी में जिस टेस्ट स्टैंड पर इस सेमी क्रायोजेनिक इंजन स्थैतिक हॉट टेस्ट किया गया उसका निर्माण मेकॉन ने किया है।

सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम पर इस तरह के परीक्षण के लिए मेकॉन द्वारा बनाई गई यह अपनी तरह की पहली परीक्षण सुविधा है। ये कामयाबी न केवल अन्तरिक्ष मानव मिशन के भारत



के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि प्रधान मंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकर करने की दिशा में एक लंबी छलांग भी है। इससे आने वाले दिनों में लॉन्च वाहनों के लिए इसरो की पेलोड क्षमता को बढ़ाने का रास्ता साफ होगा। इसे तैयार करने में अगर मेकॉन की भूमिका की बात करें तो डिजाइनिंग से लेकर इंजीनियरिंग, खरीद सेवाएं, शॉप फैब्रिकेशन, साइट फैब्रिकेशन, निर्माण, निरीक्षण और परीक्षण से लेकर सिस्टम की कमीशनिंग तक शामिल है। इसमें मुख्य रूप से सुपर स्ट्र^र, लोडिंग फ्रेम्स, फोल्डिंग प्लेटफॉर्म्स, स्विंग डोर्स, मूविंग प्लेटफॉर्म्स, एस्केप च्यूट, मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट और इलेक्ट्रिकल सिस्टम्स को तैयार करने के काम शामिल हैं।

# शारीरिक व मानसिक तनाव दूर रखने के लिए पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर में गुरुवार को योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में पूर्व मरीन कमांडो एवं शौर्य चक्र से सम्मानित योग गुरु प्रवीण तेवतिया, रामजीवन पांडे (योगा राज्य प्रभारी), सपन कुमार मजूमदार, चैताली मजूमदार द्वारा जगुआर के वीर जवानों को संपूर्ण योग, प्राणायाम और विभिन्न आसनों के बारे में वृहद जानकारी दी गयी। इसके अलावा जवानों को योग के फायदे के बारे में सिखाया गया। योग गुरु प्रवीण तेवतिया द्वारा जवानों के उत्साहवर्धन के लिए प्रेरणादायक युक्तियों को सुनाया गया।



आइजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने और शारीरिक-मानसिक तनाव से दूर रखने के लिए जिले की पुलिस योग का सहारा ले रही है। पुलिस कर्मियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खेलकूद गतिविधियों के साथ योग करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कि पुलिसकर्मी चुस्त-दुरुस्त रहे और मानसिक तनाव से भी दूर रहे।

आइजी ने बताया कि आमजन की सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर रहती है। वह अपनी सेवा में किसी भी प्रकार का ब्रेक लगाना नहीं जानती। ऐसे में पुलिस कर्मियों के सेहतमंद और तनाव मुक्त रहने के लिए योग को दिनचर्या में अपनाना होगा। जिससे कि पुलिसकर्मी मानसिक और शारीरिक तनाव से दूर रहे।


**समाहरणालय, चतरा।**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**

Gmail - sport.chatra@gmail.com

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 21 मई, 2023 को कर्पूरी ठाकुर भवन, इंडोर स्टेडियम, चतरा में एक दिवसीय आमंत्रण ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति के तहत आयोजित होगी तथा इस प्रतियोगिता में U-15 वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। खेल का प्रथम चक्र सुबह 07:00 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक हैं वे जिला खेल कार्यालय, चतरा से सपंर्क कर अपना नामांकन दर्ज करा सकते है। विशेष जानकारी के लिए श्री शिव कुमार साहु, प्रधान लिपिक, जिला खेल कार्यालय, चतरा मोबाईल नं0 7870238999 पर संपर्क कर सकते है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा।

PR 297758 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)D


# रांची से होकर गुजरेंगी कई स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लिया फैसला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत बिहार, यूपी और दक्षिण भारत के लिए रांची रेल मंडल से एक दर्जन से अधिक ट्रेनें गुजरेंगी। इसके अलावे कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। अतिरिक्त कोच के जरिए यात्रियों के लंबी वेटिंग लिस्ट को कम करने में जुटे रेल अधिकारियों का मानना है कि गर्मी छुप्ती के साथ लगन को लेकर लोग ज्यादा सफर कर रहे हैं। स्कूल कॉलेजों में गर्मी की छुप्तियां होने की वजह से विद्यार्थियों की भीड़ ट्रेनों में ज्यादा दिख रही है। इसके अलावा शादी-विवाह जैसे लगन के कारण भी बिहार, यूपी के लोग सफर कर रहे हैं। रांची रेलमंडल होकर गुजरने वाली ऐसे ट्रेनों में अतिरिक्त कोच के साथ कई स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए रेलवे के द्वारा चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन में एसी कोच के अलावा स्लीपर और सामान्य



श्रेणी की बोगियां दी गई है। इन गाड़ियों में से कुछ साप्ताहिक चलेंगी तो कुछ सप्ताह में 2 दिन और कुछ 3 दिनों के लिए निर्धारित की गई है। अलग-अलग तारीखों पर चलने वाली इन गाड़ियों में पानी और पैंट्री की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी रेलवे ने तैयारियां की है। हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन जो कि भाया रांची से शुरू हुई है, यह गाड़ी हैदराबाद से शनिवार को 8:35 में चलेगी और रांची, धनबाद होते हुए सोमवार को दिन के 1:30 बजे रक्सौल पहुंचेगी। इसी तरह मंगलवार को 8:30 बजे रक्सौल से चलकर भाया रांची होते हुए गुरुवार 4:50 पर सिकंदराबाद पहुंचेगी। इन ट्रेनों में एसएलआर 2 कोच, सामान्य श्रेणी के 2 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 12 कोच, वातानुकूलित 3 टियर के 5 कोच, वातानुकूलित टू टियर के 2 कोच और वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के एक कोच के साथ कुल 24 कोच उपलब्ध है।

## ट्रेनों में लगाये जा रहे अतिरिक्त कोच

इसी तरह अन्य गाड़ियों में भी वातानुकूलित कोच के साथ स्लीपर कोच की व्यवस्था की गई है। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार के अनुसार, यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जा रहे हैं। गुरुवार यानी आज पटना जाने वाली पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस और वाराणसी जाने वाली ट्रेन में भी अतिरिक्त कोच लगाकर यात्रियों के वेटिंग लिस्ट को कम किया गया। इसके बावजूद मौर्या एक्सप्रेस, दिल्ली जानेवाली गरीब रथ एक्सप्रेस, वाराणसी जानेवाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट देखी जा रही है।

**रांची रेलमंडल से चलनेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन नंबर | स्पेशल ट्रेन |
|---|---|
| 02831/02832 | धनबाद भुवनेश्वर स्पेशल |
| 08185/08186 | हटिया दुर्ग स्पेशल |
| 07255/07256 | हैदराबाद पटना स्पेशल |
| 03357/03358 | बरौनी कोयंबटूर स्पेशल |
| 08587/08588 | विशाखापत्तनम भुवनेश्वर स्पेशल |
| 05671/05672 | रांची गुवाहाटी एक्सप्रेस स्पेशल |
| 07051/07052 | हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल |

### पवित्रम संस्कार वाटिका का समर कैंप कल से

**रांची।** बच्चों के भविष्य को संस्कारों से, देश से, संस्कृति से, मिट्टी से जोड़ने के उद्देश्य से 5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 20-21 मई को समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। पवित्रम मातृशक्ति की संरक्षिका रीता सिंह ने बताया कि समर कैम्प के अंतर्गत बच्चों को योगा, क्रिएटिविटी, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, वैदिक शिक्षा, सेवा, पर्यावरण, अग्निहोत्र, गो महत्ता, देश भक्ति के बारे बताया जायेगा।


**समादेष्टा का कार्यालय, प्रथम वाहिनी, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, रॉंची**

**-: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस वाहिनी की 10(दस) सरकारी वाहनों के लिए निम्नांकित CEAT टायर ट्यूब क्रय किया जाना है। अतएव इच्छुक बिक्रेताओं से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.06.2023 तक निर्धारित की जाती है। अतः इच्छुक बिक्रेताओं से दिनांक 15.06.2023 तक निविदा निश्चित् रूप से झा0स0पु0-1, डोरण्डा, रॉंची अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे।

| क्र. स. | वाहनों के प्रकार | वाहनों के संख्या | CEAT टायर/ट्यूब के प्रकार | आवश्यकता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tata 709 Truck | 08x7 | 07:50:16 | 56 Pc |
| 2. | Tata Sumo | 02x5 | 215/75R15 | 10 Pc |
| | | 10 Vehicle | | 66 Pc |

निविदा में आपूर्तिकर्त्ता का झारखण्ड राज्य का GST/CST अद्यतन प्रमाण पत्र का होना आवश्यक है। आपूर्तिकर्त्ता का सामान का दर बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए। निविदा को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा।

ह./-

समादेष्टा झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-1, रॉंची।

PR.NO.297713 Police(23-24):D

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 11/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :- जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :- दिनांक 05.06.23 को 10:00 पूर्वाहन से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 06.06.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 06.06.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :- जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।

| क0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सदर | सुशील कॉलौनी संख्या-01, आवास संख्या-06 का मरम्मति कार्य। | 1496900.00 | 2500.00 | 30000.00 | तीन माह |

नोट :- 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग

PR 297686 District(23-24)#D

स्पीड न्यूज

## इटकी : बिजली चोरी करते पांच धराये, केस

**इटकी।** बिजली चोरी रोकने व बकाया वसूली को लेकर विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार को रानीखटंगा गांव में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव में पांच लोगों को बिजली का अवैध रूप से उपभोग करते पाया गया। इन सभी के विरुद्ध अर्थदंड के साथ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इसमें अर्जुन भगत 8500, अफसर अंसारी 10500, समीउल्लाह अंसारी 8500, रबूल अंसारी 19072 व सुरेश मिंज 10500 के नाम शामिल हैं। छापामारी में जेई राजेंद्र प्रसाद चौधरीए अंचल कुमार महतोए सुखनाथ सिंह व शिवराज गोप सहित अन्य शामिल थे।

## नगड़ी में मंडा पूजा की तैयारी जारी

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी मंडा पूजा समिति के बैनर तले नगड़ी मंडा पूजा की तैयारी पूरे जोर शोर से चल रहा है। समिति के दारा राधाकृष्ण मंदिर मंडा टांड़ और नगड़ी के नया तालाब की साफ सफाई की गई है इधर मंडा पूजा शामिल स्थानीय दर्जनों भोक्ताओं ने अर्धनारीश्वर का रूप धारण कर पंरपरा के अनुसार मंडा भोक्ता नृत्य का भगवान शिवामनी महेश की जयकारा आज मंडा पूजा शामिल स्थानीय दर्जनों भोक्ताओं ने मंडा टांड़ और देवरी पंचायत के कुड़लाटोली में शिव बजरंग बली मंदिर के समीप मंडा भोक्ता नृत्य किया।

## छेड़छाड़ के विरोध करने पर मारपीट कर किया घायल

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के हेसल निवासी सरीफन खातुन ने गांव के सिदीक अन्सारी पर अपनी विकलांग बेटी के साथ गलत नियत से छेड़ छाड़ करने का आरोप लगाया है। साथ ही छेड़ छाड़ का विरोध करने पर उसके बेटे तबरेज अन्सारी के साथ जान लेवा हमला करने तथा गले मे गमछा बांध कर दबाने तथा जान से मारने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया है। मारपीट से तबरेज अन्सारी जख्मी है तथा उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल स्वर्ण रेखा अस्पताल टाटी सिलवे में भर्ती कराया गया है। इस संबध में अनगड़ा पुलिस ने बताया कि मामला पुलिस के संज्ञान में आया है और मामले की जांच की जा रही है दोषी के विरुध कार्रवाई की जाएगी।

## असंगठित मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**खलारी।** असंगठित मजदूरों का सीएमपीएफ बोनस भुगतान में विलंब व सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के प्रबंधन के द्वारा मजदूरों को वर्षो से छलावा रणनीति से आहत होकर युयूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा हैण बताना चाहते है कि असंगठित मजदूरों का 2013 से लेकर 2022 तक का सीएमपीएफ व बोनस का भुगतान संचालित कंपनियों के द्वारा नही किया गयाण जिसपर सीसीएल के द्वारा कई वर्षों से अथवा कई बार का बैठक सीसीएल व कंपनी के अधिकारियों के साथ वार्ता किया गयाण सीसीएल के बैठक में सिर्फ अस्वाशन के अलावे मजदूरों को कुछ नही मिलाण जिसे लेकर पिपरवार जीएम कार्यालय के समक्ष चौथे दिन धरना जारी रहाण मौके पर कृष्णा चौहानए प्रेम कुमारए अशोक रामए दिनेश भरए जितेंद्र सिंहएचंदन शर्माएअजीत पांडेएसंतोष प्रजापतिए टेकलाल महतो आदि मौजूद थे।

# 150 बोरी डोडा लदा ट्रक जब्त, चालक फरार

### जिला पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के संयुक्त अभियान में मिली सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** 26वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल सी कंपनी बासुकोंचा और तमाड़ थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर कुबासाल बाजार के समीप भारी मात्रा में डोडा लदे हुए एक ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की जंगल के रास्ते भारी मात्रा में मादक पदार्थ डोडा को अवैध रूप से बाहर भेजा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम गठित कर कुबासाल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। तभी एक ट्रक आरजे 19 जीई 5882 जंगल की तरफ से आता दिखाई दिया। जिसको रोकने के लिए पुलिस ने इशारा किया। वहीं सामने पुलिस को देख चालक और उप चालक ट्रक छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने ट्रक के तलाशी के दौरान 150 प्लास्टिक बोरियों में बंद डोडा पाया। जिसका वजन करीब 2259 किलो है। छापेमारी अभियान में एसएसबी के सहायक कमांडेंट भोला सिंह, उप निरीक्षक कश्मीर सिंह, मुख्य आरक्षी घनश्याम सिंह, सामान्य आरक्षी त्रिलोक राम, राकेश कुमार, रूपिंदर सिंह, एएसआई अजय प्रताप सहित एसएसबी तथा जिला पुलिस के जवान शामिल थे। डोडा जब्त किये जाने को पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है।



### अफीम तस्कर धराया, हथियार और अफीम जब्त

**सोनाहातू।** ग्रामीण एसपी नौशाद आलम के निर्देश ओर डीएसपी बुंडू अजय कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल, मुकेश यादव, अभिमन्यु कुमार और पुलिस बल ने एक युवक को देशी पिस्तौल, सवा किलो अफीम, बाइक और चाकू के साथ गिरफ्तार किया। मामले का खुलासा ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेंस में किये।ग्रामीण एसपी ने कहा कि गुप्त सूचना मिली कि बुंडू एतमाड़ में अफीम के धंधा करने वाले सोनाहातू की ओर जा रहे है। तत्काल 5 बजे शाम के आसपास भकुवाडीह मोड़ पर चेकिंग अभियान शुरू किया गया। चेकिंग के दौरान एक बाइक में सवार दो युवक पुलिस की चकमा देकर भाग निकले। पुलिस ने पीछा कर बांकु हरि मन्दिर के सामने पकड़ा। बाइक में सवार पीछे का युवक अंधेरे में भाग गया। बाइक चलाने वाले को पुलिस ने पकड़ा। बाइक में एक थैली में सवा किलो अफीम जब्त किया गया तथा युवक के कमर में देशी पिस्तौलए ओर चाकू बरामद किया गया। बाइक समेत को युवक को गिरफ्तार किया गया। युवक चौका थाना क्षेत्र के डूंगरीडीह गांव का रहने वाला है। भाग निकला युवक बुंडू-तमाड़ थाना क्षेत्र से अफीम खरीद कर ले जा रहे थे।

## रातू: कमड़े से एस्बेस्टस लदे 407 ट्रक की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र में चार पहिया वाहन की लगातार हो रही चोरी से मालिकों में भय का माहौल है। बुधवार की रात अपराधियों ने कमड़े देवी मंडप परिसर में एस्बेस्टस लदे खड़ी 407 ट्रक जेएच 01एडी 7584 को निशाना बनाया। ट्रक द्वारिकापुरी निवासी शरविंदु कुमार की है। मामले को लेकर श्री कुमार की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 379 के तहत कांड संख्या 203-23 दर्ज कराया गया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटनास्थल का कॉल डंप भी कराया जायेगा।

**कैसे हुई चोरी :** चालक रंजन कुमार ट्रक लेकर धुर्वा महुआटोली स्थित रामको इंडस्ट्री पहुंच एस्बेस्टस लोड कराया। उसे बीजूपाड़ा चौक स्थित राहुल ट्रेडर्स ले जाना था। रात हो जाने की वजह से वह गाड़ी खड़ी कर द्वारिकापुरी स्थित अपना घर चला गया। गुरुवार की सुबह पांच बजे जब वह आया तो ट्रक को गायब पाकर उसके होश उड़ गये।

## अमेरिकी टीम ने किया सोलर लिफ्ट एरिगेशन का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नगड़ी गांव में अमेरिका से आई टीम के सदस्य ने सोलर लिफ्ट एरिगेशन का अवलोकन किया। एचडीएफ सी प्रोजेक्ट टीआरईएफ संस्था की ओर से अमेरिका से आई टीम ने प्रखंड के नगड़ी टोली में सोलर लिफ्ट एरिगेशन का निरीक्षण किया गया। जहां अमेरिका से आयी मिस निन्डी, मिस मोनिका, रांची से अभिषेक, कोडिनेटर सचिन ने नगड़ी में लगे सोलर से संचालित लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम पर चर्चा करते हुए सीएलएफ में समूह की दीदीयों को क्या क्या फायदा है उनसे जानकारी लिया। जहां समूह की दीदियों ने बताया कि सिंचाई के लिए किसी प्रकार का बिल नहीं देना पड़ता है। सोलर से जान माल का खतरा नही है। इसे आसानी से चलाया जा सकता है। इसके पूर्व अतिथियों का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। इस मौके पर उनके साथ मौजूद लोगों में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर टीआराईएफ के रायमनी टोपनो, चंदन कुमार, मुकेश कुमार, किसवा धान, बुधनी धानए प्रभामुनि कुजूर, सुमरी उरांव आदि मौजूद थे।

## ग्रामीण जलापूर्ति निर्माण कार्य का शिलान्यास

### 5 करोड़ की लागत से होगा निर्माण



खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के नावाडीह गांव में 5 करोड़ लागत से बनने वाली ग्रामीण जलापूर्ति निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किये । नावाडीह पंचायत के 1644 परिवार को पाइप लाइन से घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना में 37 बोरिंग किया जायेगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये विधायक ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी के लिए वृहद पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। पूरे विधानसभा में हर घर तक पानी पहुंचाने के लिये 350 करोड़ की योजना चल रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। शिक्षा को मजबूत और विकसित करने के लिये कई कार्यक्रम चल रहा है। ज्ञात हो कि इन विकास योजनाओं के पूर्ण हो जाने पर आम लोगों कोा इससे काफी सहूलियत होगी। मौके प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ, प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश महतो, पंचायत समिति सदस्य भानुमति देवी, ग्राम प्रधान उदय सिंह मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, प्रकाश सिन्हा, जगन्नाथ मुखर्जी, हरीश मुंडा, संजीव लोहरा, म्युक भूषण महतो, मीरा महतो सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

## नगड़ी के साहेर डमटोली में सरना झंडा गड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** आदिवासी लोहरा समाज के द्वारा नगड़ी के साहेर डमटोली गांव में सरना झंडा गड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर लोहरा समाज की महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में सरना स्थल पहुंचे और ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक तरीके से सरना माता की पूजा अर्चना की। फिर विधि विधान से गांव के पहान सूरज मुंडा ने सरना झंडागड़ी कार्यक्रम संपन्न कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी लोहरा समाज की प्रखंड महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सीमा लोहराए और नगड़ी 21 पड़हा अध्यक्ष सुनील कच्छप ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजी पडहा सरना प्रार्थना सभा की राष्ट्रीय प्रचारिका रेणु तिर्की उपस्थित थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोहरा जाति झारखंड राज्य के 32 अनुसूचित जनजाति में से एक है। आज लोहरा जाति के लोगों के अशिक्षित होने के कारण उनकी जमीन को लुटने के लिए आदिवासी लोहरा को गैर आदिवासी पिछड़ी जाति में कर दिया गया था। आदिवासी लोहरा समाज अब एक जुट होकर किसी भी षड्यंत्र को सफल नहीं होने देंगे। मौके पर साहेर पंचायत के मुखिया परदेशिया उरांव ए अनिल उरांवए जितेन्द्र खलखोए संध्या उराईनए सुखमनी उराईनए गणेश लोहरा सहित बड़ी संख्या लोहरा और आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।

## बोकारो एसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक

**बेरमो/तेनुघाट।** एसडीपीओ कार्यालय तेनुघाट में बोकारो एसपी चंदन कुमार झा ने गुरुवार को बेरमो अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अनुमंडल के सभी थानों के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सभी लंबित मामले व लंबित अनुसंधान का समीक्षा किया गया। साथ ही विशेषकर वैसे लंबित मामले जो विगत कई वर्षों से लंबित हैएउसका निष्पादन करने संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश सभी थाने के पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया।

## सुदेश महतो ने किया सड़क चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा/सिकिदिरी।** प्रखंड के सिंगारी से हुंडरू बूटगोड़ा तक पथ का चौड़ीकरण एंव मजबूतीकरण कार्य का गुरुवार को शिलान्यास किया गया। सड़क शिलान्यास सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधिवय नारियल फोड़ कर किया स सडक का निर्माण पथ निर्माण प्रमंडल विभाग राची ग्रामीण के द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए पथ निर्माण विभाग की ओर से 15 करोड 74 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है । इस मौके पर पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि उक्त सड़क पूर्व मे आरइओ से बना था, लेकिन पर्यटन की दृष्टिकोण से उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कराया गया है ताकि सड़क का निर्माण कार्य गुणवक्तापूर्ण हो सके। उन्होने कहा कि सड़क के निर्माण में गुणवक्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कार्य में निगरानी रखने को कहा। शिलान्यास कार्यक्रम में मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह भोगता, ग्रामप्रधान जयशंकर पाहन, मुखिया सुमित्रा देवी, पंसस दिलीप बेदिया, मुखिया सहदेव बेदिया, मुखिया भुवनेशवर बेदिया, धर्म देवी रजवार, पंस सदस्य शीतल देवी, बालेशवर बेदिया, ग्रामप्रधान महेश बेदिया, पंस सुना बेदिया, श्याम सुंदर बेदिया, बिक्रम ठाकुर, दिनदयाल बेदिया, सोमरा बेदिया, शंकर बेदिया, भोला बेदिया, बबलू अंसारी सहित सैंकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

> उक्त सड़क प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में सूचीबद्ध था तथा उक्त सड़क का जेएसआर आरडीए द्वारा भी निविदा निकाला गया था जेएसआरआरडीए के द्वारा सड़क का प्राकुलन करीब साढ़े पांच करोड़ रुपये का था।

## एक नजर में

### लिटिल स्टार प्ले स्कूल पिठोरिया में समर कैंप



**पिठोरिया।** गुरुवार को लिटिल स्टार प्ले स्कूल पिठौरिया में समर कैंप का अयोजन किया गया। समर कैंप में बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्टए म्यूजिकए डांसए वाटर एक्टिविटी आदि कई प्रतियोगिता कराया गया, जिसे बच्चों ने काफी उत्साह के साथ किया। कैंप में एल के जी से क्लास टू तक के बच्चों को शामिल किया गया था। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका नीतू कुशवाहा ने बतया कि बच्चों के बीच इस तरह के प्रतियोगिता होने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। कैंप के अयोजन में स्कूल प्रबंधन के साथ सभी शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान स्कूल की प्रतिभा, रेखा, प्रीति, खुशबू, सोनी, साइमा, रीत, अंशु इत्यादि की अहम भूमिका रही।

### मल्टी गांव की धार्मिक जमीन बचाने के लिए डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**नामकुम।** गुरुवार को प्रखंड का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त राहुल सिन्हा से मिलकर प्रखंड के मल्टी गांव के पहनई धार्मिक एवं सामाजिक जमीन पर हो रहे निमार्ण को लेकर उपायुक्त को अवगत कराया,प्रतिनिधमंडल का कहना था कि इस जमीन की ना तो बिक्री हो सकती है ना ही इसका हस्तांतरण हो सकता है, ऐसे में जमीन पर गांव का सामुहिक मालिकाना हक होता है, ऐसी जमीन पर जबरन निर्माण कार्य करने का काम किया जा रहा है,गांव की सामाजिक धार्मिक जमीन की लूट के खिलाफ कई बार गांव में ग्रामसभा किया गया जिसमें सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे जिसमें एक स्वर में धार्मिक सामाजिक जमीन पर जबरन कब्जा का विरोध किया गया था, इसके बावजूद पहुंच और पैसा के बल पर जमीन पर कब्जा करने का काम जारी है, प्रतिनिधिमंडल को उपायक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई का भरोसा दिया।

## जनसंपर्क अभियान में जुटें कार्यकर्ता : दीपक

### सिमलिया में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि पार्टी कार्यकर्त्ता मिशन 2024 की सफलता के लिये घोषित 30 मई से 30 जून तक जन संपर्क अभियान में जुटें और केंद्र सरकार की उपलब्धियों से ग्रामीणों को अवगत करायें। इससे वोटरों का विश्वास जीतने में मदद मिलेगी। उन्होंने लोगों को कई जरूरी टिप्स भी दिये। वह गुरुवार को सिमलिया स्थित महतो हाईट्स सभागार में भाजपा की ओर से आयोजित जिला कार्यसमिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। अध्यक्षता सुरेंद्र महतो ने कीए जबकि संचालन प्रीतम साहू और नरेंद्र ने किया।



### इन्होंने भी रखी बातें

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, कांके विधायक समरीलाल, खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, कांके के पूर्व विधायक जीतू चरण राम, रामाकांत महतो, मनोज बाजपेयी, अजय तिवारी, लाल पंकज नाथ शाहदेव, अमरनाथ चौधरी, प्रभुदयाल बड़ाईक व मनोज चौधरी।

### बैठक में लिया हिस्सा

कामेश्वर महतो, संजीव तिवारी, परमेश्वर गोप, इमरान खान, रामकुमार दुबे, विनय कुमार महतो, प्रमोद कुमार सिंह, गोरखनाथ सिंह, नेहा सिंह, शशिकांत सिंह, जैलेंद्र कुमार, आरती कुजूर, राकेश केशरी, मुकेश प्रसाद, खदी उरांव, गोपाल महतो, लालेश्वर महतो, विवेक जायसवाल, जगरनाथ भगत, सतीश साहू।

## सअनि दिलीप कुमार को नामकुम थानेदार ने किया पुरस्कृत

**नामकुम।** गुरुवार को नामकुम थाने में आयोजित एक सादे समारोह में थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने पीसीआर 18 के सअनि दिलीप कुमार रजक को पुरस्कृत किया थानेदार श्री, तिवारी ने बताया कि सअनि दिलीप कुमार द्वारा दिनांक 14 मई को कांड के पश्चात भागने पर आम जन के वाहन से पीछा कर पकडा गया और थाने को सुपूर्द किया गया कांड के अभियुक्त के पकडाने से कांड का उदभेदन हो गया और सअनि के साहसिक कार्य के लिए उन्हे पुरस्कृत किया गया, इससे अन्य पदाधिकारियों में भी आगे बढ़ कर कार्य करने की प्रेरणा जगेगी।

## खलारी: झारखंड पार्टी गठन को लेकर चुरी पूर्वी में बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** चुरी पूर्वी पंचायत भवन में झारखंड पार्टी गठन के लिये ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता चूरी ;खलारीद्ध में ग्रामीणों की समाज सेवी नगीना देवी ने किया। बैठक में उपस्थित समाज सेवी व झारखंड पार्टी के सदस्य अनिल कुमार पासवान ने मौजूद ग्रामीणों को जल, जंगल, जमीन की पार्टी झारखंड पार्टी के इतिहास से अवगत करायाण कहा कि अपने समाज की प्रगति, उन्नति और विकास के लिए अब लोगों को सता की बागडोर को खुद संभालने होंगे, तभी अपने क्षेत्र का विकाश होगाण इस महंगाई और बेरोजगारी के दौर में कस्तूरबा गांधी और सेंट्रल स्कूल न खुलने से अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में महंगी फीस होने के कारण पढ़ाने में असमर्थ हो रहे हैं। सैकड़ों लोग इस बदलाव के लिए जल, जंगल, जमीन की पार्टी झारखंड पार्टी का दामन आगामी दिनों में थामेंगे। वहीं चुरी उतरी पंचायत के सुभाष नगर खलारी प्रखंड में सोनू कुमार अध्यकता में बैठक हुई। इसमें बेरोजगारी से परेशान युवा साथी व नौजवान मौजूद थे।

# कलश यात्रा के साथ चाय बागान में जेठी काली पूजा शुरू

### कलश यात्रा में शामिल हुईं 500 महिला और कन्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** गुरुवार को मिश्रा काली पूजा समिति चायबगान के तत्वावधान में भव्य कलष यात्रा निकाली गयी। इस दौरान सुबह लगभग साढे नौ बजे पाचं सौ एक महिलाओं ने कलष यात्रा निकाली। महिलाएं पूजन कर माथे पर कलष लेकर पूजा स्थल से स्र्वणरेखा नदी तक गयी वहां से कलष में जल भरकर वापस पूजा स्थल लौटी और पूजन कार्यक्रम की षुरूआत कर दी गयी। पूजा के आयोजक पंडित परमानन्द मिश्रा ने बताया कि गुरूवार रात में काली पूजा तथ बलिदान हुआ । षुक्रवार सुबह 56 भोग बलिदान तथा संध्या सात बजे महाआरती और प्रसाद वितरण होगा। षनिवार को पूजा हवन,बटुक एंव कुमारी पूजन भंडारा एंव प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। वहीं रविवार को पूजा आरती खिचडीभोग एंव संध्या में मूर्ति विर्सजन कराया जाएगा।

### राहे में अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू



**राहे।** राहे में भव्य कलश यात्रा के साथ नवरात्र हरीनाम संकीर्तन हुआ प्रारंभ। कोकरो नदी में पुरोहित के द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ पवित्र जल को कलश में लेकर महिलाएं कलश यात्रा प्रारंभ किया। गांव भ्रमण के बाद हरि मंदिर में कलश के जल से जलाभिषेक किया गया। अखंड नवरात्र हरीनाम संकीर्तन को लेकर गांव भक्तिमय हो गया है। नौ दिनों तक पूरे गांव में मांस.मछली खरीदए बिक्री ओर सेवन बंद रहेगा। बंगाल, झारखंड और उड़ीसा के कीर्तन मंडली द्वारा हरीनाम संकीर्तन किया जाना है। समिति के मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुशांत सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, विनोद रक्षित, सुधीर दास गोस्वामी सहित समिति के सभी सदस्यों के देख रेख अनुष्ठान को संपन्न किया जा रहा है।

# प्रतियोगी परीक्षा के लिए सामान्य अध्ययन के प्रश्न

■ लूणी नदी किस राज्य में बहती है
**उत्तर** – राजस्थान

■विश्व में अभ्रक का प्रमुख उत्पादक देश है ।उत्तर - भारत

■ सांताक्रूज हवाई अड्डा कहाँ है ?उत्तर - मुम्बई

■ भारत की प्रथम पूर्णत रंगीन फिल्म कौन थी ?उत्तर - झांसी की रानी

■ प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?उत्तर - के. सी. नियोगी

■ भारत में गरीबी रेखा से नीछे रहने वाले सर्वाधिक% किस राज्य में है ?उत्तर - उड़ीसा

■ काली मिट्टी किस फसल के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त मणि जाती है ?उत्तर - कपास

■ विश्व एड्स दिवस कब मनाया जाता है ?उत्तर - 1 दिसम्बर

■ कोका-कोला कम्पनी का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?उत्तर - एटलांटा

■ लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम उम्र होनी चाहिए ।उत्तर - 25 वर्ष

■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में कब मनाया जाता है ?उत्तर - 8 मार्च

■ कान्हा राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है ?उत्तर - मांडला

■. भारत का परमाणु रिएक्टर का ध्रुव कहाँ स्थित है ?उत्तर - ट्राम्बे

■ 'स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी' कहाँ स्थित है ?उत्तर - न्यूयार्क में

■ 'रेड क्वायर' कहाँ स्थित है ? उत्तर - मास्को में


प्रमोद कुमार

■ आस्वान बांध किस नदी बना है ? उत्तर - नील नदी पर

■ 'पेंटागन' क्या है ? उत्तर - अमेरिका के रक्षा विभाग का कार्यालय

■नर्मदा नदी का उद्गम स्थान है । उत्तर - अमरकंटक

■किसी पिन कोड का प्रथम अंक कहलाता है ।
उत्तर - डाकघर से सम्बंधित पोस्टल जॉन की संख्या

■ कौन सी जल-संयोगी यूरोप को अफ्रीका से अलग करती है ?उत्तर - जिब्राल्टर

■ भारत में न्हावासेवा बन्दरगाह स्थित है ।उत्तर - मुम्बई के पास

■कौन सा बन्दरगाह पश्चिमी तट पर है ?उत्तर - पाराद्वीप

■ शिवा जी को औरंगजेब का बन्दी किस राजदूत ने बनाया ?उत्तर - राजा जयसिंह

■ राजस्थान की किस रानी ने बादशाह हुमायूँ के पास राखी भेजकर बहादुर शाह के विरुद्ध सहायता की याचना की थी?उत्तर - रानी कर्णावती

■ सरदार सरोवर परियोजना किस नदी पर स्थित है ? उत्तर - नर्मदा नदी पर

■ राजस्थान में रेल वेगन का कारखाना कहाँ स्थित है ?उत्तर - भरतपुर में

■ स्वतन्त्रता से पूर्व भारत में कुल देसी रियासते थीं ।उत्तर - 562

■ ब्रिटिश संसद ने भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम कब पारित किया था ?उत्तर - जुलाई 1947

■ भारत विभाजन परिषद के अध्यक्ष लार्ड माउंटबेटेन ने भारत विभाजन की घोषणा कब की थी ?उत्तर - 3 जून 1947 को

■ द्विराष्ट्र की बात सर्वप्रथम किसने किसने की थी ?उत्तर - मो ईकबाल ने

■'फरवार्ड ब्लॉक' की स्थापना किसने की थी? उत्तर - सुभाष चन्द्र बोस ने

■ गांधी जी के विरोध के बाद भी किसको कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया ? उत्तर - सुभाष चन्द्र बोस को

■ 13, अप्रैल 1919 को अमृतसर में हुआ जलियाला वाला बाग हत्याकांड किसकी गिरफ्तारी के विरोध में हुआ ?उत्तर - सत्यपाल एवं सैफुद्दीन किचलू

# भारतीय रेल में युवाओं के अवसर


नागेन्द्र सिंह



भारतीय रेलवे का दूर-दराज के इलाकों में सतत विस्तार और बड़े शहरों में मेट्रो परियोजनाओं का प्रसार स्पष्ट दर्शाता है कि आने वाले समय में रोजगार के नए अवसरों का सृजन इस विशिष्ट क्षेत्र में होगा। दिलचस्प बात यह है कि दसवीं से लेकर इंजीनियरिंग-मेडिकल डिग्रीधारकों तक के लिए विभिन्न प्रकार के पद रेलवे परिचालन से जुड़े विभिन्न विभागों में हैं। ये भर्तियां रेलवे रिकूटमेंट बोर्ड्स, यूपी एससी, आदि द्वारा समय-समय पर संचलित होने वाली परीक्षाओं-साक्षात्कारों के माध्यम से की जाती हैं।

वर्तमान समय में भारतीय रेल पाकिस्तान, नेपाल और बाग्ला देश के अंतरराष्ट्रीय परिवहन से जुड़ी है। भविष्य में चीन, म्यानमार और वियतनाम से भी रेल सेवा जोड़े जाने की योजना पर काम चल रहा है। इसी प्रकार प्रमुख पदों में सहायक स्टेशन मास्टर, टिकट कलेक्टर, कर्मिशयल अप्रेंटिस, ट्रैफिक, क्लर्क, गार्ड, टाइपिस्ट राजभाषा सहायक के अलावा विभिन्न मैंनेजमेंट और टेक्नीकल कैडर का खासतौर से नाम लिया जा सकता है।

अक्सर युवा प्रोफेशनल कोर्सेज और मल्टीनेशनल कंपनियों में जॉब्स पाने की होड़ में रेलवे जैसे विभागों को करिअर निर्माण के लिहाज से नजरअंदाज कर बैठते हैं। रोजगार समाचार के लगभग प्रत्येक अंक में रेलवे की रिक्तियों को भरने से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित होते रहते हैं। ये विज्ञापन देश के 19 शहरों में स्थित 19 रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड्स द्वारा जारी किए जाते हैं। इनमें से प्रत्येक की अपनी अलग वेबसाइट्स हैं। इनकी विस्तृत सूची बॉक्स में दी गई है।

रेलवे द्वारा आयोजित की जाने वाली शीर्ष चयन परीक्षाओं में भारतीय रेलवे यातायात सेवा व भारतीय रेलवे लेखा परीक्षा, भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा, इंजीनियर्स सेवा आदि के लिए प्रत्याशियों का चयन किया जाता है। सामान्य तौर पर यूपीएससी द्वारा इनका आयोजन किया जाता है। जबकि ग्रुप सी वर्ग के पदों के लिए भर्ती रेलवे भर्ती बोर्ड्स के जरिए साल भर चलती रहती है। इसी प्रकार 12 वीं पास युवाओं के लिए स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिस परीक्षा में शामिल होने का मौका मिल सकता है। सफल प्रत्याशियों को चार वर्षीय इंजीनियरिंग कोर्स के साथ रेलवे से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जाता है। इस दौरान 4 हजार महीने की स्कॉलरशिप का भी प्रावधान है। सामान्य प्रकार के पदों, सहायक स्टेशन मास्टर, गाड्र्स, क्लर्क, टिकट कलेक्टर, ट्रैफिक अप्रेंटिस, स्टेनोग्राफर, कैटरिंग मैंनेजर आदि के लिए भर्ती के आधार लिखित चयन परीक्षा होती है। इनमें ऑजेक्टिव टाइप प्रश्न पूछे जाते हैं। तीन लाख पद रिक्त हैं। इनमें अंग्रेजी, हिंदी, सामान्य ज्ञान, अंकगणित, क्वांटेटिव एवं टेक्ट ऑफ रीजनिंग से संबंधित प्रश्न होते हैं।

## साइको टेस्ट

रेलवे लोको पॉयलट रेलवे का सबसे महत्वपूर्ण पदों में एक है। इसके लिखित परीक्षा के साथ ही मनावैज्ञानिक परीक्षण का प्रावधान है। दसवीं पास आइटीआई उतीर्ण छात्रों के लिए लोको पॉयलट के रूप में एक बड़ा अवसर मिलता है। उन्हें वेतनभत्ता के साथ टीए भी मिलता है साथ ही ओभर टाइम का भी प्रावधान है। साइको टेस्ट मानसिक स्थिति की तीव्रता का अध्ययन करने वाला टेस्ट है। यह कठिन नहीं है लेकिन इसका अभ्यास आवश्यक है।

## सांस्कृतिक कोटा

यही नहीं रेलवे में बाकायदा सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कलाकारों को भी चयन प्रक्रिया एवं उनके अनुभवों के आधार पर नियुक्त किया जाता है। इनकी आयु सीमा 18 से 33 वर्ष हो सकती है और इनका कम से कम दसवीं पास होना जरूरी है। इनके चयन में मान्यता प्राप्त संस्थान से संगीत, नृत्य, नाटक आदि में प्रमाणपत्र के अलावा लिखित चयन परीक्षा का भी सहारा लिया जाता है।

## ग्रुप डी की बहाली

अगर ग्रुप डी के पदों की बात करें तो इनमें हेल्पर, खलासी, ट्रॉलीमैन, ट्रैकमैन इत्यादि का उल्लेख किया जा सकता है। इनमें आठवीं पास युवा आवेदन कर सकते हैं। चयन का आधार लिखित परीक्षा, साक्षात्कार हो सकता है। आयु सीमा 18 से 33 वर्ष के बीच हो सकती है। इसके लिए एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसमें गणित, सामान्य अध्ययन से सवाल पूछे जाते हैं।

रेलवे सिस्टम में मौजूदा लगभग 350 स्कूल कार्यरत हैं जिनमें लगभग साढ़े पांच हजार अध्यापक हैं। इनकी भर्तियां टीजीटी, पीजीटी, टीचर, प्राइमरी टीचर, फिजीकल एजुकेशन इंस्ट्रक्टर अथवा लाइब्रेरियन के रूप में लिखित परीक्षा के आधार पर की जाती है। अगर देखा जाए तो समाज के प्रत्येक वर्ग और कम से ज्यादा शिक्षित वर्ग के लोगों के लिए रेलवे में रोजगार की कमी नहीं है। इसकी चयन परीक्षा में सफल होने के लिए प्रेक्टिस और सैद्धांतिक ज्ञान का होना आवश्यक है।

1. आंकड़ों के मुताबिक रेलवे में लगभग 4.5 लाख वर्कशाप कर्मचारी एवं कलाकार हैं और लगभग 9.5 लाख अन्य श्रेणियों से हैं।
2. देश में मेट्रो परियोजनाओं के विस्तार की वृहत योजना है जिन पर आगामी 10 वर्षों में 1 लाख करोड़ से अधिक निवेश हो सकता है।
3. आईटीआई से पास युवाओं के लिए रेलवे में सहायक लोको पायलट, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, वायरमैन, आर्मेचर एंड क्वाईल बाइंडर टर्नर इत्यादि पदों पर रोजगार की संभावना
4. डिप्लोमाधारक इंजीनियरों के लिए सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल आदि शाखाओं से संबंधित जूनियर इंजीनियर पदों पर नियुक्ति के विकल्प हैं।
5. कामर्स और अर्थशास्त्र के छात्र वाणिज्यिक क्लर्क के पद पर रेल विभाग में कार्य कर सकते हैं।
6. रेलवे सुरक्षा बल भी भारतीय रेल की सुरक्षा में लगा एक बेहतर बल है जिसमें कांस्टेबल से लेकर सिपाही तक के पदों पर नियुक्तियां होती रहती है।
7. देश के सभी महानगरों में आने वाले एक दशक में मेट्रो रेल की संचालन की योजना है साथ ही फ्रेट कॉरिडोर और रेलवे के ईस्ट वेस्ट और साउथ-नार्थ कॉरिडोर की योजना से भी लाखों युवाओं को रोजगार की संभावना बनी है।
8. वर्तमान समय में हर माह हजारों रेलवे कर्मी रिटायर्ड हो रहे हैं जिससे लगातार पद रिक्त हो रहा है। अनुमानतः दो लाख से ज्यादा पद रिक्त है जिसे आने वाले दिनों में भरे जाने की संभावना है।

**(लेखक करियर काउंसलिंग से जुड़ें हैं)**

# मोटिवेशन क्या आप व्यवस्थित हैं?


एडी बाधवा
सीएमए सह वित्त विशेषज्ञ

क्या आप व्यवस्थित व्यक्तित्व के स्वामी हैं? जीवन में कई लोगों से हम मिलते हैं तो बहुत व्यवस्थित होते हैं। उनकी वेशभूषा, मेकअप, घर का सामान आदि बहुत व्यवस्थित तरीके से रखा रहता है। यह देखकर अच्छा भी लगता है। इसके विपरीत कई लोग बहुत ही अव्यवस्थित होते हैं। जैसे- तैसे कपड़े पहने जहां - तहां सामान को रख देना अपने दैनिक उपयोग व प्रयोग की वस्तुओं को गंदा रखना आदि उनकी आदत होती है। क्या आप व्यवस्थित हैं? आइए अपने को निम्न बिंदुओं पर जांच करें। समाचार पत्र पढ़ने के बाद उसे आप कैसे रखते हैं। ठीक से सहेज कर या मुड़ा हुआ कहीं भी। अगर आप भी अधिकांश लोगों की तरह समाचार पत्र को जैसे-तैसे मुड़ कर इधर उधर रख देते हैं तो आप अव्यवस्थित व्यक्ति समझे जाएंगे। क्या आपको कार्यालय या कार्यस्थल पर जाने के पूर्व अपनी गाड़ी की चाबी, बटुआ कार्यालय की चाबी, मौजे, रूमाल या जरूरी कागजात यथा स्थान मिल जाते हैं या प्रतिदिन आपको उनको ढूंढते रहना पड़ता है जिसके कारण आप कार्यस्थल देर से पहुंचते हैं। इन सभी बिंदुओं पर आप जांच करें। अगर आप अपना सामान अगर सही जगह पर रखा और मिल जाए तो आप व्यवस्थित हैं अन्यथा आप भी अव्यवस्थित चरित्र के स्वामी हैं। ऐसे में आप का कामकाज प्रभावित होता ही है साथ ही आप आलोचना के शिकार भी होते हैं। क्या आपको घर में प्रयोग के बाद टूथ ब्रश, टूथपेस्ट, टीवी का रिमोट तौलिया आदि हर दिन उपयोगी के सामान जगह पर तुरंत मिल जाती है? आप शहर से बाहर यात्रा पर जा रहे हैं और आपको पता चलता है कि आपका फोन चार्जर सेविंग किट, आपकी दवाई, घड़ी, मेकअप का सामान, किताब, मौजा, कंघी साबुन ले लिया है तो व्यवस्थित है। आपको बच्चों भाई बहन मां बाप या अन्य मित्रों या नजदीक परिजनों का जन्मदिन विवाह की सालगिरह सहित महत्वपूर्ण दिन याद है तब आपका जीवन सही रास्ते पर है अन्यथा सुधार करें।

# परीक्षा में इन बिंदुओं पर ध्यान दें

बोर्ड एग्जाम्स मार्च महीने से शुरू होने हैं। ज्यादातर स्टूडेंटस इस समय रीविजन में व्यस्त हें। कोई सवालों की प्रैक्टिस में लगा है तो कोई फॉर्म्युलों को दोहराने में। रिविजन बेहतर रहे और एग्जाम में नंबर बटोरने में सफल हो, इसके लिए एक बात और जरूरी है। वह यह कि रीविजन के समय उन बातों पर जरूर नजर रखी जाए जो गलतियां बोर्ड एग्जाम में अक्सर या बार-बार हो जाती हैं।

■ **प्रश्न पत्र ध्यान से पढ़े।**
सबसे ज्यादा गलती जो स्टूडेंट्स करते हैं वह है क्वेस्चन पेपर ध्यान से न पढऩा। कई बार किसी खंड से तीन में से दो ही सवाल करने होते हैं और पेपर ध्यान से न पढे.जाने के कारण अनावशयक रूप से तीनों सवालों का प्रेशर स्टूडेंट दिमाग में रख लेते हैं। इससे बचें। प्रश्न पेपर पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय यूं ही नहीं दिया जाता

■ **टाइम मैनेजमेंट**
बोर्ड परीक्षाओं में टाइम मैनेजमेंट बहुत मायने रखता है। कौन सा सवाल कितने अंक का है और आपको उसमें कितना लिखना है, इसी आधार पर प्रश्नों के लिए समय बांटना चाहिए। कोशिश रहनी चाहिए कि किसी भी सवाल पर जरूरत से ज्यादा समय न खर्च करें वरना पेपर पूरा सॉल्व कर पाना ही चुनौती हो जाएगा।

■ **जहां तक संभव हो, उत्तर क्रम में दें**
सामान्यता यह देखा जाता है कि स्टूडेंट्स क्वेश्चंस के आंसर बिना किसी प्लानिंग या ऑर्डर के देने लगते हैं। ऐसे में पेपर लिखने में ही आपकी अफरातफरी झलक जाती है जिसका एग्जामिनर पर निगेटिव इम्पैक्ट पड़ता है। यह प्रैक्टिस बदलिए।

■ **न्यूमेरिकल डेटा को ध्यान से उतारें**
यह एक ऐसी गलती है जिसे अमूमन हर स्टूडेंट कर सकता है। न्यूमेरिकल प्रश्न उतारते समय सवालों से न्यूमेरिकल वैल्यू कॉपी तक आते-आते बदल जाती है। 4 को 9 पढ़ लिया तो कहीं 6 को 8। सवाल सॉल्व करने का पूरा तरीका आते हुए भी आंसर गलत हो जाता है।



कोशिश करें कि उत्तर अपने शब्दों में लिखें। इसमें आप कोई ऐसे शब्द न यूज करें जो बहुत प्रचलन में न हों।

राइटिंग स्टाइल पर भी करें फोकस

सवाल का जवाब तो आपको आता है लेकिन उसे उतनी ही अच्छी तरह प्रेजेंट करना भी जरूरी होता है।

हैंड राइटिंग अच्छी होनी चाहिए।

सफाई से लिखें जो भी लिखे।

प्रश्न के उत्तर को हेडिंग, सब हेडिंग के साथ लिखें।

बुलेट पॉइंट्स ज़रूर दें।

एक डायग्राम जरुर बनाएं जहाँ आवशयकता हो।

टेबल भी बनाये जहां जरूरत हो

इस तरह से लिखने पर चेकर कभी आपके मार्क्स नहीं काट सकेगा और अगर आप सवाल के एक्यूरेट उत्तर को नहीं भी जानते हैं और आप वह प्रश्न छोड़ना नहीं चाहते हैं तब उन्हें इसी तरह से हल करने की कोशिश करें।

## विवेक मन्त्र



एक राजा का चरित्र प्रजा के लिए अनुकरणीय होता है। इसलिए राजा सदैव चरित्रवान होना चाहिए। जिस प्रदेश का राजा चरित्रहीन होगा उस प्रदेश के विकास से ज्यादा विनाश की आशंका होती है। राष्ट्र सदैव राजा से बड़ा होता है और चरित्र पद से ज्यादा महत्वपूर्ण और बड़ा होता है। पद पुनः प्राप्त हो सकता है चरित्र नहीं। **-चाणक्य**

## एडमिशन अलर्ट



**सवाल :** मैंनेजमेंट के कॉलेज में एडमिशन के पहले किन विंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। आनंद रांची

जवाब : सामान्य तौर पर प्रबंधन के कॉलेज की मान्यता टेकि नकलक काउंसिल से हो, संस्थान के फैक्लटी स्थायी तौर पर नियुक्त हो,प्लेसमेंट रिकार्ड बेहतर हो साथ ही पुराने छात्रों के जॉब रिकार्ड बेहतर होना चाहिए। इसके साथ इंफ्रास्टकचर और कॉलेज किस राज्य में है इस पर भी ध्यान देना चाहिए। कईपत्र-पत्रिकाओं में भी मैंनेजमेंट कॉलेज की रेटिंग प्रकाशित होती है उन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

**सवाल–** डिस्टेंस मोड के कोर्स से सरकारी जॉब्स में परेशानी होती है। आदित्य बोकारो, प्रीति रामगढ़

**जवाब :** किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से जिसे डिस्टेंस मोड के कोर्स कराने की लिए मान्यता मिली हो उस संस्थान की डिग्री ली जा सकती है। इग्नू, इलाहाबाद डिम्ड यूनिवर्सिटी सहित कई यूनिवर्सिटी के इंफोरमेशन सेंटर रांची में है जहां से

## करियर जोन



**सवाल :** एसएससी, रेलवे, बैंकिंग सहित प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए क्या करें। क्या शत प्रतिशत अंक लाना ही प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के लिए अनिवार्य है।
रचना सिन्हा रांची

**जवाब:** गणित की परीक्षा की तैयारी बोर्ड के सैंपल पेपर और पिछले 5-6 साल के प्रश्न-पत्रों के आधार पर करें।

एनसीईआरटी बुक के सभी सवालों का लिखकर अभ्यास करें। सारा पेपर एनसीईआरटी के कॉन्सेप्ट पर आधारित होता है, इसलिए सभी चैप्टर से संबंधित फार्म्युला बैंक बनाएं। इसे समय-समय पर दोहराते रहें।

इंटिग्रेशन में अलग-अलग टाइप्स जैसे सब्सिट्यूशन, इंटिग्रेशन बाइपार्ट्स, प्रोपर्टीज ऑफ इंटिग्रेशन, पार्शल फ्रैक्शन, स्पेशल इंटिग्रेशन को पहचानें और फिर सवाल हल करें। लीनियर प्रोग्रामिंग प्रॉब्लम, मैक्सिमा मिनिमा एरिया अंडर अ कर्व जैसे टॉपिक्स में से ऐप्लिकेशन बेस्ड सवाल आते हैं। ऐसे में लीनियर प्रोग्रामिंग प्रॉब्लम्स में ग्राफ पेंसिल से साफ-साफ बनाएं और शेडेड रीजन को डार्क करें।

प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए दिए गए 15 मिनट में पूरे प्रश्न-पत्र को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों को हल करने का लेखाजोखा तैयार कर लें, जो सवाल अच्छे से आते हों, उन्हें पहले करें और मुश्किल सवाल बाद में।

प्रजेंटेशन प्रभावपूर्ण होनी चाहिए। जहां जरूरी हो, वहां फार्म्युला आदि जरूर लिखें। परीक्षा में समय नियोजन महत्त्वपूर्ण है, इसलिए अंतिम 15 मिनट में सभी सवालों को फिर से जांच ले। वगैर अभ्यास के गणित पर कमांड संभव नहीं है।

**ई-मेल**
career.kmantra@gmail.com
पर अपना सवाल भेज सकते हैं सवाल का जवाब हम प्रकाशित करेंगे।

# दुनिया में गणित के क्षेत्र में शीर्ष पुरस्कार


बृजमोहन ओझा

एबेल पुरस्कार गणित में दिए जाने वाले सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों में एक है। एबेल पुरस्कार की शुरुआत नार्वे के प्रसिद्ध गणितज्ञ नील्स हेनरिक एबेल के सम्मान में 23 अगस्त 2001 को हुई थी। एबेल पुरस्कार हर वर्ष नार्वे के राजा के द्वार दिया जाता है। नॉर्वेजियन अकैडमी आफ साइंस एंड लेटर्स द्वारा नार्वे की राजधानी ओस्लो में प्रदान किया जाता है। इस सदी में शुरू एबेल पुरस्कार न सिर्फ नाम में बल्कि पुरस्कार राशि में भी नोबेल पुरस्कार से बहुत मिलता-जुलता है। एबेल पुरस्कार की राशि 60लाख(6 मिलियन) नॉर्वेजियन क्रोन है अर्थात 7लाख 76 हजार अमेरिकी डॉलर के समतुल्य भारतीय रुपया में 5 करोड़ 34 लाख 23 हजार 720 है। एबेल पुरस्कार को गणित का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। इसकी महत्ता खास मामलों में नोबेल पुरस्कार से कहीं ज्यादा है। नोबेल पुरस्कार वैज्ञानिकों के लिए बिग साइंस के लिए दिया जाता है। बिग साइंस आशय बृहद आकार की वैज्ञानिक परियोजना से है राष्ट्रीय सरकारों द्वारा या कई सरकार द्वारा मिलाकर वित्त पोषित होती है। इसका चलन द्वितीय विश्व युद्ध के समय औद्योगिक देशों में देखने को मिला बिग साइंस अरबों डॉलर से चलने वाला वैज्ञानिक परियोजना है जैसे लार्ड हेडेन कॉलिडर। जिसका बजट 5-10 बिलियन अमेरिकी डॉलर है लेकिन एबेल पुरस्कार अपनी क्षमता से गणित में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को मिलता है। एबेल पुरस्कार विजताओं की सूची उनके नाम और उपलब्धि सहित वर्ष 2003 - 2019



2019 केरन उहलेन बेक ज्योमैट्रिक एनालिसिस एवं गेजल थियोरी

2018 रॉबर्ट पी. लांगलैंड्स रिप्रेसेंटेशन थ्योरी से नंबर थ्योरी को जोड़ने वाले प्रोजेक्ट के लिए।

**2017 यवेस मेयर तरंगिकाओं** (छोटे लहरों) के गणितीय सिद्धांत के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए। 2016 एंड्रयू विल्स अर्द्ध-स्थायी दीर्घवृत्तीय वक्र के लिए मॉड्युलरिटी अनुमान के माध्यम से फर्मट के अंतिम प्रमेय के शानदार प्रमाण के द्वारा संख्या सिद्धांत में एक नए युग की शुरूआत करने के लिए। 2015 जॉन एफ नैश, जूनियर लुई निरेनबर्ग ज्यामितीय विश्लेषण के लिए गैररेखीय आंशिक अंतर समीकरणों के सिद्धांत और उनके अनुप्रयोगों में अभूतपूर्व और मौलिक योगदान देने के लिए। 2014 याकॉव सीनाई गतिशील प्रणालियों, एर्गोडिक सिद्धांत और गणितीय भौतिकी के क्षेत्र में मौलिक योगदान देने के लिए।

2013 पियरे डेलिग्ने बीजीय रेखागणित और संख्या सिद्धांत पर उसके परिवर्तनकारी प्रभाव, प्रतिनिधित्व सिद्धांत और संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए। 2012 एंड्रे जेमेरेडी असंतत गणित और सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान में योगदान के लिए और योज्य/संकलन संख्या सिद्धांत और एर्गोडिक सिद्धांत पर इन योगदानों के गहरा और स्थायी प्रभाव की पहचान करने के लिए। 2011 जॉन मिलनॉर टोपोलॉजी, ज्यामिति और बीजगणित में उल्लेखनीय खोजों के लिए। 2010 जॉन टेट संख्याओं के सिद्धांत पर अपने विस्तृत और स्थायी प्रभाव के लिए।

**2009 मिखाइल ग्रोमोव** ज्यामिति में क्रांतिकारी योगदान देने के लिए। 2008 जॉन जी थॉम्पसन, जैक्स टिट्स बीजगणित में गहन उपलब्धियों के लिए और विशेष रूप से आधुनिक समूह सिद्धांत को आकार देने के लिए। 2007 एस. आर. श्रीनिवास वर्धन प्रायिकता सिद्धांत में योगदान देने के लिए और विशेष रूप से बड़े विचलन के एक एकीकृत सिद्धांत बनाने के लिए।

2006 लैनर्ट कार्लसन हार्मोनिक विश्लेषण और चिकनी गतिशील प्रणालियों के सिद्धांत के लिए उनके गहन और महत्वपूर्ण योगदान के लिए।

**2005 पीटर लैक आंशिक** विभेदक समीकरणों के सिद्धांत तथा उनके कार्यान्वयन के लिए और इन समीकरणों की गणना हेतु महत्वपूर्ण योगदान के लिए। 2004 माइकल अतियाह और इसाडोर सिंगर सूचकांक प्रमेय की खोज और प्रमाण के लिए, टोपोलॉजी, ज्यामिति और उसके विश्लेषण को एक साथ लाने के लिए तथा गणित और सैद्धांतिक भौतिकी के बीच समन्वय किया।

## स्पीड न्यूज

### आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के हाँथडीह ग्राम में गुरुवार को आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है की रूपलाल यादव 30 वर्ष पिता उदेश्वर यादव ग्राम हाँथडीह निवासी गांव में मजदूर खोजने निकला हुआ था। जहां पुराने विवाद को लेकर गांव के अरुण यादव के साथ उसकी कहासुनी हुई। जिसके बाद गुस्से में आकर अरुण यादव ने रूपलाल यादव पर लाठी से हमला बोल दिया और उसके साथ मारपीट किया। जिससे रूपलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल रूपलाल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

### जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत परिजनों को मिला दो लाख का चेक

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा भैंसादोन ने जीवन ज्योति योजना के तहत मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये का चेक सौंपा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मैनेजर ललित झा ने बताया की आदित्य यादव ग्राम शेरेगड़ा की पत्नी पियासो देवी की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर दो लाख रुपये का चेक सौपा है। इसमें लाभुक ने सरकार की योजना जीवन ज्योति बीमा योजना का 236 रुपये का बीमा कराया था। जिसकी आकस्मिक मृत्यु हो जाने के बाद उसके पति आदित्य यादव को 2,00,000 बीमा राशि का चेक दिया गया। मौके पर मैनेजर ललित झा, प्रदीप कुमार चौधरी सर्विस मैनेजर बैंक कर्मी सुजीत कुमार, सोनी कुमारी साहू सहित कई लोग उपस्थित थे। आगे उन्होंने बताया कि सरकार की इस योजना का लाभ कोई भी गरीब परिवार ले सकता है।

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत की गयी वाहन चेकिंग

**बालूमाथ।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत गुरुवार को बालूमाथ पुलिस ने थाना चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। बालूमाथ थाना एसआई संजय चौधरी के नेतृत्व में चले इस अभियान में दोपहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट सहित वाहन के कागजात की जांच की गयी। मौके पर जानकारी देते हुए एसआई संजय चौधरी ने बताया की सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कुल 23 वाहन पकड़े गए। इस दौरान वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी गयी। जिनका ऑनलाइन चालान के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को भेजा गया। इस दौरान वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी गयी। मौके पर बालूमाथ थाना शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### अभिजीत प्लांट में रोज हो रही करोड़ों रुपयों की स्क्रैप लूट, सीबीआइ जांच हो

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ध्यान चंदवा थाना अंतर्गत अभिजीत प्लांट में हो रही स्क्रैप के करोड़ों की चोरी की सूचना होने की ओर आकृष्ट किया।प्रतुल ने कहा कि बताया जाता है की एक संगठित माफिया गिरोह इस पूरे लूट के रैकेट के पीछे सक्रिय हैं।इस संगठित गिरोह में कुछ सफेदपोश लोग की भूमिका भी संलिप्त है।प्रतुल ने कहा कि रस्म अदायगी के लिए बीच में एक दो लोहा चोरों को पकड़ कर जेल भेज दिया जाता है।लेकिन प्लांट का मुआयना करने से ही पता चल जाएगा की सैकड़ों लोग मिलकर स्क्रैप की अवैध कटाई कर रहे है। रातों-रात स्क्रैप को चंदवा स्थित एक कबाड़ी की दुकान और अन्य जगहों में ले जा कर खपा देने की भी चर्चा है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से प्रशासन को इस लूट की कोई खबर ही नहीं। प्रतुल ने अपने ट्वीट में सीबीआई, मुख्यमंत्री कार्यालय और झारखंड पुलिस को भी टैग किया। प्रतुल ने गृह मंत्री से इस पूरे मामले की सीबीआई जांच करने की अनुशंसा करने का आग्रह किया। कहा इस खेल में पर्दे के पीछे से सक्रिय कई सफेदपोश को भी सामने लाया जाए। ज्ञातव्य है की अभिजीत का प्लांट चंदवा थाने के अंतर्गत ही स्थित है। प्रतुल ने कहा कि वे शीघ्र केंद्रीय गृह मंत्रालय जाकर इस पूरे मामले को पेश करेंगे।

### गीता प्रचार व लीला पुरुषोत्तम कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**चंदवा।** इस्कॉन रांची की टीम के द्वारा चंदवा प्रखंड के प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, ग्रीन फील्ड एकेडमी, मां सरस्वती कोचिंग सेंटर, जुपिटर क्लासेस समेत विभिन्न स्थानों में गीता प्रचार व कृष्ण कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान कृष्ण कीर्तन लीला पुरुषोत्तम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस्कॉन रांची के सर्वज्ञम प्रभु, मधुसूदन दास, मधुकर कृष्णा दास व अन्य के द्वारा लीला पुरूषोत्तम कार्यक्रम के माध्यम से अध्यात्म के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। वहीं संध्या बेला में नगर भ्रमण कर धर्म प्रचार भी किया गया।

### जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में शामिल हुईं मंत्री जोबा मांझी

# आमजनों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनने और नियमानुसार समाधान करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में जोबा मांझी, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग -सह-प्रभारी मंत्री झारखंड की अध्यक्षता में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंत्री ने बैठक के एजेंडा के अनुरूप विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रगति की समीक्षा किया तथा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, 15 वें वित्त, जेएसएलपीएस की योजनाएं, कृषि, पशुपालन, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, आवास, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, खेलकूद पर्यटन, नगर पंचाय, पर्यावरण संरक्षण एवं वन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क, विद्युत, पशुपालन, गव्य विकास एवं मत्स्य पालन से सम्बंधित संचालित योजनाओं पर पदाधिकारियों से जानकारी लिया गया।

जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए मनरेगा के तहत संचालित कार्यों को वृहत स्तर पर पारदर्शी तरीके से ससमय कार्य को पूर्ण करने का दिया निर्देश

बैठक में मंत्री द्वारा जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए मनरेगा के तहत संचालित दीदी बाड़ी योजना, डोभा, कुंआ निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना, मिट्टी मोरम से सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों को वृहत स्तर पर पारदर्शी तरीके से ससमय कार्य को पूर्ण करने की बात कही गई। आगे बैठक के दौरान समाज कल्याण, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति की स्थिति, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न चल रहे कार्यों व किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में मंत्री महोदया द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए लक्ष्यों को समय से पूरा करने की बात कही गई। साथ ही बैठक में जो भी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं अगली बैठक तक उन्हें अवश्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही गई। इसके अलावे बैठक के दौरान माननीय मंत्री महोदया द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जनहित से जुड़े विभिन्न मामले उठाए गए है, जिस पर जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई करें।

**मंत्री ने बीस सूत्री कार्यालय का किया निरीक्षण :** बैठक के बाद मंत्री जोबा मांझी ने बीस सूत्री कार्यालय पहुंचकर लोगों से मुलाकात की एवं कार्यालय का जायजा लिया इस मौके पर उन्हें उपाध्यक्ष के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं कई जानकारियां कार्यकताओं से ली। इस मौके पर उपाध्यक्ष अरूण दूबे, विधायक बैद्यनाथ राम, विधायक रामचन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहेदव, डीसी भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।



समीक्षा बैठक में शामिल मंत्री व जनप्रतिनिधि।


विधायक एवं कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री।

#### मंत्री को झारखंड राज्य जनसेवक संघ ने सौंपा ज्ञापन

महिला एवं बाल विकास मंत्री जोबा मांझी को झारखंड राज्य जन सेवक संघ के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि झारखण्ड राज्य में कृषि योजनाओं और नवीन कृषि अनुसंधान को धरातल में किसानों तक पहुँचाने हेतू 2012 में लगभग 1836 जनसेवकों की नियुक्ति ग्रेड-पे 2400/- में झारखण्ड सरकार के द्वारा की गई थी। वर्तमान में को कृषि निदेशक, झारखण्ड सरकार के द्वारा उन्ही जनसेवकों का ग्रेड-पे घटाकर 2400/- के स्थान पर 2000/- कर दिया गया। इसके साथ ही मंत्री जोबा मांझी से कई सूत्रो पर मांग की गई है। ज्ञात हो कि जनसेवक संघ कई दिनों से हड़ताल में है। इस मौके पर रघुनंदन कुमार, उमेश कुजुर समेत कई लोगो ने सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा।

#### बैठक में जिले के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

बैठक में विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप निदेशक कोर एरिया, ब्याघ्र परियोजना, मेदिनीनगर, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, 20 सूत्री के सभी प्रखंड अध्यक्ष, 20 सूत्री के सभी सदस्य, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला पंचायती पदाधिकारी, जनप्रतिनिधी, संबंधित विभाग के सभी पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## पेयजल संकट : जलस्तर नीचे जाने से सूखे चापाकल, नाकाफी साबित हो रहा जलमीनार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मई महीने में मौसम की बेरुखी के कारण किसान से लेकर आम-आवाम तक परेशान हो गए हैं। पानी के बिना जहां खेत सूखे पड़े हैं, वहीं अब लोगों के हलक भी सूखने लगे हैं। धूप की तेज तपिश के कारण ग्रामीण इलाकों में पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। जलस्तर तेज गति से नीचे जा रहा है। जिसके कारण पानी के लिए हाहाकार मच गया है। बरवाडीह प्रखण्ड के कई इलाकों में पानी का जलस्तर नीचे चले जाने से पानी का संकट बरकरार हो गया है। उधर खुरा पंचायत अंतर्गत बभनडीह के ठाकुर टोला के लोगों को इस भीषण गर्मी में पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा हैं। यहां चापानल ने पानी देना बंद कर दिया है। वहीं 14वें वित्त से लगाई गई जलमिनार भी इस तपती धूप में नाकाफी साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों की माने तो वह पानी के लिए तरस रहें है। नहाना तो दूर पीने के लिए भी समुचित रूप से पानी नहीं मिल रहा है। लोगों ने बताया कि हर वर्ष भीषण गर्मी में तत्कालीन मुखिया द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती थी। लेकिन इस वर्ष नहीं की जा रही है। चापानल सुख जाने के कारण खाना बनाने एवं पीने के लिए दूसरे घर व टोले मे जाकर पानी लाना पड़ता है। आलम यह है कि पानी के लिए एक जलमिनार पर ठाकुर टोले की पूरी आबादी निर्भर हो गई है। जहां घंटों जद्दोजहद करने पर थोड़ा-बहुत पानी मिल पाता है।

### टैंकर से पानी आपूर्ति करने की मांग

ठाकुर टोला के लोगों ने प्रखण्ड प्रशासन से टैंकर से पानी उपलब्ध कराने की मांग है। ग्रामीणों ने बताया कि जलसंकट को देखते हुए सब कामकाज छोड़कर दिनभर पानी के जुगाड़ में लगना पड़ता है। पूरा दिन पानी ढोकर घर लाने में ही बीत जाता है। भीषण गर्मी में बिना नहाए लोगों को रहना पड़ रहा है। पूरी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है।

## चोरी की सामग्री के साथ कबाड़ी दुकानदार गिरफ्तार, गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/बरियातू।** बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बुधवार को बालूमाथ कबाड़ी दुकान चला रहे संचालक प्रदीप साहू उर्फ फुटून को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि बारियातू थाना क्षेत्र के अलखडीहा ग्राम में मिथिलेश प्रसाद का क्रेशर संचालित है। कुछ दिनों पूर्व क्रेशर के कई पार्ट्स की चोरी हुई थी। मिथिलेश प्रसाद द्वारा बारियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी बीच बरियातू पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त चोरी का सामान प्रदीप साहू के कबाड़ी दुकान में कोई बेचा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कबाड़ी दुकान में छापा मारा और चोरी की सारा सामान बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस ने कबाड़ी दुकानदार को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। इस संबंध में बारियातू थाना कांड संख्या 36/23 धारा 379, 411, 414 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**बालूमाथ में आधा दर्जन कबाड़ी दुकान अभिजीत का लोहा चोरी धड़ल्ले से ले रहे है :** ज्ञात हो कि बालूमाथ में लगभग आधा दर्जन कबाड़ी दुकान संचालित है और पिछले कई महीनों से अभिजीत ग्रुप का लोहा, चोरी रेलवे का लोहा चोरी एवं अगल बगल में चल रहे कई कंट्रक्शन से लोहा चोरी, कई फैक्ट्रियों का लोहा चोरी धड़ल्ले से की जा रही है। और कबाड़ी दुकानदार इसे खरीद कर अन्यत्र भेजते हैं। ज्ञात हो कि कबाड़ी दुकानदार प्रदीप साहू पिछले वर्ष भी रेलवे का लोहा चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है।

## पंचायतों में आवास लाभुक दिवस मना

**बारियातू।** उप विकास आयुक्त लातेहार व झारखंड सचिव ग्रामीण विकास विभाग के आलोक मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी के आदेशानुसार गुरूवार को सभी पंचायतों मे आवास लाभुक दिवस मनाया गया। आवास लाभुक दिवस के मौके पर उपस्थित पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को ससमय आवास बनाने के लिए जागरूक किया गया। आवास बनाने मे किसी तरह के परेशानी नहीं हो इसके लिए लाभुकों के साथ सीधा संवाद के लिए बालूभांग, फुलसु, डाढ़ा, बारियातू, साल्वे, टोंटी, शिबला व गोनिया पंचायत सचिवालय भवन परिसर में संबंधित मुखियाओं ने लाभुकों से सिधा संवाद कर आवास लाभुक दिवस मनाया गया। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में आवास लाभुक दिवस के मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रखंडकर्मी मौजूद रहे। वित्तीय वर्ष 2016-17, 2017-18 , 2018-19,2019-20, 2021-22,2022-23 में आवास निर्माण के लिए लाभुकों के बैंक खाते मे प्रथम किस्त व द्वितीय किस्त की राशि भुगतान प्राप्त लाभुकों का लंबित आवास कार्य को हर हाल में पूर्ण कराने को लेकर गहन विचार -विमर्श किया गया। वहीं वार्ड सदस्यों, स्वयंसेवकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अपने-अपने क्षेत्र मे लंबित आवास कार्य को पूर्ण कराने मे सहभागिता निभाने की अपील की गई। आवास लाभुक दिवस प्रत्येक गुरूवार को सभी पंचायतों में 30 जून तक मनाया जायेगा। जिसमे अधूरे आवास को पूर्ण करने हेतु दैनिक, साप्ताहिक मासिक लक्ष्य का निर्धारण किया जाना है। समय-समय पर लंबित आवासों को पूर्ण कराने के लिए लाभुकों को जागरूक करना है। आवास दिवस के लिए सभी पंचायत क्षेत्रों में व्यापक प्रचार- प्रसार कर दिवस के मौके पर लाभुकों का भी सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आवास कार्य को प्रगति में लाने के उद्देश्य से पीएम आवास प्रखंड समन्यवक शशि पूनम कुजूर, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव ने सभी क्षेत्रों जाकर आवास लाभुक दिवस का गतिविधि की जानकारी ली।

## बेतला नेशनल पार्क में आवारा कुत्तों ने किया हिरण का शिकार

एक सप्ताह के अंदर तीन हिरण व हाथी के एक बच्चे की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह/बेतला।** देश भर में चर्चित झारखण्ड का पलामू टाइगर रिजर्व वन्यप्राणियों के लिए कब्रगाह बन गया है। बता दें कि एक सप्ताह के अंदर पीटीआर में तीन हिरण और एक हांथी के बच्चे की मौत हो गई हैं, लेकिन वनों और वन्यप्राणियों की सुरक्षा का जिम्मेवार वन विभाग अब तक इन मौतों पर तमाशबीन बनी हुई है। गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध बेतला नेशनल पार्क के अंदर एक हिरण की मौत आवारा कुत्तों के हमले से हो गई हैं। इसके पूर्व सैदूप के जंगल में एक हांथी के पांच महीने के बच्चे की मौत हो गई थी। उसके बाद एक हिरण की मौत को सड़क दुर्घटना बताई गई और एक अन्य मामले को मीडिया के समक्ष आने से पहले ही दफन कर दिया गया। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है यह अब तक सवाल बना हुआ है। आखिर क्यों वन विभाग वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। जिस तरह से पीटीआर में अंधाधुध बेशकीमती इमारती वृक्षों की कटाई हो रही है, और जिस तरह से एक के बाद एक वन्यप्राणियों की मौत हो रही है। इससे यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि पलामू टाइगर रिजर्व वन्यप्राणियों के लिए कब्रगाह बन गया हैं। वहीं जंगली जानवरों की मौत के बाद वन विभाग उनका पोस्टमार्टम कराकर दफना दे रहा है। लेकिन वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर कोई खास कदम अब तक नहीं उठा पाया है। इधर लोगों की माने तो कुछ मामले ग्रामीणों के माध्यम से मीडिया के समक्ष आ रहें है, वहीं कई मामलों को दबा दिया जा रहा है। यही कारण है कि पीटीआर में जंगली जानवरों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है और बेतला नेशनल पार्क का अस्तित्व भी पूरी तरह खतरे में पड़ गया है।


मृत हिरण।

## आजादी के 75 वर्ष बाद भी इस गांव में बिजली नहीं, ढिबरी युग में जीने को विवश हैं ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू।** आज कोई भी व्यक्ति बिजली के बगैर जिंदगी जिने की कल्पना भी नहीं कर सकता है। सरकार हर गांव तक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात करती है। परंतु आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी लातेहार जिले के नवनिर्मित प्रखण्ड सरजू अंतर्गत ग्राम कोरवाटोली के महुआ टोला में 20 से 25 घर में करीब 120 परिवार आज भी ढिबरी युग में जिने को विवस हैं। दशरथ सिंह, करीमन सिंह, मोती देवी, रामदयाल सिंह, आशा देवी समेत दर्जनों स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से इस गाँव में बिजली की व्यवस्था नहीं होने की वजब से बच्चों की पढ़ाई में समस्या होती है। साथ ही हमलोगों को खेती करने के लिए पूरी तरह से मौसम पर ही निर्भर रहना पड़ता है। यह गांव जंगल के नजदिक है। जिसके कारण कई बार जंगली जानवरों का भी सामना करना पड़ता है। इस गाँव में बिजली नहीं होने की वजह से रात के समय कई बार लोग सर्पदंश का शिकार हो जाते है। सर्पदंश के कारण कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इस गाँव में बिजली बहाल करने को लेकर हमलोग सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगा कर हार चुके हैं। साथ ही कई बार आलाधिकारियों के पास इसकी शिकायत भी किया गया है।


जानकारी देते ग्रामीण।




### मनिका प्रखंड के बरवईया में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डायन बिसाही कुप्रथा के प्रति किया जागरूक

#### वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में बरवईया ने जीता खिताब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित बरवईया गांव के हाई स्कूल के मैदान में दिन गुरुवार को लातेहार पुलिस के द्वारा मनिका थाना के तत्वधान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का एसडीपीओ दिल्लू लोहरा,सार्जेंट मनीष कुमार भगत,मेजर राजकुमार लकड़ा,थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह,एसआई गौतम कुमार ने सामूहिक रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं सर्विस देकर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जुंगुर को हराकर बरवईया के टीम ने खिताब जीता। वहीं डीएसपी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी देकर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। वहीं प्रतियोगिता में बरवईया,डोंकी,जुंगुर और जान्हों कुल 4 टीमों ने भाग लिया। जहां रेफरी की भूमिका आनंद राय और आकाश भारती ने निभाई। मौके पर डीएसपी दिल्लू लोहरा ने लोगों संबोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि डायन बिसाही जैसे कुप्रथा पर लोग आज भी विश्वास कर रहे हैं जबकि डायन बिसाही नाम का कोई चीज नहीं है। उन्होंने डायन बिसाही कुप्रथा,मानव तस्करी,बाल मजदूरी और सड़क सुरक्षा पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया।उन्होंने कहा कि समाज से भटके लोग जो आज भी नक्सली संगठन में घूम रहे हैं वे मुख्य धारा में लौट आएं। पुलिस उन्हें भरपूर मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि नक्सली संगठन अब पुलिस के सामने टिकने वाली नहीं है इसलिए आत्मसमर्पण नीति के तहत नक्सली आत्म समर्पण करें तभी उनका और उनके परिवार का कल्याण संभव है। वहीं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गांव के पढ़े-लिखे लोग को समाज सेवा में रूचि बढ़ाना होगा एवं अंधविश्वास पर लोगों को जागरूक करने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने का लोगों से आग्रह किया। मौके पर मनिका पुलिस के द्वारा डायन बिसाही कुप्रथा पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अंधविश्वास से दूर रहने का संदेश दिया गया। मौके पर मुजफ्फर आलम,मनोहर राम, बरवईया मुखिया पिंकी देवी,जान्हों मुखिया बहादुर उरांव,डोंकी मुखिया भजेंद्र उरांव,विनय प्रसाद,मंटू प्रसाद,बलराम यादव,कृष्णा यादव,रामेश्वर सिंह,मार्कुश ब्रदर,युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी,उज्जवल कुमार, अकाश भारती, आनंद राय, रोशन कुमार, वकील प्रसाद, ब्रह्मदेव भुइयां समेत कई लोग उपस्थित थे।


स्कूल ग्राउंड में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डीएसपी व अन्य।



# विराट के तूफान के सामने हैदराबाद ने डाले हथियार

## विराट का रिकॉर्ड शतक, बेंगलुरु ने हैदराबाद को 8 विकेट से हराया

### स्कोर कार्ड

**हैदराबाद:186/5 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक कै. लोमरोर बो. ब्रेसवेल | 11 | 14 | 2/0 |
| त्रिपाठी कै. पटेल बो. ब्रेसवेल | 15 | 12 | 2/1 |
| एडन मार्करम बो. शाहबाज | 18 | 20 | 0/0 |
| हेनरिक क्लासेन बो. पटेल | 104 | 51 | 8/6 |
| हैरी ब्रूक नाबाद | 27 | 19 | 2/1 |
| फिलिप्स कै. पार्नेल बो. सिराज | 05 | 04 | 1/0 |

अतिरिक्त 06

विकेट पतन: 1-27, 2-27, 3-104, 4-178, 5-186.

गेंदबाज : सैम करन : 4-0-36-2, कगिसो रबाडा : 3-0-36-0, अर्शदीप सिंह : 2-0-21-0, नाथन एलिस : 4-0-46-0, राहुल चाहर : 4-0-35-0 हरप्रीत ब्रार : 3-0-39-0.

**बेंगलुरु :187/2 (19.2ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कोहली कै. फिलिप्स बो. कुमार | 100 | 63 | 12/4 |
| डु प्लेसिस कै. त्रिपाठी बो. नटराजन | 71 | 47 | 7/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल नाबाद | 05 | 03 | 1/0 |
| माईकल ब्रेसवेल नाबाद | 04 | 04 | 0/0 |

अतिरिक्त :07

विकेट पतन: 1-172, 2-177.

गेंदबाज : भुवनेश्वर कुमार : 4-0-48-1, अभिषेक शर्मा : 3-0-28-0, टी नटराजन : 4-0-34-1, कार्तिक त्यागी : 1.2-0-21-0, नीतीश रेड्डी : 2-0-19-0, मयंक डागर : 4-0-25-0, ग्लेन फिलिप्स : 1-0-10-0.



सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने आइपीएल 2023 में शतक ठोक दिया है। अपने घरेलू मैदान पर क्लासेन ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ शतक बनाया। यह आईपीएल में उनका पहला ही शतक है।



**एजेंसी**

**हैदराबाद।** आइपीएल 2023 के 65वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत हासिल कर ली है। प्लेऑफ की रेस में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए फाफ डु प्लेसिस की टीम को किसी भी कीमत पर जीत की जरूरत थी। टीम ने मैच को 8 विकेट से आसानी से अपने नाम कर लिया। हेनरिक क्लासेन के तेजतर्रार शतक से सनराइजर्स हैदराबाद ने 5 विकेट पर 186 रन बनाए। विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस ने 172 रनों की साझेदारी बनाकर मैच में आरसीबी को जीत दिला दी। विराट ने अपना छठा आइपीएल शतक लगाते हुए 100 रन बनाये।

**क्लासेन का तूफानी शतक**

आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद ब्रेसवेल ने पांचवें ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा (11) और राहुल त्रिपाठी (15) को पवेलियन भेज दिया। अभिषेक ने ब्रेसवेल की ढीली गेंद पर कवर प्वाइंट पर महिपाल लोमरोर को कैच थमाया जबकि एक गेंद बाद त्रिपाठी शॉर्ट फाइन लेग पर हर्षल पटेल के हाथों लपके गए जिससे टीम का स्कोर दो विकेट पर 28 रन हो गया। अच्छी फॉर्म में चल रहे क्लासेन ने शाहबाज अहमद का स्वागत तीन चौकों के साथ किया जिससे टीम ने पावरप्ले में दो विकेट पर 49 रन बनाए। हेनरिक क्लासेन ने तीखे तेवर जारी रखे। उन्होंने ब्रेसवेल और हर्षल पटेल पर चौका जड़ने के बाद कर्ण शर्मा का स्वागत छक्के के साथ किया। उन्होंने कर्ण के अगले ओवर में छक्के और एक रन के साथ सिर्फ 24 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। सनराइजर्स के रनों का शतक 12वें ओवर में पूरा हुआ लेकिन शाहबाज ने अगले ओवर में मार्कराम (18) को बोल्ड कर दिया। क्लासेन ने 15वें ओवर में कर्ण को निशाना बनाते हुए दो छक्के और एक चौके से 21 रन बटोरे जबकि 17वें ओवर में शाहबाज पर लगातार दो छक्कों से 19 रन जुटाए। ब्रूक ने भी शाहबाज के इस ओवर में चौका मारा। क्लासेन ने अगले ओवर में हर्षल पर छक्के के साथ 49 गेंद में शतक पूरा किया। अंतिम ओवर में सिराज ने सिर्फ चार रन देकर ग्लेन फिलिप्स (05) को पवेलियन भेजा। क्लासेन ने 51 गेंद में छह छक्कों और आठ चौकों से 104 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान एडेन मार्कराम के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 जबकि हैरी ब्रूक (नाबाद 27) के साथ चौथे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी भी की।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 | +0.835 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 5 | 15 | +0.381 |
| लखनऊ | 13 | 7 | 5 | 15 | +0.304 |
| मुंबई | 13 | 7 | 6 | 14 | -0.128 |
| बेंगलुरु | 13 | 7 | 6 | 14 | +0.180 |
| राजस्थान | 13 | 6 | 7 | 12 | +0.140 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.256 |
| पंजाब | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.308 |
| दिल्ली | 13 | 5 | 8 | 8 | -0.572 |
| हैदराबाद | 13 | 4 | 9 | 8 | -0.558 |

**पर्पल कैप**



मोहमद शमी
गुजरात
विकेट: 23

**ऑरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 702

**PBKS vs RR 19 मई 2023, शुक्रवार (66th मैच)**




**हिमाचल प्रदेश क्रिकेट स्टेडियम, धर्मशाला पिच रिपोर्ट**

# खालसा सुपर किंग्स और जेएमडी लायंस जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

➲ **बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-6 के पांचवें दिन का मुकाबला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-6 के पांचवें दिन खालसा सुपर किंग्स और जेएमडी लायंस ने जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। बहावलपुरी प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-6 के पांचवें दिन पहला मुकाबला खालसा सुपर किंग्स और हैकर बॉयज के बीच खेला गया। दयालबाग में खेले जा रहे टूनार्मेंट में खालसा सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये राहुल तलेजा की धुआंधार बल्लेबाजी की बदौलत सात ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर 57 रन बनाए और हैकर बॉयज की टीम को 40 रनों पर ऑल आउट कर 17 रनों से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। राहुल तलेजा मैन ऑफ द मैच बने। दूसरे मैच में कृष्णा फाइटर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 41 रन बनाए.किंग्स आर्मी की टीम ने 4.1 ओवर में ही दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर आसान जीत दर्ज की। चिन्मय किंगर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मैच में जेएमडी लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करने उतरी खालसा बॉयज की टीम निर्धारित सात ओवरों में छह विकेट खोकर 25 रन ही बना सकी और 20 रनों से मैच गंवा दिया। इस जीत के साथ जेएमडी लायंस ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। जेएमडी लायंस के गीत तलेजा मैन ऑफ द बने। अंतिम मैच रांची थंडर्स और बिग शॉट्स के बीच खेला गया। रांची थंडर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट के नुकसान पर 40 रन बनाये। बिग शॉट्स की टीम ने 6.3 ओवरों में तीन विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया और चार विकेट से शानदार जीत दर्ज की। रांची थंडर्स के सचित मुंजाल को उनकी 15 गेंदों में 22 रनों की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जूनियर और सीनियर दोनों वर्ग का फाइनल मैच 21 मई, रविवार को रात 8 बजे से खेले जाएंगे।

## नडाल ने रोलां गैरो ने नाम वापस लिया

**मयोर्का।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने इस साल फ्रेंच ओपन से बाहर रहने की घोषणा करते हुए गुरुवार को कहा कि 2024 उनके सुसज्जित करियर का आखिरी वर्ष होगा। नडाल ने यहां अपनी अकादमी में संवाददाताओं से कहा, मेरी चोट उस तरह ठीक नहीं हुई जिस तरह मुझे उम्मीद थी। मेरे लिये रोलां गैरो में खेलना असंभव होगा।

## चोट के कारण स्वियातेक इटालियन ओपन से बाहर

**रोम।** दो बार की इटालियन ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक क्वार्टरफाइनल के दौरान लगी दाहिनी जांघ की चोट के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गयी हैं। पोलैंड की स्वियातेक बुधवार रात शुरू हुए और गुरुवार सुबह खत्म हुए क्वार्टरफाइनल में गत विंबलडन चैंपियन कजाकस्तान की एलिना रिबाकिना का सामना कर रही थीं। दो घंटे के खेल के बाद तीसरे सेट में स्कोर 2-2 से बराबर था जब स्वियातेक को मैच से हटना पड़ा। उन्होंने पहला सेट 6-2 से जबकि रिबाकिना ने दूसरा सेट 7-6 से जीता था। इससे पहले दूसरे सेट में, स्वियातेक अपना घुटना पकड़कर खेल रही थीं। सेट समाप्त होने के बाद उन्होंने चिकित्सीय सहायता ली और तीसरे सेट के लिये घुटने पर पट्टी बांधकर लौटीं। तीसरे सेट में चार गेम गुजरने के बाद उन्होंने रिटायर होने का निर्णय लिया।

## गुणतिलका पर चार में से तीन मामले हटाये गये

**सिडनी।** टी20 विश्व कप 2022 के दौरान एक महिला का कथित यौन शोषण करने के लिये श्रीलंकाई क्रिकेटर दनुष्का गुणतिलका के खिलाफ दर्ज किये गये यौन उत्पीड़न के चार में से तीन मामले गुरुवार को हटा दिये गये। गुणतिलका पर बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के आरोप में चार मामले दर्ज किये गये थे, जिसके कारण उन्हें सिडनी पुलिस ने पिछले साल नवंबर में टी20 विश्व कप के दौरान टीम होटल से गिरफ्तार किया था। सरकारी वकील ने हालांकि सिडनी की एक अदालत में उन पर लगे चार में से तीन मामले वापस ले लिये।

## मोहन बागान की जर्सी के रंग में दिखेगी लखनऊ

**कोलकाता।** लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शनिवार को यहां आइपीएल मैच में जब कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी जर्सी का रंग दिग्गज फुटबॉल क्लब मोहन बागान की लाल और हरे रंग की जर्सी जैसा होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स को 2022 में कोलकाता स्थित आरपी संजीव गोयनका समूह ने खरीदा है। इसी समूह ने 2020-21 सत्र में आइएसएल की टीम मोहन बागान में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी। लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मालिक शाश्वत गोयनका ने कहा, यह (मोहन बागान) कोई संस्था नहीं है, यह वास्तव में एक भावना है। इसकी विरासत कोलकाता शहर का प्रतिनिधित्व करती है।

## एलएसजी ने शेडगे को 20 लाख में खरीदा

**लखनऊ।** कंधे की चोट के कारण आइपीएल से बाहर हुये जयदेव उनादकट के स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया है। एलएसजी ने यह जानकारी साझा की। गुरुवार को टाटा आइपीएल 2023 के शेष मैचों के लिए चोटिल जयदेव उनादकट की जगह सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उनादकट को ट्रेनिंग के दौरान कंधे में चोट लग गई थी।

# झारखंड के प्रवीण कुमार को अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में मिली जगह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय ग्रैपलिंग कमेटी ने अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड का गठन किया है। इस बोर्ड में सात सदस्यों को शामिल किया गया है, जो ग्रैपलिंग खेल और इससे जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ खेल के विकास को लेकर सलाह देंगे। इस बोर्ड में झारखंड के प्रवीण कुमार को भी जगह मिली है। इसके अलावा बोर्ड में हरियाणा के प्रवीण शर्मा, उत्तर प्रदेश के संजय राय, चंडीगढ़ के मनोज टूल, असम के हजारिका, महाराष्ट्र के प्रशांत नवगिरे और छत्तीसगढ़ के उमेश साहू को जगह मिली है। बता दें कि अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में प्राथमिक तौर पर इसमें 7 सदस्य होते हैं। लेकिन आवश्यकता पड़ने पर और बेहतर ढंग से कार्यों का निष्पादित करने के लिए बोर्ड सदस्यों की एक कोर कमेटी भी काम करती है। यह कोर कमेटी योजनाबद्ध तरीके से लिखित रूप में अध्यक्ष या सचिव को सुझाव देते हैं। ये बोर्ड किसी भी राज्य समिति या उसके मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। ये केवल राज्यों के लिए योजना बनायेंगे और अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंटों और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन के लिए हर माह दूसरे शनिवार को एक बैठक कर समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

## ग्रीष्मकालीन मलखंब प्रशिक्षण शिविर आज से 29 मई तक

**रांची।** जिला मलखंब संघ के तत्वाधान में दस दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुक्रवार से शुरू हो रहा है। यह आयोजन 29 मई तक होगी। इस शिविर का उदघाटन शुक्रवार को झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा एवं विशिष्ट अतिथि बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सचिव सजल बनर्जी संयुक्त रूप से कर करेंगे। इस शिविर में किसी भी कोटि के विधालय-महाविद्यालयध्क्लब आयु वर्ग के बालक- बालिका भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन सुबह 6. 30 बजे से सुबह 8 बजे तक चलेगा। प्रशिक्षण में सभी खेल के वरीय खिलाड़ी अनुशिखा कुमारी एवं मुख्य प्रशिक्षक अजय झा के द्वारा कौशल सिखाया जायेगा। इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर अच्छे प्रतिभागियों का रांची जिला की टीम के लिये चयन भी किया जायेगा।

## आइपीएल टिकटों की काला बाजारी का मामला अदालत पहुंचा

**चेन्नई।** चेन्नई के एक वकील ने बुधवार को आइपीएल टिकटों की बिक्री में अनियमितताओं को लेकर इंडियन प्रीमियर लीग की टीम चेन्नई सुपर किंग्स, बीसीसीआइ और तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सुपर किंग्स के घरेलू मैचों के टिकटों की काला बाजारी से जुड़े विवादों के बाद मामला चेन्नई शहर की सिविल कोर्ट के समक्ष रखा गया। अधिवक्ता अशोक चक्रवर्ती ने फेसबुक पर लिखा, मैंने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चल रहे मौजूदा आइपीएल टूनार्मेंट में टिकटों की बिक्री में अनियमितताओं से बढ़ने वाली काला बाजारी और संदिग्ध ऑनलाइन टिकट बिक्री को लेकर चेन्नई सुपर किंग्स, बीसीसीआई और टीएनसीए पर मामला दर्ज किया है।

# उलटफेर कर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने जावकर, कौर

**एजेंसी**

**शांघाई।** युवा भारतीय तीरंदाज प्रथमेश जावकार और अवनीत कौर ने गुरुवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-2 में कोरियाई प्रतिद्वंदियों को हराकर कंपाउंड सेमीफाइनल में जगह बना ली। जावकर ने एकल कंपाउंड क्वार्टरफाइनल में कोरिया के आठवीं सीड चोई योंगी को 149-148 से हराया और सेमीफाइनल में उनका सामना एस्टोनिया के रोबिन जातमा से होगा। दूसरी ओर, 18 वर्षीय अवनीत ने प्री-क्वार्टरफाइनल में कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त ओप यूहयुन को रोमांचक मुकाबले में 142-142 (10*-10) से मात दी। क्वार्टरफाइनल में अवनीत ने मेक्सिको की डैफ्नी क्विंटेरो को 147-144 से हराया। सेमीफाइनल में अवनीत का सामना इंग्लैंड की एला गिब्सन से होगा। प्रथमेश और अवनीत अब अपने पहले एकल विश्व कप पदक से एक कदम दूर हैं। इससे पूर्व, भारतीय तीरंदाज चित-परिचित अंदाज में यहां विश्व कप स्टेज-1 में पुरुषों की



रिकर्व टीम स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में दिग्गज कोरिया से हार गये। धीरज बोम्मादेवरा, अतानु दास और नीरज चौहान की भारतीय तिकड़ी को ली वू सेओक, किम जे देओक और किम वूजिन की की शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरियाई टीम के हाथों 0-6 (54-55, 56-57, 54-59) की एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने चीनी ताइपे पर 5-3 (57-57, 56-58, 57-56, 58-51) की जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। टीम क्वालीफिकेशन में चौथी



वरीयता प्राप्त सिमरनजीत कौर, अवनीत कौर और अंकिता भकत की महिला तिकड़ी ने पहले दौर में खराब प्रदर्शन किया और एकतरफा मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली इंडोनेशियाई टीम से 1-5 (54-57, 57-57, 50-52) से हारकर बाहर हो गयी। रिकर्व टीम स्पधाओं में भारतीय उम्मीदें अब धीरज बोम्मादेवरा और सिमरनजीत कौर की मिश्रित जोड़ी पर टिकी होंगी। क्वालिफायर में पांचवें स्थान पर रहने के कारण उन्हें रिकर्व मिश्रित टीम ड्रा में दूसरे दौर (प्री-क्वार्टर फाइनल) में बाई मिली है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 2-4 से हारी

**एजेंसी**

**एडीलेड।** भारतीय महिला हॉकी टीम की ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरूआत निराशाजनक रही जब टीम को गुरुवार को यहां मेट स्टेडियम में तीन मैच की श्रृंखला के पहले टेस्ट में मेजबान टीम के खिलाफ 2-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीम गोल करने में नाकाम रही जिसके बाद दुनिया की तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में पदार्पण कर रही ऐसलिंग यूटरी (21वें मिनट) और मैडी फिट्जपैट्रिक (27वें मिनट) के गोल से 2-0 की बढ़त बनाई। मेजबान टीम के लिए तीसरे क्वार्टर में एलिस आर्नोट (32वें मिनट) और कर्टनी शोनेल (35वें मिनट) ने गोल किए।दुनिया की 8वें नंबर की टीम भारत की ओर से संगीता कुमारी (29वें मिनट) और शर्मिला देवी (40वें मिनट) ने गोल दागे। श्रृंखला का दूसरा मैच इसी स्थल पर शनिवार को खेल जाएगा। भारतीय टीम दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलिया ह्यएह्न के खिलाफ भी दो मैच खेलेगी। इस दौरे के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम की हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया ने मैच में आक्रामक शुरूआत की। टीम को शुरूआत में ही



लगातार 2 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दोनों मौकों पर भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने विरोधी टीम के प्रयास को नाकाम किया। भारत को भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन मेहमान टीम भी इनका फायदा नहीं उठा सकी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। ऑस्ट्रेलिया को दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन इस बार भी सविता गोल के आगे अडिग डटी रहीं। ऐसलिंग ने हालांकि 21वें मिनट में मिले क्रॉस पर सविता को छकाकर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद आक्रामक तेवर अपनाए और टीम को भारत के खराब डिफेंस का फायदा मिला। फिट्जपैट्रिक ने छह मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मेजबान टीम को 2-0 से आगे किया। भारत ने हालांकि मध्यांतर से एक मिनट पहले स्कोर 1-2 किया जब संगीता ने निक्की प्रधान के शॉट को गोल में पहुंचाया। तीसरे क्वार्टर में दो मिनट के भीतर ही ऑस्ट्रेलिया ने फिर दो गोल की बढ़त बना ली जब पदार्पण कर रही एलिस ने कप्तान जेन क्लेक्सटन के पास को गोल में पहुंचाया। शोनेल ने इसके बाद रिवर्स हिट से गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया को 4-1 की बढ़त दिलाई। शर्मिला ने पेनल्टी कॉर्नर पर डिफलेक्शन से मिली गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत के हार के अंतर को कम किया।

## पेज 3 का शेष

पेज 3 का शेष

### टाटा ग्रुप के चेयरमैन...

इस साल की शुरुआत में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने एयरबस के साथ एयरबस से 250 विमान खरीदने के लिए एक मल्टी-बिलियन डॉलर का सौदा किया था, जिसमें 210 ए-320 नियो विमान और 40 ए-350 विमान शामिल थे। वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र की नये युग की उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज ने पिछले साल दिसंबर में फ्रान्स के टूलूज में अपने नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया।

### सीएम आज सौंपेंगे...

**लीडर स्कूल संकल्पना को करना है विकसित :** राज्य में शैक्षिक उन्नयन एवं शैक्षणिक विकास को एक न्नयी दिशा देने के लिए प्रत्येक ग्राम एवं पंचायत स्तर पर राज्य सरकार द्वारा लीडर स्कूल की संकल्पना विकसित की गयी है। यह योजना राज्य के मुख्यमंत्री के शैक्षणिक विकास की दूरदर्शिता तथा राज्य को शैक्षणिक सूचकांक पर अग्रणी राज्यों में शामिल करने की महत्वकांक्षा को प्रदर्शित करता है।

### सिद्धारमैया सीएम...

सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने दोनों नेताओं से कहा कि वे साथ बैठें और खड़गे से मिलकर मामले को सुलझाये। इसके बाद खरगे, सिद्धरमैया और शिवकुमार से कहा कि वे वेणुगोपाल एवं सुरजेवाला से मिलें। सूत्रों का कहना है कि शिवकुमार इस भरोसे पर तैयार हुए कि सरकार में वह एकमात्र उप मुख्यमंत्री होंगे तथा अगले एक वर्ष तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने रहेंगे तथा उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा। राज्य में 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को हुए चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल करते हुए 135 सीटें अपने नाम कीं, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा नीत जनता दल (सेक्युलर) ने क्रमशः 66 और 19 सीटें जीतीं।

### हाइकोर्ट ने नक्शा स्वीकृति...

**कोर्ट ने लिया था स्वतः संज्ञान :** दरअसल अखबार में नक्शा स्वीकृति के नाम पर अतिरिक्त पैसे की वसूली से जुड़ी खबर पर हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि झारखंड के नगर निकाय क्षेत्रों में नक्शा स्वीकृति के लिए अधिकतम 8 रुपए प्रति वर्गफीट के हिसाब से शुल्क लगता है। लेकिन बिना चढ़ावा के नक्शा पास ही नहीं होता। इसके लिए लोगों को प्रति वर्ग फीट 25 से 30 रुपए अतिरिक्त देने पड़ते हैं। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने 2 दिसंबर 2022 को नक्शा पास करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। इसकी वजह से लोगों को घर बनाने में मुश्किल हो रहा था। बिना नक्शा पास हुए बैंक लोन भी नहीं मिल पा रहा था। इसी वजह से सभी नगर निकाय क्षेत्रों में अवैध भवनों को नियमित करने की नियमावली की अधर में लटक गयी थी।

### 30 तक न्यायिक हिरासत में...

पूछताछ पुलिस रिमांड में लेकर की जायेगी। पेशी के दौरान एटीएस के वकील वेद प्रकाश ने 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन कोर्ट में दिया है। इस आवेदन पर सुनवाई की तारीख 19 मई निर्धारित की गई है। **आरोप क्या-क्या है :** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग पर रंगदारी व लेवी से पैसे जुटाने और उससे हथियार खरीदकर आतंक कायम करने के लिए गोली-बारी व आगजनी कर व्यवसायियों-ठेकेदारों में खौफ कायम करने का आरोप है। अमन श्रीवास्तव गुर्गों-सहयोगियों के माध्यम से दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी व आगजनी की घटना को अंजाम दिलाता था। रंगदारी के रूप में मिलने वाली राशि हवाला के माध्यम से रिश्तेदारों तक पहुंचता था। एटीएस को अनुसंधान के दौरान इस गिरोह के फंडिंग, आर्थिक स्रोत व हवाला चैनल का भी पता चला है। अमन श्रीवास्तव रांची के अलावा रामगढ़, चतरा, लातेहार, लोहरदगा और हजारीबाग पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।

### दो ही विकल्प...

वीडियो में इमरान ने कहा कि उन्हें डरावने सपने आ रहे हैं और देश तबाही की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने सत्ता में बैठी ताकतों से अपील की कि चुनाव हो जाने दें और देश को बचायें। इस पूरे हंगामे और राजनीतिक अस्थिरता का एक ही उपाय है कि चुनाव कराये जायें। इमरान ने कहा कि पीडीएम (पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट) नेता और लंदन में रह रहे नवाज शरीफ को संविधान के अपमान, सरकारी संस्थानों के तबाह होने और पाकिस्तानी सेना की बदनामी से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह सिर्फ अपना फायदा देख रहे हैं और लूटी गयी दौलत को बचाने में जुटे हैं। **इमरान का साथ छोड़ने लगे नेता :** सरकार और सेना से मोर्चा खोल चुके इमरान खान का साथ अब उनकी ही पार्टी के नेता छोड़ने लगे हैं। 9 मई को हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद हालात बदल रहे हैं। अब इमरान के करीबी ही उनसे किनारा करने लगे हैं। सेना ने पिछले दिनों पीटीआइ नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू किया है। इसमें से इमरान के बेहद करीबी कहे जाने वाले फवाद चौधरी जेल से बाहर आ गये, किंतु पूर्व रक्षा मंत्री शीरीन माजरी अभी जेल में हैं। जेल से बाहर आने के बाद फवाद चौधरी के बयानों को इमरान से दूरी वाला माना जा रहा है। चर्चा है कि फवाद के अलावा शाह महमूद कुरैशी भी इमरान का साथ छोड़ सकते हैं।

# स्वदेशी तकनीक से आगे बढ़ रहा भारत : मोदी

## पीएम ने ओडिशा में 8200 करोड़ की कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पहले के मुकाबले आज न्यू इंडिया तकनीक का निर्माण स्वदेशी रूप से कर रहा है और उसे देश के कोने-कोने में पहुंचा रहा है। वंदे भारत ट्रेन भी भारत ने अपने बलबूते पर बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा में 8,200 करोड़ रुपये की कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। परियोजनाओं में पुरी और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाना, पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखना, ओडिशा में रेल नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण, संबलपुर-टिटलागढ़ रेल लाइन का दोहरीकरण, अंगुल-सुकिंदा के बीच नयी ब्रॉड गेज रेल लाइन, मनोहरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा-जमगा को जोड़ने वाली तीसरी लाइन और बिछुपाली-झरतरभा के बीच नयी ब्रॉड-गेज लाइन शामिल है।

इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में भारत ने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने विकास की गति को बनाये रखा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण है कि इस विकास में हर राज्य की भागीदारी है और देश हर राज्य को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कोविड जैसी महामारी की स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर दुनिया को चौंका दिया था। उन्होंने कहा कि इन सब प्रयासों में समान बात यह है कि सारी सुविधाएं किसी एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सबके पास तेजी से पहुंचीं। हमारी 'वंदे भारत' ट्रेनें भी अब उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक देश के हर किनारे को स्पर्श करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लोगों को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उपहार मिल रहा है, जो आधुनिक और आकांक्षी भारत का प्रतीक है। 'वंदे भारत ट्रेन आधुनिक भारत और आकांक्षी भारतीय दोनों का प्रतीक बन रही है। आज जब वंदे भारत एक स्थान से दूसर स्थान पर यात्रा करते हुए गुजरती है, तो उसमें भारत की गति और प्रगति दिखायी देती है। यह गति अब ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों में देखी जा सकती है। आजादी के अमृत काल के दौर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि अगर देश पूरी तरह एकजुट रहे तो देश की सामूहिक क्षमताएं शिखर पर पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ऐसे ही विश्वास का प्रतिबिंब है, जहां यह 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाते हुए देश के विकास का इंजन बन रही है।

### संग्रहालय भविष्य के प्रति कर्तव्य की भावना जगाता है : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 का उद्घाटन करते हुए कहा कि संग्रहालय अतीत से प्रेरणा देता है और भविष्य के प्रति कर्तव्य की भावना जगाता है। आजादी के इस अमृत काल में उन्होंने 'पंच प्रण' या पांच संकल्पों को याद करते हुए 'अपनी विरासत पर गर्व करने' पर जोर दिया। पीएम मोदी ने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में विकसित किये जाने वाले राष्ट्रीय संग्रहालय के वर्चुअल ब्लूप्रिंट को भी जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने सिंधु-सरस्वती सभ्यता की कांस्य नृत्यांगना से प्रेरित चन्नापटना शैली में पांच ऊंची खिलौने वाले आधिकारिक शुभंकर (मस्कट) का भी अनावरण किया। 47वें अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की थीम 'सस्टेनेबिलिटी एंड वेलबीइंग' दुनिया की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालती है और इस आयोजन को अधिक प्रासंगिक बनाती है। उन्होंने कहा कि सरकार हर राज्य और समाज के वर्ग की विरासत के साथ-साथ स्थानीय और ग्रामीण संग्रहालयों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चला रही है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के योगदान को अमर बनाने के लिए दस विशेष संग्रहालयों का विकास किया जा रहा है, जो जनजातीय विविधता की एक झलक प्रदान करने के लिए दुनिया की सबसे अनूठी पहल में से एक होगी।

## स्पीड न्यूज

### पीएम मोदी 28 को नवनिर्मित संसद भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई, 2023 को नवनिर्मित संसद भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह जानकारी समाचार एजेंसी एएनआइ ने दी है। इसके अनुसार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें नये संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। लोकसभा सचिवालय के अनुसार नये संसद भवन का निर्माण अब पूरा हो गया है और नया भवन आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक है।

### नशे की लत से दूर रहें युवा : अनुराग

**शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं को नशे की लत के खतरों के प्रति आगाह किया है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे नशे की लत से दूर रहें और दूसरे साथियों को भी इस घातक लत से बचने के लिए प्रेरित करें। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शिमला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में हमीर संगम महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों से कहा कि लोगों को नशा मुक्त करने का काम मैं आपको दे रहा हूं। मैंने युवाओं को इस नशे का शिकार होते देखा है। अनुराग ने कहा कि न जाने ऐसे कितने युवा नशे में अपनी जान खो रहे हैं। कई बार युवाओं को जीवन में परेशानी लगती है, लेकिन लड़ने वालों के कदमों में ही जहां होता है।

### पुंछ में दस किलो आइइडी व हथियार बरामद

**पुंछ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर इलाके में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर उसे ध्वस्त किया। यहां से सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में आइइडी और हथियार बरामद हुए। बम निरोधक दस्ते ने विस्फोटक को समय रहते नष्ट कर दिया।

### एडब्ल्यूएस भारत में करेगी 12.7 अरब डॉलर का निवेश

**मुंबई/नयी दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) भारत में क्लाउड संबंधित बुनियादी ढांचा पर 2030 तक 12.7 अरब डॉलर (1,05 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेगी। कंपनी यह निवेश क्लाउड सेवाओं में ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कर रही है। अमेजन की क्लाउड कंप्यूटिंग इकाई ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि 2030 तक वह 12.7 अरब डॉलर (1,05 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेगी।

## वाणिज्य की खबरें

### मुनाफावसूली के चक्कर में गिरा शेयर बाजार

**नयी दिल्ली।** मजबूत ग्लोबल संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार वीकली एक्सपायरी के दिन गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई, लेकिन मुनाफावसूली के दबाव की वजह से बाजार में दिनभर बिकवाली होती रही। इस वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ और निफ्टी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज बाजार में आयी गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों को करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद बीएसइ सेंसेक्स 128.90 अंक की कमजोरी के साथ 61,431.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 51.80 अंक की कमजोरी के साथ 18,129.95 अंक पर बंद हुआ।

### जाति जनगणना पर पटना हाइकोर्ट के अंतरिम रोक को सुप्रीम कोर्ट ने यथावत रखा

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जाति आधारित सर्वे पर पटना हाइकोर्ट के अंतरिम रोक के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि पटना हाइकोर्ट 3 जुलाई को सुनवाई करने वाली है, इसलिए अभी इस याचिका पर सुनवाई का कोई मतलब नहीं है। कोर्ट ने बिहार सरकार से कहा कि अगर हाइकोर्ट सुनवाई नहीं करती है, तो सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। 17 मई को जस्टिस संजय करोल ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि वह इस रोक को हटाये या हाइकोर्ट को जल्द सुनवाई का निर्देश दे। पटना हाइकोर्ट ने 4 मई को सर्वे को प्रथम दृष्टया असंवैधानिक मानते हुए अंतरिम रोक लगायी है।

### हैंडबैग के साथ महाकाल के गर्भगृह में दिखीं गोविंदा की पत्नी, सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना



बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इस समय एक अलग वजह से सुर्खियों में हैं। हाल ही में सुनीता ने उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शन किये थे। एक वीडियो में महाकाल मंदिर के गर्भगृह में दर्शन के दौरान सुनीता के हाथ में एक हैंडबैग को लेकर उनकी आलोचना हो रही है। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गये हैं। दरअसल, सुनीता आहूजा हाल ही में महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए गयी थीं। दर्शन करने की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की गयी थीं। इनमें से एक फोटो में सुनीता अपना पर्स लिये नजर आ रही हैं। इसी वजह से विवाद छिड़ गया है। लोगों का कहना है कि सुनीता ने मंदिर प्रशासन के नियमों को तोड़ा है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना हो रही है। महाकाल मंदिर के अंदर थैला या अन्य सामान ले जाना प्रतिबंधित है। लेकिन, मंदिर समिति के किसी भी सदस्य ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे मंदिर की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। सुनीता आहूजा की फोटो वायरल होने के बाद वीआइपी ट्रीटमेंट को लेकर मंदिर प्रशासन की भी आलोचना हो रही है। इस बीच, इस पूरे मामले में मंदिर प्रशासन द्वारा सीसीटीवी फुटेज की जांच की जायेगी।

### इस साल कहीं कम तो कहीं ज्यादा हो सकती है बारिश

**नयी दिल्ली।** मौसम पूर्वानुमान एजेंसी साऊथ एशियन सीजनल क्लाइमेट आऊटलुक फोरम (एसएएससीओएफ) का कहना है कि भारत की 18.6 प्रतिशत आबादी को इस साल मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश और 12.7 प्रतिशत आबादी को सामान्य से अधिक बारिश का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर में सामान्य से कम बारिश होने की 52 प्रतिशत संभावना है। देश के मध्य भागों में सामान्य से कम वर्षा की 40 प्रतिशत संभावना है। एसएएससीओएफ ने कहा कि भारत के दक्षिणी और पूर्वी भागों में सामान्य से अधिक बारिश होने का 50 प्रतिशत अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पिछले महीने कहा था कि अल नीनो की स्थिति के बावजूद मानसून के मौसम में सामान्य बारिश होने का अनुमान है।

## मुंबई आतंकी हमलों का आरोपी तहव्वुर राणा अमेरिका से लाया जायेगा भारत



**वाशिंगटन (हि.स.)।** मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमलों के एक आरोपित तहव्वुर राणा को अमेरिका से जल्द ही भारत लाया जायेगा। एक अमेरिकी अदालत ने पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में 26 नवंबर 2008 को ताबड़तोड़ आतंकी हमले किये गये थे। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने गोलीबारी व बम धमाके किये थे, जिनमें छह अमेरिकी नागरिकों सहित 166 लोग मारे गये थे। इन हमलों में तीन सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। हमलों के लिए पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा को भी जिम्मेदार माना गया था।

तहव्वुर अमेरिका में था, जहां 10 जून 2020 को भारत ने शिकायत दर्ज कराते हुए उसकी गिरफ्तारी और भारत प्रत्यर्पण की मांग की थी। भारतीय अधिकारियों ने तहव्वुर राणा के मुंबई आतंकी हमले में शामिल होने की बात कही थी। इन आरोपों के आधार पर मांग की गयी कि तहव्वुर राणा को भारत भेजा जाये। राणा के भारत प्रत्यर्पण के अनुरोध को जो बाइडन प्रशासन से समर्थन और मंजूरी मिली थी। कैलिफोर्निया की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैकलिन चूलजियान ने राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी देते हुए 48 पन्नों का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि अदालत ने प्रत्यर्पण अनुरोध के समर्थन और विरोध से जुड़े सभी दस्तावेजों की समीक्षा की है और उन पर विचार किया है। इस तरह की समीक्षा और विचार के आधार पर और अदालत में चर्चा किये गये कारणों के निष्कर्ष पर राणा की प्रत्यर्पण योग्यता को प्रमाणित किया जाता है, जो अनुरोध का विषय है। अदालत की कार्यवाही के दौरान अमेरिकी सरकार के वकीलों ने तर्क दिया कि राणा को पता था कि उसके बचपन का दोस्त डेविड कोलमैन हेडली, लश्कर-ए-तैयबा के साथ काम कर रहा है। तहव्वुर राणा ने उसे उसकी गतिविधियों के लिए कवर प्रदान किया, जो आतंकी की मदद करना है।

## रूस के क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एंड्रीव ने अपनाया हिंदू धर्म



**वाराणसी (हि.स.)।** भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में आस्था रखने वाले रूस के नागरिक और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एंटोन एंड्रीव ने गुरुवार को तंत्र दीक्षा लेने के बाद हिंदू धर्म को अपना लिया। हिंदू धर्म में एंटोन एंड्रीव का नाम अब अनंतानंद नाथ हो गया है।

शिवाला स्थित वाग्योग चेतना पीठम में धार्मिक अनुष्ठान के बीच पं. आशापति शास्त्री के आचार्यत्व में पं. सत्यम शास्त्री और पं. विनीत शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एंटोन एंड्रीव को तंत्र दीक्षा दी। दीक्षा की प्रक्रिया पूरी होने और सनातन धर्म स्वीकार करने के बाद अनंतानंद नाथ (एंटोन) ने पत्रकारों को बताया कि रूस-यूक्रेन के युद्ध से काफी व्यथित है। अपने देश में शांति के लिए मां तारा से प्रार्थना करेंगे। उन्होंने बताया कि वे परमात्मा की शरण में जाने के लिए दीक्षा ली है।

गुरु पं. आशापति के सानिध्य में कुंडलिनी साधना की संपूर्ण 10 कक्षाएं पूर्ण कीं। उन्होंने बताया कि रूस में उन्हें बनारस के वागीश शास्त्री के बारे में पता चला और कुंडलिनी जागृत करने की इच्छा हुई। कुछ कक्षाएं भी लीं, लेकिन पूरा नहीं कर पाये। कई व्यवधान के बाद वर्ष 2022 में गुरु वागीश शास्त्री का निधन हो गया था। 10 दिनों के ध्यान के दौरान मुझे जो अनुभूति हुई है, उसको शब्दों में बयां नहीं कर सकते। सनातन धर्म और काशी की मिट्टी की शक्ति है, जिसने मेरी दीक्षा को पूर्ण किया। हिंदू रीति-रिवाज से नामकरण के साथ ही एंटोन का गोत्र भी कश्यप कर दिया गया है।







